RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 86
नई दिल्ली, मंगलवार, 1 फरवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



बल्लेबाज के रूप में योगदान देना चाहते हैं कोहली
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# अर्थव्यवस्था पकड़ेगी रफ्तार 8 से 8.5% रहेगी वृद्धि दर

- वित्त मंत्री ने संसद में पेश आर्थिक समीक्षा में लगाया अनुमान
- आर्थिक गतिविधियां महामारी-पूर्व स्तर पर लौटीं

**भाषा।** नई दिल्ली



बजट पेश करने से एक दिन पूर्व फोटो खिंचाती वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**भारतीय** अर्थव्यवस्था अगले वित्त वर्ष (2022-23) में 8-8.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा सोमवार को संसद में पेश 2021-22 की आर्थिक समीक्षा में यह अनुमान लगाया गया है। समीक्षा के मुताबिक, 2022-23 का वृद्धि अनुमान इस धारणा पर आधारित हैं कि आगे कोई महामारी संबंधी आर्थिक व्यवधान नहीं आएगा, मानसून सामान्य रहेगा, कच्चे तेल की कीमतें 70-75 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में रहेंगी और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के व्यवधान इस दौरान लगातार कम होंगे।

समीक्षा में कहा गया कि तेजी से हुए टीकाकरण, आपूर्ति-पक्ष के सुधारों तथा नियमनों को आसान बनाने के साथ ही अर्थव्यवस्था भविष्य की चुनौतियों से निपटने को अच्छी तरह तैयार है। आर्थिक समीक्षा में उम्मीद जाहिर की गई है कि अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष के दौरान 9.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जो महामारी से पहले के स्तर के मुकाबले सुधार का संकेत है। इसका मतलब है कि वास्तविक आर्थिक उत्पादन का स्तर 2019-20 के कोविड-पूर्व स्तर को पार कर जाएगा। वित्त वर्ष 2020-21 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.3 प्रतिशत की गिरावट आई थी। प्रधान आर्थिक सलाहकार संजीव सान्याल के नेतृत्व वाले एक दल द्वारा तैयार इस दस्तावेज में आगे कहा गया कि 2020-21 में अर्थव्यवस्था को दिए गए वित्तीय समर्थन के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं के कारण राजकोषीय घाटा और सरकारी ऋण बढ़ गया। हालांकि, 2021-22 में अब तक सरकारी राजस्व में जोरदार उछाल देखने को मिला है। समीक्षा के अनुसार, सरकार के पास समर्थन बनाए रखने और जरूरत पड़ने पर पूंजीगत व्यय बढ़ाने की वित्तीय क्षमता है। (शेष पेज 9)

## बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 3.8 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** आठ बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में दिसंबर, 2021 में 3.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे पिछले साल के समान महीने में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 0.4 प्रतिशत घटा था। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, कच्चे तेल और इस्पात को छोड़कर अन्य सभी क्षेत्रों के उत्पादन में समीक्षाधीन महीने में बढ़ोतरी हुई है। नवंबर, 2021 में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 3.4 प्रतिशत बढ़ा था। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह अप्रैल-दिसंबर में आठ बुनियादी उद्योगों...कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली का उत्पादन 12.6 प्रतिशत बढ़ा है। (शेष पेज 9)

## सड़कों और हाइवे निर्माण ने पकड़ी गति

**नई दिल्ली।** आर्थिक समीक्षा 2021-22 में सोमवार को कहा गया कि वित्त वर्ष 2013-14 से राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में लगातार बढ़ोतरी हुई है, और 2020-21 में 13,327 किमी. सड़क का निर्माण हुआ, जबकि 2019-20 में यह आंकड़ा 10,237 किमी. था। समीक्षा में कहा गया कि बुनियादी ढांचा किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए रीढ़ की हड्डी है। वित्त वर्ष 2021-22 में सितंबर तक 3,824 किमी. लंबी सड़कों का निर्माण किया जा चुका था। समीक्षा में कहा गया, 2013-14 के बाद राष्ट्रीय राजमार्गों/सड़कों के निर्माण में लगातार बढ़ोतरी हुई है, और 2020-21 में 13,327 किमी. सड़क का निर्माण हुआ, जबकि 2019-20 में यह आंकड़ा 10,237 किलोमीटर था, जो 30.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

# महिला सशक्तीकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: राष्ट्रपति

- बजट सत्र के पहले दिन अभिभाषण में बोले कोविंद, तीन तलाक खत्म कर समाज को कुरीति से मुक्त करने की शुरुआत की गई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने सोमवार को देश के विकास की लंबी यात्रा में सामूहिक उपलब्धियों के रूप में कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ भारत की लड़ाई, कृषि उत्पादों की रेकॉर्ड खरीद, महिला सशक्तिकरण के दिशा में प्रयासों और आंतरिक सुरक्षा में सुधार जैसे अनेक कदम गिनाए। महिला सशक्तिकरण को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक बताते हुए राष्ट्रपति कोविंद ने विशेष रूप से ट्रिपल तालक को खत्म करने का जिक्र किया। संसद के बजट सत्र के पहले दिन सरकार की ओर से संसद के संयुक्त सत्र में भाषण देते हुए राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि सरकार ने तीन तलाक को कानूनन अपराध घोषित कर समाज को इस कुप्रथा से मुक्त करने की शुरुआत की है। मुस्लिम महिलाओं पर केवल मेहरम के साथ ही हज यात्रा करने जैसे प्रतिबंधों को भी हटाया गया है। राष्ट्रपति ने सांसदों के मेजे थपथपाने के दौरान कहा कि महिला सशक्तिकरण मेरी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संसद के केंद्रीय कक्ष में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कोविंद ने विश्वास व्यक्त किया कि नए भारत के निर्माण में आत्मनिर्भरता के अभियान के साथ आर्थिक सुधारों से उच्च आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में भारत को 48 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है। यह देश में निवेशकों के भरोसे का सबूत है।

अगले महीने विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में सरकार की पहल का उल्लेख करते हुए गोवा में मुक्ति संग्राम के योद्धाओं के स्मारक के उद्घाटन, उत्तराखंड के जोलिंग कोंग जैसे दूरस्थ गांव को आधुनिक सड़क से जोड़ने, उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर में देश के सबसे बड़े हवाई अड्डे के निर्माण से लेकर संघर्षग्रस्त अफगानिस्तान से पवित्र गुरू ग्रंथ साहिब के दो स्वरूपों को सुरक्षित भारत लाए जाने जैसे कदमों को रेखांकित किया। अपने करीब 50 मिनट के अभिभाषण में राष्ट्रपति ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान भारत की स्थिति और इससे निपटने में सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि हमने एक साल से कम समय में कोविड रोधी टीकों की 150 करोड़ से भी ज्यादा खुराक लगाने का रिकॉर्ड पार किया। आज हम पूरी दुनिया में कोविड टीकों की सबसे ज्यादा खुराक देने वाले अग्रणी देशों में से एक हैं। कोविंद ने कहा कि भारत में बन रहे टीके पूरी दुनिया को महामारी से मुक्त कराने और करोड़ों लोगों का जीवन बचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। रक्षा क्षेत्र की चर्चा करते राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हमारी सेनाओं की जरूरत का सामान भारत में ही विकसित हो तथा भारत में ही निर्मित हो। तेजी से विकसित हो रही ड्रोन प्रौद्योगिकी और इससे जुड़ी संभावनाओं को लेकर भी सरकार सजग और सक्रिय है। कोविंद ने कहा कि 2020-21 में सैन्य बलों के आधुनिकीकरण के लिए जो भी स्वीकृतियां प्रदान की गईं, उनमें 87 प्रतिशत उत्पादों में मेक इन इंडिया को प्राथमिकता दी गई। इसी प्रकार 2020-21 में 98 प्रतिशत उपकरणों से जुड़े अनुबंधों में मेक इन इंडिया को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि बेटे-बेटी को समानता का दर्जा देते हुए मेरी सरकार ने महिलाओं के विवाह के लिए न्यूनतम आयु को 18 वर्ष से बढ़ाकर पुरुषों के समान 21 वर्ष करने का विधेयक भी संसद में प्रस्तुत किया है। (शेष पेज 9)

# रैली-रोड शो अभी 11 तक रहेंगे प्रतिबंधित

- चुनाव आयोग ने घर-घर जाकर प्रचार करने वालों की संख्या व जनसभाओं से संबंधित नियमों में दी ढील

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**निर्वाचन** आयोग ने सोमवार को पांच चुनावी राज्यों में रोड शो, पदयात्रा, वाहन रैलियों और जुलूसों पर लगा प्रतिबंध 11 फरवरी तक बढ़ा दिया, लेकिन सभी चरणों के लिए घर-घर जाकर प्रचार करने वालों की संख्या तथा जनसभाओं से संबंधित नियम में ढील प्रादन कर दी। इस छूट के तहत घर-घर जाकर प्रचार करने वाले लोगों की संख्या 10 से बढ़ाकर 20 कर दी गई है और जनसभाओं में अब अधिकतम 1,000 लोग शामिल हो सकते हैं। आयोग ने इनडोर बैठकों में शामिल होने वालों की अधिकतम संख्या भी वर्तमान 300 से बढ़ाकर 500 कर दी। इसने कहा कि एक वर्चुअल समीक्षा बैठक के दौरान सभी राज्यों के मुख्य सचिवों ने आयोग को कोविड-19 की की स्थिति के बारे में सूचित किया, जिसके मामलों में अब कमी आ गई है। उन्होंने यह भी कहा कि संक्रमण दर कम हो रही है और अस्पतालों में भर्ती होने वालों की संख्या में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि हालांकि, राज्य के अधिकारियों ने कहा कि कोविड प्रोटोकॉल सावधानियों को जारी रखने की जरूरत है, ताकि राजनीतिक गतिविधियों के कारण संक्रमण के मामलों में कोई वृद्धि न हो। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव से भी संबंधित स्थिति की जानकारी ली गई। आयोग ने कहा कि चुनावी राज्यों-गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तराखंड तथा उत्तर प्रदेश में कोविड-19 की वर्तमान स्थिति की व्यापक समीक्षा के (शेष पेज 9)

# केंद्र ने मीडियावन समाचार चैनल पर फिर प्रतिबंध लगाया

**कोच्चि (भाषा)।** केंद्र सरकार ने सोमवार को सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए मलयालम न्यूज चैनल मीडियावन के प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया। हालांकि, केरल उच्च न्यायालय ने इस आदेश के क्रियान्वयन पर दो दिन के लिए रोक लगा दी। मीडियावन पर प्रतिबंध के केंद्र के कदम का कई पक्षों ने विरोध किया। विपक्षी दल कांग्रेस ने इस कदम को अलोकतांत्रिक करार दिया। मीडियावन के संपादक प्रमोद रमण ने एक बयान जारी कर कहा, भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए मीडियावन चैनल के प्रसारण पर एक बार फिर पाबंदी लगा दी है। सरकार इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं दे रही है। संपर्क करने पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधिकारियों ने मीडियावन चैनल को प्रतिबंधित किए जाने की पुष्टि की, लेकिन उन्होंने कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी। चैनल ने केंद्र के फैसले को केरल उच्च न्यायालय में चुनौती दी। (शेष पेज 9)

# पेगासस पर अलग से चर्चा नहीं सदन को चलाने पर आम सहमति

- सर्वदलीय बैठक के बाद सरकार ने कहा

**भाषा।** नई दिल्ली



सर्वदलीय बैठक में संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी (मध्य में)

**सरकार** ने सोमवार को कहा कि पेगासस मुद्दे पर अब अलग से चर्चा की जरूरत नहीं है क्योंकि यह मामला विचाराधीन है। संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने वर्चुअल रूप से आयोजित सर्वदलीय बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि यदि विपक्षी दल चाहे तो राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए कोई भी मुद्दा उठा सकते हैं। जोशी ने कहा कि बैठक में 25 दलों के सदन के नेताओं ने भाग लिया जिसमें सरकार का प्रतिनिधित्व रक्षा मंत्री और लोकसभा के उप नेता राजनाथ सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि सिंह ने बजट सत्र के दौरान सदन के सुचारू संचालन के लिए सभी दलों से सहयोग मांगा। जोशी ने कहा कि जहां तक पेगासस मुद्दे का संबंध है तो अब अलग से चर्चा की कोई आवश्यकता नहीं है, लेकिन विपक्ष के नेता राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते समय कोई भी मुद्दा उठाने के लिए स्वतंत्र हैं। उपस्थित सभी दलों के नेताओं की राय सुनने के बाद बैठक को संबोधित करते हुए सिंह ने स्वस्थ चर्चा के लिए उनका आभार व्यक्त किया। संसदीय कार्य मंत्रालय के एक बयान में सिंह के हवाले से कहा गया, उन्होंने कहा कि इस बात पर आम सहमति है कि सदन बाधित नहीं होना चाहिए। नेताओं द्वारा उठाए गए मुद्दों पर सिंह ने कहा कि वे उन मुद्दों की पहचान कर सकते हैं जिन पर वे चर्चा करना चाहते हैं। संसद का बजट सत्र सोमवार को शुरू हुआ और इसके अप्रैल तक चलने का कार्यक्रम है जिसमें 12 फरवरी से 13 मार्च तक अवकाश रहेगा। सत्र से पहले, न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारत ने 2017 में इजराइल के साथ दो अरब डॉलर के रक्षा सौदे के हिस्से के रूप में पेगासस स्पाईवेयर खरीदा था, जिसके बाद पेगासस का मुद्दा फिर से उठ गया।

# ममता ने ट्विटर पर राज्यपाल धनखड़ को किया ब्लॉक

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता



**एक बार** फिर बंगाल की मुख्यमंत्री और राज्यपाल के संबधों में तनातनी बढ़ गई है। ताजा मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्यपाल जगदीप धनखड़ को अपने ट्वीटर अकाउंट से ब्लॉक कर दिया था। इस दौरान ममता बनर्जी ने गर्वनर धनखड़ पर गंभीर आरोप भी लगाए। मुख्यमंत्री ने यह कदम उस समय उठाया गया है जब एक दिन पहले ही राज्य के गर्वनर ने कहा था कि बंगाल लोकतंत्र का गैस चैंबर बन चुका है। सोमवार को ममता बनर्जी ने कहा कि वह माफी के साथ कहना चाहती हैं कि राज्यपाल अपने ट्वीटर एकाउंट के जरिए लगातार उन्हें और उनके ऑफिस के लोगों को प्रताड़ित कर रहे हैं। राज्यपाल के कार्यकलाप असंवैधानिक और अनैतिक हैं। वह सलाह नहीं देते बल्कि चुनी हुई राज्य सरकार को बंधुआ मजदूर समझते हैं। इसलिए वह अपने ट्वीटर एकाउंट से राज्यपाल को ब्लॉक रह रही हैं। राज्यपाल भवन पर राज्य सरकार की जासूसी कराने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में वह प्रधानमंत्री को चार बार पत्र लिख चुकी है लेकिन अभी तक पीएम हाउस कुछ सुन नहीं रहा है। साथ ही बनर्जी ने कहा कि धनखड़ ने कई बार मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को धमकाया है। इसके साथ ही राज्यपाल भवन नीतिगत विषयों से जुड़ी फाइलों को मुख्यमंत्री ऑफिस भेज नहीं रहा है। ममता ने कहा कि पिछले साल से राज्यपाल द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। राज्य की नीतिगत फाइलों को बार-बार लंबित किया जा रहा है।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,014 | ↑ 814 | |
| निफ्टी | 17,340 | ↑ 238 | |
| सोना | 47,507 | ↓ 5 | /10g |
| चांदी | 60,914 | ↓ 27 | /kg |

## क्विक न्यूज

### भारत में कोरोना के दो लाख से अधिक मामले, 959 की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में 2,09,918 लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद अब तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या 4.13 करोड़ से अधिक हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सोमवार को अद्यतन किए गए आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आकंड़ों के मुताबिक, 24 घंटे के दौरान 959 संक्रमितों की मौत के बाद मृतकों की कुल संख्या 4,95,050 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि देश मे उपचाराधीन रोगियों की संख्या में 53,669 की कमी आई है और अब इनकी तादाद 18,31,268 हो गई है, जो संक्रमितो की कुल संख्या का 4.43 प्रतिशत है। संक्रमण से ठीक होने की दर 94.37 प्रतिशत हो गई है।

# अखिलेश ने भरा पर्चा, कहा-अगली सदी का इतिहास लिखेगा यह चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



करहल में अपना नामांकन पत्र दाखिल करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव

**समाजवादी** पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए मैनपुरी जिले की करहल विधानसभा सीट से नामांकन दाखिल करने से पहले कहा कि ये नॉमिनेशन (नामांकन) एक मिशन है क्योंकि ये चुनाव प्रदेश और देश की अगली सदी का इतिहास लिखेगा। सोमवार को समाजवादी विजय रथ से मैनपुरी रवाना होने की तस्वीर के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने ट्वीट किया, ये नॉमिनेशन एक मिशन है क्योंकि यूपी का ये चुनाव प्रदेश और देश की अगली सदी का इतिहास लिखेगा। आइए प्रोग्रेसिव सोच के साथ सकारात्मक राजनीति के इस आंदोलन में हिस्सा लें।

नकारात्मक राजनीति को हराएं भी, हटाएं भी। जय हिन्द। सपा ने अखिलेश यादव को मैनपुरी जिले की करहल विधानसभा सीट से उम्मीदवार घोषित किया है। करहल विधानसभा क्षेत्र मैनपुरी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा है जिसका प्रतिनिधित्व समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव करते हैं। बाद में समाजवादी विजय रथ में मीडिया से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा, मैं सबसे पहले धन्यवाद देना चाहता हूं मैनपुरी की जनता का और यहां के संगठन के लोगों को, जिन्होंने मौका दिया है कि आज मैं चुनाव के लिए करहल क्षेत्र से नॉमिनेशन करने जा रहा हूं। उन्होंने कहा, ये क्षेत्र बिल्कुल घर के पास का क्षेत्र है, घर है, नेताजी का और समाजवादी पार्टी का यहां से बहुत पुराना रिश्ता रहा है और यहां के लोगों ने समाजवादी पार्टी के साथ खड़े होकर एक सकारात्मक राजनीति को आगे बढ़ाया है, मुझे उम्मीद है कि इस चुनाव में जो नकारात्मक राजनीति करते हैं, उत्तर प्रदेश से उनको जनता हटाएगी।

यादव ने अपनी भावुक अपील में कहा, यह चुनाव जनता पर छोड़ता हूं, क्योंकि मुझे और जगह जाना है, इसलिए मेरी जनता से अपील है कि समाजवादी पार्टी को न केवल करहल से बल्कि हर क्षेत्र में समाजवादी पार्टी को मौका दें, सपा विकास, खुशहाली और तरक्की के रास्ते पर प्रदेश को ले जाएगी।

## 40 करोड़ से अधिक की संपत्ति के मालिक हैं अखिलेश

**मैनपुरी (भाषा)।** मैनपुरी जिले के करहल विधानसभा क्षेत्र से सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करने वाले समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के पास 76,015 रुपए मूल्य का मोबाइल फोन और 5.34 लाख रुपए से अधिक की व्यायाम मशीन है। सपा प्रमुख के पास कोई हथियार नहीं है, जबकि भाजपा से उनके प्रतिद्वंद्वी एस. पी. सिंह बघेल के पास लाइसेंसी राइफल और रिवॉल्वर हैं। दोनों नेताओं के चुनावी हलफनामों के अनुसार, अखिलेश (और उनकी पत्नी डिंपल और बेटी अदिति की) की कुल संपत्ति 40.14 करोड़ रुपए से अधिक है, जबकि बघेल (और उनकी पत्नी मधु और बेटा पार्थ) की 8.75 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है। हलफनामे के अनुसार, डिंपल यादव के पास 1.25 लाख रुपए का कंप्यूटर और 2,774 ग्राम से अधिक वजन के सोने के गहने, 203 ग्राम मोती), 127.75 कैरेट का हीरा है जिसकी कीमत 59,76,687 रुपए है। सपा प्रमुख पति-पत्नी के पास कोई वाहन नहीं है। अखिलेश यादव की कुल चल संपत्ति 8.43 करोड़ रुपए से अधिक है, (शेष पेज 9)

## भाजपा ने सपा प्रमुख के विरुद्ध केंद्रीय मंत्री बघेल को उतारा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली, मैनपुरी

**भारतीय** जनता पार्टी ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ करहल विधानसभा क्षेत्र से उतारने की घोषणा की। बघेल आगरा से सांसद हैं। भाजपा की ओर जारी उम्मीदवारों की सूची के मुताबिक, विवेक शाक्य जसवंतनगर से और मनोज प्रजापति हमीरपुर से पार्टी के प्रत्याशी होंगे। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव जसवंतनगर से चुनाव लड़ रहे हैं। तीन और उम्मीदवारों के नामों के ऐलान के साथ ही भाजपा ने 403 सदस्यीय उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अब तक 297 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। भाजपा उत्तर प्रदेश में अपना दल (एस) और निषाद पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। दूसरी ओर केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर एस. पी. सिंह बघेल ने सोमवार को (शेष पेज 9)

# मौसम विभाग ने कहा फरवरी में ठंड जारी रहने के आसार

**नई दिल्ली (भाषा)।** फरवरी में देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से कम तापमान रहने के आसार हैं, जबकि पंजाब और हरियाणा में समान्य से ज्यादा बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। फरवरी के लिए वर्षा और तापमान के भारत मौसम विज्ञान विभाग के मासिक अनुमान के अनुसार, पंजाब और हरियाणा के ज्यादातर हिस्सों को छोड़कर, जहां सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है, वहीं उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य या सामान्य से कम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने कहा, फरवरी 2022 में पूर्वोत्तर भारत के पूर्वी हिस्से, दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और मध्य भारत के दक्षिणपूर्वी हिस्से को छोड़कर, जहां न्यूनतम तापमान सामान्य या सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं, देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से कम तापमान दर्ज जा सकता है।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 1 फरवरी 2022




सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुप्रिया वर्मा, गौरव कर्ण, ई 39, द्वितीय तल, सुशांत लोक, सेक्टर–37, गुरूग्राम, हरियाणा–122001/खाता नंबर एलबीजीयूआर00004132114 एवं एलबीजीयूआर00004132130 | यूनिट नंबर 102 बी, प्रथम तल, आइरिस टेक पार्क, सेक्टर–48, गुरूग्राम, हरियाणा | 03–11–2021 रू. 81,51,067.84/– एवं रू. 67,94,882.7/– | 31–08–2021 |
| 2. | पी वी उषा, विक्रांत प्रताप सिंह, ओमैक्स एनआरआई सिटी पुटिंग ग्रीन्स, टी 4/502, परी चौक, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश/खाता नंबर एलबीएनओडी00001929865 एवं एलबीएनओडी00002012639 | यूनिट नंबर एसटीआर 8–201, द्वितीय तल, स्टार कोर्ट, जेपी ग्रीन्स, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 03–11–2021 रू. 15,67,818/– एवं रू. 1,19,20,583/– | 12–07–2021 |
| 3. | नरेश कुमार, अंजू सैनी, एच नबंर 637/21, मंडी सैनियान, निकट सैनियान धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश/खाता नंबर एलबीडीईएल00002137392 | फ्लैट नंबर 3 ए–600, भू तल, लग्जूरिया टावर, टावर–6, सेक्टर–I, पाकेट बी, सुशांत गोल्फ सिटी सुल्तानपुर रोड, केएच नंबर 33, 35, 36, 44, 45, 46, 47, 65, 66, 22, 40, आई पाकेट डी लखनऊ उत्तर प्रदेश | 01–11–2021 रू. 74,35,475/– | 04–08–2021 |
| 4. | प्रोजेन एसएएस टेक्नोलॉजीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, संजय रावत, सुशील कौशिक, 8वां तल, 806, पर्ल ओमैक्स टावर, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, दिल्ली / खाता नंबर एलबीडीईएल00005232371 | प्लॉट नंबर 58, प्रथम तल, छत का अधिकार नहीं, वेस्ट शालीमार बाग, दिल्ली | 01–11–2021 रू. 2,07,86,058/– | 31–08–2021 |
| 5. | अमित छाबड़ा, सावित्री छाबड़ा, फ्लैट नंबर 1308, टावर 8, आरपीएस सवाना, सेक्टर–88, खेड़ी कलां, 113, फरीदाबाद, हरियाणा–121002 /खाता नंबर एलबीडीईएल00005161775 | शॉप नंबर बी–7, फ्लोरिडा, सेक्टर–82, फरीदाबाद | 03–11–2021 रू. 23,96,523.99/– | 31–08–2021 |
| 6. | अनीता कुमारी, राजेश कुमार, जे–815, जे ब्लॉक, मंगोल पुरी, दिल्ली /खाता नंबर एलबीडीईएल00002379926 | फ्लैट नंबर 15, तृतीय तल, डीडीए एलआईजी, ब्लॉक सी–18, पाकेट–2, सेक्टर–34, रोहिणी, दिल्ली | 03–11–2021 रू. 10,98,977.2/– | 04–08–2021 |
| 7. | बृज नंदन सिंह, बिट्टो देवी, सी–1124, नंदग्राम, गाजियाबाद /खाता नंबर एलबीडीईएल00000729883 | प्लॉट नंबर डी–172, स्वर्ण जयंती पुरम, गाजियाबाद | 03–11–2021 रू. 2,62,762/– | 06–08–2021 |
| 8. | ईश्वर सिंह, वीना, वीपीओ मोहना, कैथल– 136042, हरियाणा / खाता नंबर एलबीजीयूआर00005164039 | प्लॉट नंबर 33, प्लॉट फ्रेंड्स कालोनी, पुंडरी, खेवट नंबर 1430, जमाबंदी 2015–16, ग्राम पुंडरी, कैथल | 03–11–2021 रू. 21,54,443/– | 04–08–2021 |
| 9. | पुनीत जैन, वीनू जैन, ई–162, प्लॉट 8, पाकेट 4 जलवायु विहार, रामपुर, जागीर सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा, नोएडा /खाता नंबर एलबीएनओडी00002326406 | फ्लैट नंबर 312 ए, तृतीय तल, टावर ए, प्लॉट नंबर जीएच 04, सेक्टर 22, अजनारा पैनोरामा यमुना एक्सप्रेसवे, गौतमबुद्ध नबर, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 03–11–2021 रू. 16,05,944/– | 31–08–2021 |
| 10 | राजेश तनेजा, रिंकी तनेजा, ई–212, शास्त्री नगर, गाजियाबाद / खाता नंबर एलबीजीयूआर00001914868 | ए–37, एफएमसी–035, फेरस मैगापोलीस सिटी, सेक्टर–70, फरीदाबाद, हरियाणा | 03–11–2021 रू. 20,98,272.99/– | 09–08–2021 |
| 11 | रमता चौधरी, कुलदीप राज, 6–ई लाल नगर, निकट पीपीआर मार्किट, जालंधर, पंजाब, पठानकोट 145001 /खाता नंबर एलबीजीयूआर00004483154 | फ्लैट नंबर 170/7, प्रथम तल, ब्लॉक नंबर 17, जारा आवास, सेक्टर–104, गुरूग्राम | 03–11–2021 रू. 15,94,443/– | 09–08–2021 |
| 12 | रवीन्द्र कुमार, सरिता शर्मा, एच नंबर आरजैड 97, सैनिक एन्क्लेव पार्ट 2, निकट एवर ग्रीन बस स्टैंड, झडोदा कलां, नई दिल्ली /खाता नंबर एलबीडीईएल00002385356 | यूनिट नंबर पी एसएफ 08, द्वितीय तल, शॉप्स, कैपिटल हाई स्ट्रीट, भिवाड़ी | 03–11–2021 रू. 10,33,479/– | 04–08–2021 |
| 13 | रेणु चौहान, धर्मेन्द्र सिंह चौहान, फ्लैट नंबर 901, टावर 10, एग्जोटिका ड्रीमविला नोएडा एक्सटेंशन, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश /खाता नंबर एलबीएनओडी00004323004 | फ्लैट नंबर 28228, 28वां तल, टावर एक्सलवुड, प्लॉट नंबर जीएच–04, महागुन माइवुड्स फेज–3, सेक्टर 16 सी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 03–11–2021 रू. 13,92,509/– | 04–08–2021 |
| 14 | रोहित चंदेल, पूनम, एच नंबर 4070, प्रथम तल, सैनिक कालोनी, सेक्टर–49, फरीदाबाद आईपी एक्स–2, फरीदाबाद–121001 /खाता नंबर एलबीएफडीबी00004907261 | फ्लैट नंबर आर–301, हैप्पी होम्स एक्सक्लूसिव टावर आर, तृतीय तल, सेक्टर–86, फरीदाबाद | 03–11–2021 रू. 2,95,418.2/– | 18–08–2021 |
| 15 | रूखसार, जमीरूद्दीन, ए 200, 50/2, एफएफ, फ्लैट नंबर बी 3, देवली एक्स, दिल्ली, देवली, साउथ दिल्ली /खाता नंबर एलबीएफडीबी00004142008 | प्लॉट नंबर 4821, भू तल, सेक्टर–49, आईपी एक्स, फरीदाबाद | 03–11–2021 रू. 25,23,368/– | 04–08–2021 |
| 16 | संदीप मौर्य, मोनिका मौर्य, नीलम मौर्य, 4440 पोर्टफिनो वे अपा. 203 वेस्ट पाम बीच फ्लोरिडा /खाता नंबर एलबीएनओडी00002045500 | फ्लैट नंबर 1704, 17वां तल, ब्लॉक ई, अपेक्स एथीना, प्लॉट नंबर जीएच–12ए, ईको सिटी, सेक्टर–75, नोएडा | 03–11–2021 रू. 1,47,551/– | 09–08–2021 |
| 17 | संतोष कुमार मिश्रा, मिश्रा शालिनी ए–1, 206, स्टार रामेश्वरम, राज नगर एक्स, गाजियाबाद /खाता नंबर एलबीजीएचजैड00004919305 | फ्लैट नंबर एफ 1002, 10वां तल, स्टार रामेश्वरम, टावर एफ, नूर नगर, गाजियाबाद | 03–11–2021 रू. 22,36,411/– | 04–08–2021 |
| 18 | सिद्धार्थ नाथ तिवारी, ए एन तिवारी, एच नंबर 413, सेक्टर–37, नोएडा / खाता नंबर एलबीजीयूआर00001971053 | 413, सेक्टर–37, टाइप–5, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा | 03–11–2021 रू. 14,15,757/– | 09–08–2021 |
| 19 | सोमा सुंदर लक्ष्मणन, गौरी सुंदर, मकान नंबर 223, पाकेट बी, कोंडली, मयूर विहार फेज–3, ईस्ट दिल्ली /खाता नंबर एलबीएनओडी00000885498 | फ्लैट नंबर 223, पाकेट 13, तृतीय तल, सेक्अर–जी, कोंडली, घरोइना, दिल्ली | 03–11–2021 रू. 2,33,068/– | 30–08–2021 |
| 20 | सोनाली खटावकर, सुखेन्दु बासु, के–73, सेक्टर–25, जलवायु विहार, नोएडा / खाता नंबर एलबीएनओडी00001201699 | फ्लैट नंबर के–73, सेक्टर–25, जलवायु विहार, नोएडा | 03–11–2021 रू. 9,54,423.62/– | 06–08–2021 |
| 21 | वंदना द्विवेदी, अनुराग द्विवेदी, ई–171, पंचवटी अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर बी 9/9, सेक्टर–62, नोएडा, उत्तर प्रदेश /खाता नंबर एलबीडीईएल00002394388 | फ्लैट नंबर 1201, 12वां तल, गार्डेनिया ग्लोरी, टावर ए 2, सेक्टर–46, नोएडा | 03–11–2021 रू. 2,72,750/– | 31–01–2021 |
| 22 | विकास कुमार जैन, वीरेन्द्र कुमार जैन, जैन एवियट नेटवर्क्स, प्रथम तल, टावर ए, बिल्डिंग नंबर 8, डीएलएफ साइबर सिटी, डीएलएफ फेज–2, गुरूग्राम, हरियाणा / खाता नंबर एलबीडीईएल00000847384 | एफ नंबर 108, प्लॉट नंबर 22, अमन कैसल, सेक्टर–4, गाजियाबाद | 03–11–2021 रू. 10,09,206/– | 06–08–2021 |
| 23 | यत्नेश कुमार शर्मा, हरेन्द्र कुमार शर्मा, एमआईजी फ्लैट्स नंबर 463, पाकेट सी, सेक्टर–19, दिव्य ज्योति अपार्टमेंट, रोहिणी, दिल्ली /खाता नंबर एलबीडीईएल00002000653 | फ्लैट नंबर 67, प्रथम तल, डीडीए एलआईजी, ब्लॉक एफ, पाकेट 6, सेक्टर 15, रोहिणी, दिल्ली | 03–11–2021 रू. 8,48,841/– | 09–08–2021 |
| 24 | रश्मि जैन, कमल जैन, एच नंबर 2636, सेक्टर–7ए, फरीदाबाद / खाता नंबर एलबीएफडीबी00001107325 | फ्लैट नंबर 322 ए, ब्लॉक डी, सेक्टर–11, फरीदाबाद | 23–10–2021 रू. 8,21,862.25/– | 07–07–2021 |
| 25 | विश्वप्रिय मुखर्जी, सखी रानी मुखर्जी, 47 ए, भू तल, धवलगिरि बी–5, सेक्टर 34, एनआर चर्च, नोएडा /खाता नंबर एलबीएनओडी00001691935 | फ्लैट नंबर 47 ए, धवलगिरि अपार्टमेंट, बी–5, सेक्टर 34, नोएडा | 23–10–2021 रू. 14,91,260/– | 12–07–2021 |
| 26 | निखिल सेठ, कंचन सेठी, डी–99, प्रथम तल, सेक्टर–40, नोएडा / खाता नंबर एलबीएनओडी00001921425 | अपार्टमेंट नंबर 1502, 15वां तल, प्लॉट नंबर जीएच–003, लोटस बोल वार्ड, सेक्टर–100, टावर नंबर 16, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा | 23–10–2021 रू. 14,87,226.41/– | 31–07–2021 |
| 27 | रूही मलिक, दीपक सिंह चौधरी, एफ–14, सेक्टर–36 जी, नोएडा, जीबी नगर, / खाता नंबर एलबीएनओडी00003140200 | फ्लैट नंबर 1308, 13वां तल, स्टेलर एमआई सिटी होम्स, टावर डी, प्लॉट नंबर जीएच–7 ए, सेक्टर–ओमीक्रोन–III, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 16–10–2021 रू. 15,85,162/– | 06–07–2021 |
| 28 | आशीष कुमार, रतन देवी, 119 बी एफएफ सुपर एमआईजी एक्सप्रेस व्यू अपा., सेक्टर–93, नोएडा, जीबी नगर, नोएडा /खाता नंबर एलबीएनओडी00004795639 | फ्लैट नंबर 1401, 14वां तल, टावर सी, प्रोजेक्ट ओएसिस विनीशिया हाइट्स, प्लॉट नंबर एचआरए 12/ए, यूपीएसआईडीसी, सेक्टर सूरजपुर साइट सी (एक्स.) ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 16–10–2021 रू. 18,38,685/– | 06–07–2021 |
| 29 | गीता, अमित कुमार, आरजैड बी 1/25, गली नंबर 6, शर्मा लेन, रघु नगर, दिल्ली / खाता नंबर एलबीडीईएल00002377971 | फ्लैट नंबर 48, द्वितीय तल, ब्लॉक एफ 3, पाकेट 3, एलआईजी सेक्टर जी 8, नरेला, दिल्ली | 16–10–2021 रू. 7,73,258/– | 05–07–2021 |
| 30 | हीना भूटानी, कमल भूटानी, 57 ए जैड ब्लॉक, उत्तम नगर, दिल्ली / खाता नंबर एलबीडीईएल00002335092 | फ्लैट नंबर 2303, 23वां तल, टावर गंगा महागुनमंत्रा–II, प्लॉट नंबर जीएच 01 ए, सेक्टर–10, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 16–10–2021 रू. 24,06,406/– | 01–07–2021 |
| 31 | प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, अमिता श्रीवास्तव, ए–501, पार्क व्यू अपा., ई–10, सेक्टर–61, नोएडा, /खाता नंबर एलबीएनओडी00003559609 | फ्लैट नंबर 002, भू तल, टावर जी, एस सिटी, प्लॉट नंबर जीएच–01, सेक्टर–01, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 16–10–2021 रू. 12,08,264/– | 11–06–2021 |
| 32 | अमूल्य कुमार नायक, बिद्युत प्रवा नायक, पी नंबर 1/7, फ्लैट नंबर 206, वैष्णवी कुंज, सेक्टर–2, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद / खाता नंबर एलबीडीईएल00001173375 | पी नंबर 1/7, फ्लैट नंबर 206, वैष्णवी कुंज, सेक्टर–2, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद | 16–10–2021 रू. 5,27,669/– | 10–06–2021 |
| 33 | आनंद शेखर सिंह, शिवानी सिंह, ए 5/4, सेक्टर–71, नोएडा, / खाता नंबर एलबीएनओडी00001738021 | फ्लैट नंबर 21, द्वितीय तल, ब्लॉक सी–2, सेक्टर–71, नोएडा | 16–10–2021 रू. 8,14,056.72/– | 11–05–2021 |
| 34 | दीपक कुमार अग्रवाल, ललिता अग्रवाल, 94 बी पाकेट के, शेख सराय–II, नई दिल्ली / खाता नंबर एलबीडीईएल00002012413 | फ्लैट नंबर एच–364, प्रथम तल, आवासीय कालोनी, गोविंदपुरम, सेक्टर–29, गाजियाबाद | 16–10–2021 रू. 18,67,817/– | 11–05–2021 |
| 35 | नितिन गुप्ता, अनीता एन 85, गुरूद्वारा रोड, मोहन गार्डन उत्तम नगर, दिल्ली / खाता नंबर एलबीडीईएल00002379267 | फ्लैट नंबर 9, द्वितीय तल, सेक्टर–34, पाकेट–2, ब्लॉक डी 2, रोहिणी, दिल्ली | 16–10–2021 रू. 11,10,988/– | 07–06–2021 |
| 36 | राज सिंघानिया, सीमा सिंघानिया, एच–57 बी, प्रथम तल, कालकाजी एक्सटेंशन, नई दिल्ली /खाता नंबर एलबीएनओडी00001789522 | फ्लैट नंबर सीजीए–222, डीएलएफ कैपिटल ग्रीन्स, फेज–1, शिवाजी मार्ग, प्लॉट नंबर 15, दिल्ली | 16–10–2021 रू. 13,48,796.9/– | 31–05–2021 |
| 37 | समीर आहूजा, किरण भाटिया, एच नंबर 3, पाकेट जी–29, सेक्टर–3, रोहिणी, दिल्ली / खाता नंबर एलबीडीईएल00001790784 | एच नंबर 35, द्वितीय + तृतीय तल, सेक्टर–24, पाकेट–3, रोहिणी, दिल्ली | 16–10–2021 रू. 16,23,675.01/– | 03–05–2021 |
| 38 | सुमित कुमार मिश्रा, सरिता शुक्ला, एच नंबर सी/67 एस/3, शालीमार गार्डन एक्स–2, ब्लॉक सी, साहिबाबाद, गाजियाबाद /खाता नंबर एलबीडीईएल00002094431 | फ्लैट नंबर 102, प्रथम तल, टावर डी 1, भारत सिटी खसरा नंबर 17 से 24, 34 से 71, 71 से 81 तथा 67, ग्राम निस्तौली, परगना लोनी, गाजियाबाद | 16–10–2021 रू. 20,33,278/– | 11–05–2021 |
| 39 | सुशील कुमार, सुरक्षा रानी, सी–385, सी ब्लॉक, गली नंबर 42, महावीर एन्क्लेव पार्ट–III, दिल्ली /खाता नंबर एलबीडीईएल00001953102 | फ्लैट नंबर 904, ब्लॉक ए–4, अपार्टमेंट ए, एवलॉल रेजीडेंसी, भिवाड़ी, जिला अलवर | 16–10–2021 रू. 8,45,978.82/– | 13–04–2021 |
| 40 | श्राविका कुमारी, अवनीश राठौर, फ्लैट नंबर बी 4/304, इबोनी ग्रीन्स, क्रीसेंट पार्क, शाहपुर बम्हेटा, गाजियाबाद /खाता नंबर एलबीडीईएल00003122238 एवं एलबीडीईएल00003122240 | फ्लैट नंबर 304, तृतीय तल छत के अधिकार सहित, टावर बी 4, इबोनी ग्रीन्स, क्रीसेंट पार्क, गाजियाबाद | 16–10–2021 रू. 17,51,565.3/– एवं रू. 9,88,208.7/– | 06–07–2021 |
| 41 | शुभम शर्मा, मोहन कुमार, डी–1107, गैलेक्सी वेगा ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर / खाता नंबर एलबीजीएचजैड00004936507 एवं एलबीजीएचजैड00004920458 | फ्लैट नंबर ओ–560, 5वां तल, गौड़ सिटी सेंटर शॉप्स, प्लॉट नंबर सी 1 ए, जीएच–01, गौड़ सिटी, सेक्टर–4, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 16–10–2021 रू. 10,58,721.56/– एवं रू. 1,31,291/– | 05–07–2021 |
| 42 | पिंकू कुमार, दुर्गा कुमारी, फ्लैट नंबर 12080, टावर5, जीएच–7, 12वां तल, क्रॉसिंग्स रिपब्लिक, गाजियाबाद /खाता नंबर एलबीजीएचजैड0000322.924 एवं एलबीजीएचजैड00003336776 | फ्लैट नंबर 603, छठा तल, रहेजा माहेश्वरा, टावर डी, सेक्टर–11 एवं 14, सोहना, गुरूग्राम | 16–10–2021 रू. 18,57,354/– एवं रू. 3,35,240/– | 31–07–2021 |
| 43 | निधि सोलंकी, विक्रम सिंह, फ्लैट नंबर 103, टावर ए–21, हरिद्वार ग्रीन्स रोशनाब हरिद्वार /खाता नंबर एलबीएनओडी00005232150 एवं एलबीएनओडी00005314717 | फ्लैट नंबर 102, प्रथम तल, टावर 17, यूनिटेक होरिजन, सेक्टर–पाई–2, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 10–11–2021 रू. 32,97,278.57/– एवं रू. 1,36,934/– | 04–08–2021 |
| 44 | अमित कुमार वार्ष्णेय, भूमिका गुप्ता, सी–10 402 संदीप विहार ए डब्ल्यूएचओ कालोनी, बेंगलुरू, कादुगोडी /खाता नंबर एलबीएनओडी00005051356 | यूनिट नंबर 1202, 12वां तल, टावर ए 3, श्री वर्धमान गार्डेनिया फेज–2, सेक्टर–10, ग्राम रायपुर, सोनीपत | 10–11–2021 रू. 46,26,050/– | 04–08–2021 |
| 45 | अश्वनी शर्मा, पूजा, ए–02/1204, एसआरएस रॉयल हिल्स, सेक्टर–87, फरीदाबाद / खाता नंबर एलबीजीयूआर00004742780 | फ्लैट नंबर 1802, 18वां तल, टावर ऐम्ब्रोस, स्पोर्ट्स होम, स्पोर्ट्स सिटी प्लॉट नंबर जीएच–02, निकट टेकजोन–4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, उत्तर प्रदेश | 10–11–2021 रू. 34,08,621/– | 04–08–2021 |
| 46 | बरूनजीत सिंह, जसलीन कौर, सीएमसी 2 503, सुपरटेक केपटाउन, सेक्टर–74, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश /खाता नंबर एलबीएनओडी00005169626 | फ्लैट नंबर 1404, 14वां तल, स्टेलर वन टावर एच, प्लॉट नंबर जीएच–09, सेक्टर–1, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, उत्तर प्रदेश | 10–11–2021 रू. 28,31,842/– | 04–08–2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 01 फरवरी, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# नोएडा के 40 बकाएदार बिल्डरों के खिलाफ होगी कार्रवाई

## 500 करोड़ की संपत्ति की जाएगी ई–नीलाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● प्रशासन ने तीनों प्राधिकरण को भेजा पत्र

गौतमबुद्धनगर के 40 बिल्डरों के खिलाफ जिला प्रशासन ने रूपरेखा तैयार कर ली है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना सिटी में 40 बकायेदार बिल्डरों की 500 करोड़ रुपए की संपत्ति ई–नीलाम की जाएगी। इसको लेकर जिला प्रशासन को योगी आदित्यनाथ सरकार की तरफ से हरी झंडी मिल गई है। जिसके बाद गौतमबुद्धनगर जिला प्रशासन की तरफ से तीनों प्राधिकरण को पत्र भेजकर इन सभी 40 बकायेदार बिल्डरों की संपत्ति को नीलाम करने के लिए पत्र भेजा गया है।

गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कैबिनेट बैठक हुई। इस बैठक में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना सिटी के 40 बकायेदार बिल्डरों की 500 करोड़ रुपए की संपत्ति को ई–नीलाम करने की निर्देश मिले हैं।

उत्तर प्रदेश शासन की तरफ से हरी झंडी मिलने के बाद जिला प्रशासन की तरफ से नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और यमुना प्राधिकरण को पत्र भेजा गया है। डीएम ने बताया कि इन सभी 40 बकायदार बिल्डरों की संपत्ति ई–नीलम को जाएगी। इसका पूरा कार्य प्राधिकरण करेगा। प्राधिकरण ही बिल्डर की संपत्ति को नीलाम करके सरकार के खाते में रकम जमा करवाएगा।

उत्तर प्रदेश सरकार को इससे काफी फायदा मिलेगा। यह वो बिल्डर हैं जिन्होंने बकाया जमा नहीं किया है। गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन तीनों प्राधिकरण के साथ मिलकर इन 40 बिल्डरों की सम्पति को नीलाम करेगा। गौतमबुद्ध नगर की उपजिलाधिकारी वित्तीय वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि इन 40 बकायेदार बिल्डरों की 500 करोड़ रुपए की संपत्ति नीलाम की जाएगी। इसमें से सबसे ज्यादा सुपरटेक ग्रुप की संपत्ति है। सुपरटेक ग्रुप के 69 विला और 35 दुकानों को ई–नीलामी किया जाएगा। जिसकी कीमत करीब एक अरब 24 करोड़ रुपए हैं।

## आचार संहिता के उल्लंघन पर भाजपा सांसद के खिलाफ कानूनी कार्रवाई

**नोएडा।** भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता तथा भाजपा सांसद रवि किशन पर यहां चुनाव प्रचार के दौरान कथित तौर पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने को लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू की है। इस मामले में पुलिस ने चुनाव अधिकारी को विस्तृत रिपोर्ट भेजी है। उनके आदेश आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) इला मारन ने बताया कि भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता तथा भाजपा के सांसद रवि किशन रविवार को नोएडा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने आए थे।

उन्होंने बताया कि इस दौरान चोटपुर कॉलोनी में चुनाव प्रचार के समय आदर्श आचार संहिता तथा कोविड–19 प्रोटोकॉल का उल्लंघन हुआ। उन्होंने बताया कि इस बाबत एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ है, जिसमें नियमों का उल्लंघन होता नजर आ रहा है।

## मतदान का बहिष्कार करेंगे सोसायटी के लोग

**नोएडा।** सेक्टर–143 लॉजिक्स ब्लॉसम हाउसिंग सोसायटी में रहने वाले लोगों ने बिल्डर से परेशान होकर वोटिंग का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।

निवासियों का कहना है कि बिल्डर और नोएडा प्राधिकरण उनकी सुन नहीं रही है। दादरी विधायक तेजपाल नागर द्वारा भी उनको कोई मदद नहीं मिल रही है। जिसकी वजह से लॉजिक्स ब्लॉसम हाउसिंग सोसायटी के निवासियों ने 10 फरवरी को वोट नहीं देने का बोर्ड सोसायटी के गेट पर लगाया है। जिसमें साफतौर पर लिखा है कि नो रजिस्ट्री नो वोट।

### चुनाव प्रचार में प्रियंका ने योगी सरकार पर साधा निशाना

# रोजगार, शिक्षा व स्वास्थ्य के आंकड़े बताएं सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा ने सोमवार को कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के '80 प्रतिशत बनाम 20 प्रतिशत' के बीच होने जैसा बयान देने की बजाय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा को रोजगार, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा से जुड़े आंकड़े सामने रखने चाहिए। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि यह सरकार विकास से जुड़े मुद्दों पर कोई जवाबदेही नहीं दिखा रही है।

प्रियंका गांधी ने दिल्ली से सटे नोएडा में जनसंपर्क अभियान के माध्यम से कांग्रेस प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक के लिए लोगों का समर्थन मांगा। उन्होंने नोएडा के सेक्टर 26 स्थित काली मंदिर में काली मां के दर्शन कर अभियान की शुरुआत की। स्थानीय निवासियों से बातचीत के दौरान प्रियंका ने कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ की मिसाल दी।

## बिना अनुमति लोगो लगाने पर जुर्माना

**नोएडा।** ग्रेनो प्राधिकरण ने बिना अनुमति लोगो लगाने वाली कंपनियों पर 10 लाख रुपये जुर्माना लगाने और आवंटित प्लॉट के नक्शे के साथ ही लीज डीड निरस्त करने की कार्रवाई करेगी।

ग्रेनो प्राधिकरण क्षेत्र में कुछ कंपनियां निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए अपना प्रचार–प्रसार करने में ग्रेनो प्राधिकरण के लोगो का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रही हैं, जबकि उनके प्रोजेक्ट से प्राधिकरण का प्रत्यक्ष तौर पर कोई लेना–देना नहीं होता है। प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के निर्देश पर बिल्डर सेल के ओएसडी संतोष कुमार की तरफ से इस संदर्भ में आदेश जारी किया गया है।

# संयुक्त अस्पताल में जल्द शुरू होगा मरीजों का ऑपरेशन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● एक साल से सर्जन नहीं होने के कारण बंद थी सुविधा

संजय नगर स्थित संयुक्त अस्पताल में एक साल बाद सर्जरी शुरू होगी। सर्जन डॉ अखिलेश मोहन के मेरठ सीएमओ बनने के बाद यहां सर्जन का पद खाली हो गया था। हाल में नियुक्त हुए सीएमएस डॉ वीसी पांडेय सर्जन हैं। सीएमएस ने बताया कि वह जल्द ही सर्जरी शुरू करेंगे। वर्तमान में एमएमजी अस्पताल के एक सर्जन संयुक्त अस्पताल में दो दिन के लिए बैठते हैं, लेकिन वह ओपीडी में ही मरीजों का इलाज करते हैं।

संयुक्त अस्पताल में प्रतिदिन एक हजार से 1200 मरीज इलाज कराने के लिए आते हैं। पिछले एक साल से सर्जन न होने के कारण ऑपरेशन के लिए आने वाले मरीजों को एमएमजी अस्पताल या दिल्ली रेफर किया जाता था। सामान्य दिनों में संयुक्त अस्पताल में प्रतिदिन 10 से 12 ऑपेरशन होते थे। इनमें हड्डी, नाक, कान, गला, पेट संबंधी सर्जरी होती थीं, जबकि मोतियाबिंद के 20 से अधिक ऑपरेशन किए जाते थे।

## सेक्टर 117 में बनेगा कमर्शियल हब

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण अपने मास्टर ग्रीन पार्क प्रोजेक्ट के अंतर्गत सेक्टर–117 में कमर्शियल स्पेस बनाएगा। प्राधिकरण कमर्शियल स्पेस पर बनाई गई दुकानों को ई–नीलामी के जरिए बेचेगा। प्राधिकरण सेक्टर.117 में कमर्शियल स्पेस को बनाने पर 20 करोड़ रुपए खर्च करेगा। इन दुकानों की नीलामी 15 फरवरी को होगी।

खरीदारी इसके लिए 7 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं, लेकिन खरीदारों को 4 फरवरी तक बयाना राशि जमा करानी होगी। इस कमर्शियल स्पेस पर लोगों को कई सुविधाएं मिलेंगीं। प्राधिकरण द्वारा बनाए जा रहे कमर्शियल हब को 18 एकड़ के एरिया में बनाया जाएगा।

# महिला की दोस्त का मोबाइल हैक कर 20 हजार की ठगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

साइबर ठग ने महिला के व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर 20 हजार रुपये की ठगी कर ली। आरोपी ने पीड़िता की दोस्त का मोबाइल हैक कर मैसेज भेजा था। इस संबंध में पीड़ित महिला ने सेक्टर–39 थाना में केस दर्ज कराया है।

पीड़िता रितु चावला ने बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर–49 में रहती हैं। उनके मोबाइल पर 22 नवंबर 2021 को उनकी दोस्त अल्पना के व्हाट्सएप नंबर से मैसेज आया था। उन्होंने उनसे 20 हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवाने के लिए कहा। साथ ही कहा कि वह जल्द ही सारे पैसे वापस कर देगी।

दोस्त के नंबर से मैसेज आने पर उन्हें भरोसा हो गया। उन्होंने अपने बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए। कई दिन बाद पैसे के संबंध में अल्पना से बातचीत की, तब मामले का खुलासा हुआ। अल्पना ने बताया कि उन्होंने व्हाट्सएप पर कोई मैसेज नहीं किया था।

# 30 लाख लूट मामले में पुलिस को नहीं मिला कोई सुराग

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● वारदात के खुलासे को चार टीमों को लगाया

इंदिरापुरम थाने के सामने दिल्ली के आभूषण कारोबारी सुधीर वर्मा से हथियार के बल पर हुई 30 लाख की लूट के मामले में पुलिस को 50 घंटे बाद भी बदमाशों का कोई सुराग नहीं मिला है। बदमाशों को पकड़ने के लिए चार टीमें लगी हैं। टीम ने वसुंधरा और साहिबाबाद क्षेत्र के करीब 50 जगहों से सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ली है।

पीड़ित सुधीर वर्मा शुक्रवार दोपहर वसुंधरा सेक्टर–15 में एक सुनार के पास गहने देने आए थे। सर्राफ के ना मिलने पर वह वापस लौटते समय इंदिरापुरम कोतवाली के सामने वसुंधरा सेक्टर–आठ की तरफ मुड़े। तभी पीछे से हाईस्पीड बाइक पर सवार दो बदमाशों ने ओवरटेक कर उनकी स्कूटी रोक ली और गहने से भरा बैग लूट लिया।

# कोरोना के बाद सर्दी-बुखार का कहर

● ओपीडी में लगी मरीजों की भीड़

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



कोरोना की रफ्तार तो रुकी है लेकिन अब वायरल, फीवर और सर्दी–बुखार कहर बढ़ रहा है। जिले में वायरल फीवर के बढ़ते खतरे का असर दिख रहा है। अस्पतालों में सोमवार को बड़ी संख्या में उपचार के लिए मरीज पहुंचे। इस कारण लोगों को पंजीयन से लेकर परामर्श तक के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। ओपीडी में बुखार, सर्दी, खांसी, से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक थी। अस्पताल में कोविड नियमों का पालन न होने से कोरोना का खतरा भी बढ़ा हुआ है। मरीज न तो मास्क पहन रहे हैं और न ही सामाजिक दूरी का पालन कर रहे हैं।

अस्पताल की ओपीडी से लेकर इमरजेंसी कक्ष तक मरीजों के बीच सामाजिक दूरी और मुंह से मास्क गायब नजर आ रहे हैं। इस दौरान मरीज एक–दूसरे से सटकर खड़े रहे। अस्पताल में दवाई वितरण केंद्र पर भी मरीज बिना सामाजिक दूरी के खड़े रहे। इसके अलावा जांच और एक्सरे करवाने के लिए मरीजों को लाइन में लगना पड़ता है। लाइन में मरीज एक–दूसरे से सटकर खड़े होते हैं। इससे संक्रमण का खतरा रहता है। कई लोग मास्क भी नहीं पहनते हैं।

## चोरी के आरोप में छह युवकों को पुलिस ने धरा

**गाजियाबाद।** कविनगर पुलिस ने दिल्ली–एनसीआर में वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो आरोपी 12वीं कक्षा की पढ़ाई करते हैं। मंहगे शौक पूरा करने के लिए आरोपी तस्करी और चोरी जैसी वारदातों में लिप्त थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन बाइक और फर्जी नंबर प्लेट बरामद की है।

कविनगर थाना प्रभारी आनंद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि आरोपी विशाल, गौरव और शावेज गांव रजापुर के रहने वाले हैं और रोहित उर्फ मोहित गांव डिडोली मुरादनगर का रहने वाला है, जबकि दो अन्य नाबालिग हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली–110002, दूरभाष: 011–40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी–9 सेक्टर–3, नोएडा–201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 1 फरवरी, 2022



# बेमौसम बारिश से बर्बाद फसलों का मिला मुआवजा

## किसानों को सौंपे चेक, मुख्यमंत्री केजरीवाल का दावा- देश में सबसे अधिक रकम दी गई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार ने पिछले साल अक्टूबर में बेमौसम बारिश से खराब हुई फसलों का मुआवजा किसानों को दिया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पंजाब में पार्टी के लिए चुनाव प्रचार कर सोमवार को दिल्ली पहुंचे और सचिवालय में उन्होंने किसानों चेक सौंपे। साथ ही कहा कि जनवरी में किसानों की सरसों की फसल खराब होने की जानकारी मिली है। उसके लिए भी सर्वे के आदेश दे दिए हैं।

सर्वे के बाद इसका भी मुआवजा पीड़ित किसानों को दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेमौसम बारिश से 70 फीसद से कम फसल नुकसान होने पर 70 फीसद और 70 फीसद से ज्यादा फसल नुकसान होने पर 100 फीसद मुआवजा देंगे। केजरीवाल ने कहा कि किसानों को उनके नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा राशि देना शुरू कर दिया है।

बीस हजार प्रति एकड़ के हिसाब से पूरे देश में किसानों को सबसे ज्यादा मुआवजा दिल्ली में मिल रहा है। पंजाब में भी कपास की फसल बर्बाद हुई है और पंजाब सरकार ने 12 हजार देने का ऐलान किया है, लेकिन अभी तक किसानों को रुपये नहीं मिला है। जिस देश या जिस राज्य में किसानों की इज्जत नहीं है, वो देश तरक्की नहीं कर सकता।



### आप सरकार से पहले शासन व्यवस्था से किसान गायब था

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2013 की बात है। उनकी नई-नई पार्टी बनी थी। उस समय बेमौसम ओले पड़े थे। कई किसानों की फसलें बर्बाद हो गई थीं। उस समय स्वर्गीय शीला सीएम थीं। उनके पास कोई मीडियाकर्मी गया और बोला कि किसान बहुत दुखी हैं। ओले पड़े हैं, कुछ मुआवजा दिया जाएगा क्या। इस पर उनका जवाब था कि दिल्ली में खेती भी होती है क्या। पंद्रह साल राज करने के बाद अगर कोई मुख्यमंत्री कहे कि दिल्ली में खेती भी होती है क्या। एक तो किसान की फसल बर्बाद हो गई। दूसरा अगर अपना ही मुख्यमंत्री कहे कि खेती होती है क्या। तो उसका अपमान हो गया। यह ये दिखाता है कि यहां के पूरे शासन व्यवस्था से किसान किस तरह से गायब था। जब सीएम और मंत्रियों को यह ही नहीं पता है कि राजधानी में खेती भी होती है, तो उनके लिए काम क्या करेंगे।

आप की सरकार बनने पर कुछ किसान आए थे और बोले कि बेमौसम बारिश हो गई है और उसकी वजह से फसल बर्बाद हो गई। वह उनके साथ 8-10 गांवों में घूम कर देखे कि फसल काफी बर्बाद हो गई थी। वहीं खाट पर बैठ कर नुकसान का आंकलन किया और 20 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा देना तय किया। इससे किसान बहुत खुश हो गए।

### वृद्ध किसान को चेक देने खुद पहुंचे सीएम

किसान जय प्रकाश को फसल के नुकसान पर 2 लाख 76 हजार 200 रुपए का चेक दिया गया।

जय प्रकाश काफी वृद्ध हैं और वो मंच तक चेक लेने में आने के लिए खुद को असमर्थ पाए। हालांकि उन्होंने मंच तक पहुंचने की कोशिश जरूर की। यह देखकर सीएम चेक लेकर खुद उनके पास पहुंचे और उन्हें सौंपा। यह देख सिंह भावुक हो उठे। केजरीवाल के इस कदम की वहां मौजूद सभी किसानों ने जमकर सराहना की। ज्ञात पिछले दिनों बारिश के चलते दिल्ली के काफी किसानों की फसल बर्बाद हो गए थे।

## किसान खुश, पालम- 360 ने सीएम को दिया धन्यवाद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

किसानों की बारिश से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा मिलने से दिल्ली के किसान खुश हैं।

मुआवजे की प्रक्रिया को अमल में लाए जाने पर पालम-360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद दिया है। साथ ही कहा कि जनवरी में गेंहूं और सरसों की फसल को हुए भारी नुकसान को देखते हुए दिल्ली सरकार की ओर से सर्वेक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई है। सीएम से अनुरोध है कि पिछले मौसम के लिए केवल 29 हजार हेक्टेयर जमीन पर हुए नुकसान के लिए ही मुआवजा दिया जा रहा है जबकि दिल्ली में कुल 70 हजार हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है।

अतः बाकी जमीनों पर किसानों को हुए नुकसान को भी मुआवजे के दायरे में लाया जाए। साथ ही बंद मोटेशन को पुनः बहाल करने, धारा- 81 और 33 के तहत दर्ज पुराने मामले वापस लेने और जमीन अधिग्रहण पर पड़ोसी राज्यों की तरह मुआवजा राशि बढ़ाए जाने जैसी हमारी प्रमुख मांगों का भी जल्द समाधान किया जाए।



## बूस्टर डोज के नाम पर व्हाट्सएप हैक कर 24 लोगों से की ठगी

- स्पेशल सेल ने आगरा से तीन साइबर ठगों को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोरोना वायरस के नए वैरियंट ओमीक्रोन से बचाव के लिए बूस्टर डोज लगवाने का झांसा देकर लोगों से ठगी करने गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की साइबर सेल ने तीन शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है।

आरोपित सरकारी अधिकारी बनकर लोगों को फोन कर झांसे में लेते थे और कान्फ्रेंस काल के माध्यम से ओटीपी साझा करने का लालच देते थे। ओटीपी साझा करते ही आरोपी लोगों के वाट्स एप हैक कर लेते थे। उसके बाद लोगों के खास दोस्तों व रिश्तेदारों को उनके संकट में फंसे होने का संदेश भेजकर अपने द्वारा बताए गए खातों में रकम मंगवा लेते थे। ठगों ने अब तक दो दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ धोखाधड़ी कर चुके हैं। पुलिस ने इनके पास से डेबिट कार्ड, चेक बुक, मोबाइल फोन और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं।

डीसीपी केपीएस मल्होत्रा के मुताबिक साइबर सेल को एक शिकायत मिली थी। जिसमें बताया गया था कि बूस्टर डोज के नाम पर ठगी गई है। पीड़ित को एक नंबर से कॉल करके बताया गया था कि उसे वैक्सीन की बूस्टर डोज लगनी है। फिर उसे कॉन्फ्रेंस कॉल पर लेने के लिए कहा गया। इस दौरान उसके मोबाइल पर एक व्हॉट्सएप अकाउंट चेंज कोड भेजा गया। इस तरह उसके मोबाइल को हैक कर लिया गया। इसके बाद उनके परिचितों को मैसेज भेजकर मदद के तौर पर रुपए मांगे गए। पीड़ित के भाई ने खाते में 50 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए।

छानबीन में पता चला कि साइबर क्राइम पोर्टल पर भी इस तरह की 20 से ज्यादा शिकायतें पहुंची हुई हैं। इसे लेकर स्पेशल सेल में मामला दर्ज किया गया था।

छानबीन के दौरान कॉल करने वाले शख्स की पहचान मनीष कुमार के रूप में की गई। एसीपी रमन लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर मनोज कुमार और विजेंद्र यादव की टीम ने आरोपियों को पकड़ा। आगरा में छापा मारकर उसके दो साथियों रोहित और कौशलेंद्र सिंह सहित उसे गिरफ्तार कर लिया। वारदात में इस्तेमाल मोबाइल फोन भी उनके पास से बरामद हुआ है।

पूछताछ के दौरान आरोपी मनीष ने बताया कि 1 साल पहले उसने यू-ट्यूब पर देखा था कि किस तरीके से व्हॉट्सएप हैक किया जाता है। इसके बाद वह लोगों के साथ ठगी करने लगा। वैक्सीनेशन डिपार्टमेंट का अधिकारी बनकर बूस्टर डोज के लिए अपॉइंटमेंट देने के नाम पर लोगों से ठगी करने लगा।

## लंदन की डॉक्टर ने दिल्ली में अपने घर में आत्महत्या

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लंदन के एक अस्पताल में कार्यरत 40 वर्षीय एक महिला चिकित्सक ने ग्रेटर कैलाश स्थित अपने घर पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।

पुलिस के मुताबिक, मृत चिकित्सक की पहचान मेघा कायल के रूप में हुई है। हाल ही में अपनी 79 वर्षीय मां की मौत के बाद से ही मेघा अवसाद में थी। पुलिस ने कहा कि मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस ने कहा कि चिकित्सक की जांघ पर चोटों के निशान पाए गए। मेघा कायल पिछले एक साल से लंदन के मिल्टन कीन्स यूनिवर्सिटी अस्पताल में न्यूरोलॉजिस्ट के तौर पर काम कर रही थीं। इससे पहले वह अपोलो अस्पताल में काम करती थीं। पुलिस उपायुक्त बोनिता जयकर ने कहा मेघा की भाभी ने पुलिस को बताया कि बीमारी के चलते 27 जनवरी को मां की मौत के बाद से ही मेघा अवसाद में थीं।

## हथियारों के जखीरे के साथ तस्कर पकड़ा

- 10 आधुनिक पिस्टल और 20 कारतूस बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हथियारों की तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दिल्ली पुलिस ने एक बुजुर्ग तस्कर को गिरफ्तार किया है।

आरोपी पिछले कुछ सालों में दिल्ली-एनसीआर में 500 से अधिक हथियारों की सप्लाई कर चुका है। तस्कर के पास से 10 अत्याधुनिक पिस्तौल और 20 कारतूस जब्त किए गए हैं। आरोपी की पहचान 60 वर्षीय कासिम अली के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के हमीरपुर का रहने वाला है और मध्य प्रदेश से हथियार और गोला-बारूद मंगवाता था। जिसे वह दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बेचता था।



पुलिस उपायुक्त जसमीत सिंह के अनुसार कासिम अपने सहयोगियों की मदद से हथियारों की तस्करी करने का काम करता है। उसके गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए पुलिस ने निगरानी शुरू की।

इस बीच कासिम को रविवार रात पुल पह्लादपुर के पास एमबी रोड से गिरफ्तार किया गया। कासिम पिछले 15 सालों से हथियारों की तस्करी में शामिल था। वह मध्य प्रदेश के सेंधवा जिले से हथियार लेकर आता था।

## आर्थिक सर्वेक्षण एक सकारात्मक केंद्रीय बजट का संकेत : कैट

**नई दिल्ली।** कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आर्थिक सर्वेक्षण एक सकारात्मक केंद्रीय बजट का संकेत बताया है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने एक संयुक्त बयान में कहा की देशभर के व्यापारी बेहद उत्सुकता से बजट की ओर देख रहे हैं। अर्थव्यवस्था में वस्तुओं और सेवाओं के सुचारू प्रवाह में कोविड के जरिये लगातार व्यवधान के कारण एक घातक संकट की पृष्ठभूमि में आर्थिक सर्वेक्षण को व्यापक रूप से देखना होगा। भारत सरकार द्वारा समय पर उठाए गए और साहसिक कदमों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। चालू वित्त वर्ष के दौरान सरकारी खपत लगभग 16.5 प्रतिशत बढ़ रही है। इससे अर्थव्यवस्था में धन लगाने में मदद मिली है। आने वाले वित्तीय वर्ष के दौरान सकल घरेलू उत्पाद का 8.85 प्रतिशत अनुमान 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करने में मदद करेगा।



बजट सत्र 2022 के पहले दिन संसद भवन पहुंचे राष्ट्रपति के घुड़सवार अंगरक्षक। फोटो रंजन डिमरी

## कोरोना की छाया, हज के लिए कम आए आवेदन

- 31 जनवरी तक राजधानी के 1291 श्रद्धालुओं ने भरे आवेदन, अंतिम तिथि 15 फरवरी तक बढ़ाई

ज़ाहिद अली। नई दिल्ली

कोरोना महामारी और महंगाई श्रद्धा पर भी भारी पड़ रही है। हज जैसी महत्वपूर्ण धार्मिक यात्रा भी इससे अछूती नहीं है। दिल्ली में हज के लिए अंतिम तिथि 31 जनवरी तक केवल 1291 लोगों ने आवेदन किया है। कम आवेदन को देखते हुए अब दिल्ली हज कमेटी ने फॉर्म भरने की अंतिम तारीख 15 फरवरी तक बढ़ा दी है।

कमेटी को उम्मीद है कि संशय के बादल छटेंगे और लोग हज यात्रा कर सकेंगे। पिछले सालों में दिल्ली के लोगों के लिए हज कोटा 1500 लोगों का रहा है। इससे जितने लोग इस बार फॉर्म भरेंगे, उन्हें मंजूरी मिलने में कोई दिक्कत नहीं आएगी।

दिल्ली हज कमेटी अध्यक्ष मुख्तार अहमद ने माना कि हज यात्रा 2022 को लेकर अनिश्चिता का माहौल है और दूसरी तरफ कोविड प्रोटोकोल के चलते हज यात्रा खासी महंगी हो गई है।

उन्होंने कहा कि पिछले दो साल से हज यात्रा के लिए आवदेन आ रहे हैं, लेकिन सऊदी सरकार के कड़े कोविड नियमों के चलते हज नहीं हो पा रहा। दिल्ली हज कमेटी का कहना है कि सऊदी सरकार के धार्मिक मंत्रालय की तरफ से जल्द निर्देश मिल सकते हैं। जानकारी मिली है कि पिछली साल 1350 आवेदन मिले थे हालांकि पहले निर्धारित कोटे से चार गुना तक फार्म भरे जाते रहे हैं। मगर कोरोना पाबंदियों और सऊदी सरकार की तरफ अनिश्चिता के कारण लोगों में हज पर जाने को लेकर संशय का माहौल है। हालांकि इस वर्ष अरब प्रशासन ने उमरा करने की इजाजत दे दी है। पाबंदियों के अलावा हज यात्रा काफी महंगी हो गई है। पहले जहां श्रद्धालु करीब दो लाख में हज मुकम्मल कर लेते थे, अब कोरोना गाइडलाइंस के चलते यह खर्च चार लाख से अधिक पहुंच चुका है। लोग इस उम्मीद में भी कम आवेदन कर रहे हैं कि कोरोना महामारी का साया छंटने के बाद यात्रा का खर्च सामान्य हो जाएगा। 2018 में करीब 2500 और 2019 में 2400 लोगों ने हज यात्रा की।



दिल्ली हज कमेटी चेयरमैन मुख्तार अहमद

## हंसराज कॉलेज में गऊशाला बनाने का विरोध तेज

**नई दिल्ली।** हंसराज कॉलेज परिसर में गौ-संरक्षण और अनुसंधान केन्द्र की स्थापना का छात्रों ने विरोध किया और वहां छात्राओं के लिए छात्रावास बनाने की मांग की। कॉलेज की प्रधानाचार्य रमा शर्मा का कहना है कि केंद्र में उन्होंने सिर्फ एक गाय रखी है और उसे अनुसंधान के लिए रखा गया है। केंद्र जहां बनाया गया है वह खाली पड़ा हुआ था, वहां छात्रावास बनाना संभव नहीं है। प्रदर्शन का आयोजन एसएफआई ने किया था।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सीएम आवास पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री आवास के बाहर सैकड़ों आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। 'दिल्ली राज्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायक यूनियन' के बैनर तले यह प्रदर्शन किया गया।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की अनेक मांगों में से एक यह भी है कि उन्हें सरकारी कर्मचारी के रूप में मान्यता दी जाए। प्रदर्शनकारियों ने सरकार विरोधी नारे लगाए और नई शिक्षा नीति को वापस लेने की मांग करते हुए तख्तियां प्रदर्शित की।

## राजधानी में तेज हवाओं के साथ बारिश से बदलेगा मौसम

- अभी जारी रहेगा ठंड का सितम तीन तारीख को बारिश के आसार



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में कोहरे से तो मामूली राहत मिली है, लेकिन तेज हवाओं के चलते ठंड को दौर जारी है। वहीं, दिल्ली के लोगों को प्रदूषण की मार भी झेलनी पड़ रही है।

हवा की गुणवत्ता बहुत खराब कैटेगरी में रही। दिल्ली में ठंड का दौर जारी है और सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान मौसम के औसत से दो डिग्री कम 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सापेक्षिक आर्द्रता का स्तर सुबह साढ़े आठ बजे 94 प्रतिशत दर्ज किया गया। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, दिल्ली में 3 और 4 फरवरी को तेज हवाओं के बीच बारिश होगी और मौसम का मिजाज फिर बदलेगा। 3 फरवरी को हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि 4 फरवरी को बूंदाबांदी हो सकती है. जिसकी वजह से अधिकतम तापमान में बड़ी गिरावट आने की उम्मीद है। 5 फरवरी से फिर मौसम साफ होने के साथ अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी।



पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 1 फरवरी, 2022



# बच्चे गोद लेने अब गुरुग्राम से कहीं और नहीं जाना पड़ेगा: पारिशा शर्मा

### गुरुग्राम में शुरू हुई जिला की पहली विशिष्ट दत्तक एजेंसी

### अब गुरुग्राम के लोग यहां से ले सकते हैं बच्चे गोद

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-4 में जिला की पहली विशिष्ट दत्तक एजेंसी का उद्घाटन करती हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष पारिशा शर्मा।

**हरियाणा** राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष पारिशा शर्मा ने सोमवार को सेक्टर-4 स्थित ओल्ड ऐज होम में जिला की पहली दत्तक ग्रहण एजेंसी का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में पारिशा शर्मा ने कहा कि इस एजेंसी के शुरू होने के बाद अब गुरुग्राम जिलावासियों को किसी बच्चे को गोद लेने के लिए अन्य शहर में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। गुरुग्राम जिला अथवा देश के अन्य किसी स्थान का नागरिक थोड़े समय उपरान्त इस एजेंसी के माध्यम से अनाथ अथवा परित्यक्त बालक को गोद ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि लावारिस हालत में मिलने वाले बच्चों के परिजनों का पता न चलने पर व उनको गोद देने की प्रक्रिया अमल में लाई जाती है, जिससे कि बच्चों का लालन-पालन हो सके और नि:संतान दंपतियों को भी संतान सुख की प्राप्ति हो सके।

पारिशा शर्मा ने कहा कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद बेसहारा बच्चों के जीवन में उजाले की नई रोशनी लाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस दौरान उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि कोई भी निसंतान अथवा आर्थिक रूप से संपन्न दंपति अपने जीवन में ऐसे बच्चों को गोद जरूर लें।

उन्होंने कहा कि ऐसा करने से उनका भविष्य उज्ज्वल होने के साथ साथ आपको भी जीवन में मानसिक सुख की अनुभूति होगी। उन्होंने कहा कि बच्चा गोद लेने के लिए एक लंबी कानूनी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, जिसमें दत्तक ग्रहण एजेंसी का भी महत्वपूर्ण रोल होता है। जिला के कोई भी दंपती इस दत्तक ग्रहण एजेंसी से निर्धारित नियमों का पालन करते हुए बच्चों को गोद ले सकेंगे। इस अवसर पर गुरुग्राम मंडल बाल कल्याण अधिकारी अमरनाथ नरवाल, कार्यक्रम अधिकारी अनिल दहिया, जिला बाल कल्याण परिषद की सुपरवाइजर मीनाक्षी, लेखाकार अनिल दांगी भी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कारों के पंजीकरण जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### पंजीकरण के बाद चार फरवरी तक पोर्टल पर कर सकेंगे आवेदन

**हरियाणा** सरकार की ओर से बेहतर कार्य करने वाले राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों को प्राइम मिनिस्टर अवार्ड्स फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेनशन-2021 के तहत वेब पोर्टल पर पंजीकरण करने की अपील की गई है। पंजीकरण के बाद चार फरवरी 2022 तक पोर्टल पर आवेदन किये जा सकेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस वर्ष लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए दिए जाने वाले प्रधानमंत्री वार्षिक पुरस्कारों को नए विषयों के आधार पर अवार्ड देने का निर्णय लिया है। इन विषयों में पोषण अभियान, खेलो इंडिया, पीएम स्वनिधि योजना, एक जिला-एक उत्पाद योजना और मानव दखल के बगैर सेवाओं के बेहतर डिलीवरी तथा नवाचार के आधार पर अवार्ड के लिए शासकीय अधिकारियों के कार्य का मूल्यांकन किया जाएगा। इस अवार्ड के तहत एक ट्रॉफी, स्क्रॉल तथा 20 लाख की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने बताया कि देश के जिलों में अधिकारियों के प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए चुनी गई चार योजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पहला मानदंड, पोषण अभियान में जन भागीदारी को बढ़ाना है, जिसका लक्ष्य बच्चों, किशोरों, गभज़्वती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली महिलाओं की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करना है। दूसरा मानदंड, किसी जिला में खेलों के विकास और नागरिकों की भलाई के लिए खेलो इंडिया योजना का भरपूर लाभ उठाया गया है और अगर योजना फिजिकल फिटनेस, नई खेल प्रतिभाओं की पहचान करने और बड़े मंच पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सभी जरूरी मदद मुहैया कराने के लिए जमीनी स्तर पर पहुंची है, तो उनका मूल्यांकन भी इसी आधार पर किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जांच शिविर में तीन सौ से अधिक ने कराई जांच



गुरुग्राम में मारुति कंपनी के पास जांच शिविर में जांच कराने पहुंचे लोग।

**गुरुग्राम।** पुराना दिल्ली रोड स्थित मारुति कंपनी के पास सोमवार को आशी वेलफेयर फाउंडेशन संस्था की ओर से नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। आशी वेलफेयर फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. दलशेर सिंह ने बताया कि इस कैंप में 300 से ज्यादा मरीजों का मेडिकल चेकअप किया गया। उनको मेडिवीन फार्मेसी की तरफ से दवाइयां भी मुफ्त वितरित की गईं। इस मौके पर मेडिविन फार्मेसी के मैनेजर डॉ. देवेन्द्र भाटिया भी उपस्थित रहे। श्री भाटिया ने बताया कि हम लगातार हर सप्ताह अलग-अलग जगहों पर फ्री मेडिकल शिविरों का आयोजन करते हैं। यथासंभव दवाइयां व अन्य मेडिकल सेवाएं भी जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध करवाते हैं। इसी स्थान पर यानी शनि मंदिर में ही आगामी हर शनिवार को इस कैंप का आयोजन किया जाएगा।

### मोबाइल लूटकर भाग रहा आरोपी दबोचा

**सोहना।** महिला से मोबाइल लूटकर भाग रहे बदमाश को लोगों ने दबोच लिया। आरोपी से लूटा गया मोबाइल बरामद करने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। सोमवार को ब्लॉक फारुखनगर का गांव मुशैदपुर निवासी महिला पूनम सोहना के आंबेडकर बाईपास चौक पर ऑटो में बैठकर तावडू की तरफ जा रही थी। उसी समय बदमाश आया और महिला के हाथ में से मोबाइल को झपटने के बाद भागने लगा। महिला के शोर मचाने पर आसपास खड़े लोगों ने बदमाश का पीछा करते हुए करीब दो सौ मीटर दूर जाकर पकड़ लिया। जिसे मौके पर पुलिस को बुलाकर सौंप दिया। सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि पकड़े गये बदमाश की शिनाख्त फरीदाबाद के गांव धौज निवासी साहिल के रूप में हुई है। महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### पुलिस ने जुआ खेलते हुए दो को पकड़ा

**सोहना।** सिटी चौकी पुलिस ने सरेआम जुआ खेल रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तलाशी लेने पर 28 सौ की नकदी बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। रविवार को सिटी चौकी में तैनात एएसआई सतपाल अपनी टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान सांप की नंगल मोड़ के समीप बना उदयवीर के मकान के सामने बैठकर दो युवक सरेआम जुआ खेलते हुए नजर आए। हार-जीत की बाजी लगाते हुए 100 व 500 रुपये की आवाज सुनवाई दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जुआरियों को दबोच लिया। जिनकी पहचान बिजेन्द्र निवासी वार्ड-18 नजदीक राजीव गांधी पार्क व दूसरा नरेश वार्ड-19 डौमपाड़ा मोहल्ला निवासी के रूप में हुई है। बिजेन्द्र के पास से 15 सौ तथा नरेश के पास से 11 सौ और फड़ से भी नगदी बरामद हुई है। सिटी चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जिन्हे कच्ची जमानत पर छोड़ दिया है।

### जल्द मिलेगी टूटी सड़कों से निजात: नरेंद्र गुप्ता



**फरीदाबाद।** विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि वह जनप्रतिनिधि हैं तथा वे स्वयं इस बात को समझते हैं कि लोगों को टूटी सड़कों के कारण काफी परेशानी हो रही है। इसलिए उन्हें सड़क निर्माण को प्राथमिकता से लेते हुए अधिकतर सड़कों के टेंडर जारी करवा दिए हैं तथा कुछ सड़कों पर काम शुरू भी हो चुका है। जल्द ही शहर के लोगों को टूटी सड़कों से निजात मिलेगी। विधायक नरेंद्र गुप्ता सेक्टर-16 में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर भाजपा के उपाध्यक्ष पंकज रामपाल के अलावा पार्षद छत्रपाल, तुषार रस्तोगी, एलपी सिंह, शीतल जैन, श्री छाबड़ा, ऋषि, सौरभ, हरीश पॉल, प्रवीन गर्ग, नवनीत, अंकित जैन, रेनू ढींगरा, यश जैन सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने पीने के पानी की समस्या को दूर करने के लिए नए ट्यूबवैल व पार्क में धौलपुर पत्थर लगाने के कार्य का नारियल फुड़वाकर शुभारंभ करवाया। इस मौके पर स्थानीय पार्षद छत्रपाल ने विधायक नरेंद्र गुप्ता का उनके वार्ड में करवाए जा रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने विधायक नरेंद्र गुप्ता के सहयोग से उनके वार्ड में सर्वाधिक वैक्सीनेशन कैंप आयोजित होने पर भी उनका स्थानीय लोगों की ओर से धन्यवाद किया। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि शहर की जो मुख्य सड़कें हैं, जिनमें सैक्टर.12 कोर्ट रोड, सैक्टर-15-ए, 16-ए तथा मैट्रो अस्पताल वाले 700 मीटर वाले रोड का टेंडर जारी कर दिया गया है तथा कुछ सड़कों पर काम शुरू कर दिया गया है तथा कुछ का काम जल्द शुरु होगा। उन्होंने बताया कि इसमें से कुछ सड़कों एफएमडीए बना रहा है जबकि मैट्रो अस्पताल के सामने वाली 700 मीटर की स्मार्ट रोड स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत बनाई जाएगी। इसके अलावा वाईएमसीए रोड वाली सड़क की हालत काफी खराब है। उक्त सड़क का टेंडर भी जारी कर दिया है। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि उनका प्रयास है कि जल्द ही लोगों की समस्याओं का स्थाई समाधान हो।

# ग्राम दर्शन पोर्टल सरकार की पारदर्शी व जवाबदेह पहल

### हरियाणा सरकार के ग्राम दर्शन पोर्टल से सरकार को बताएं मन की बात

**गुरुग्राम।** ग्रामीण क्षेत्र के लोग सरकार को विकास कार्यों संबंधी मांग, शिकायत और सुझाव सीधे ऑनलाइन माध्यम से दे सकते हैं। हरियाणा सरकार द्वारा इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया गया है।

उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने बताया कि ग्राम दर्शन पोर्टल सरकार की एक व्यापक, सहभागी, पारदर्शी और जवाबदेह पहल है। इसका उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों, सरकार और ग्रामीण निवासियों के बीच संबंध स्थापित करना है। यह पोर्टल ग्रामीणों को अपनी मांग, शिकायत व सुझाव देने का एक सुविधाजनक एवं सरल माध्यम है। डॉ. यश गर्ग ने बताया कि इस पोर्टल पर ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाओं का खाका तैयार किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने विभाग से संबंधित कार्यों की प्राथमिकताएं तय करें।

### अपने गांव की शिकायत ही की जा सकेंगी दर्ज

**ग्राम** दर्शन पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति केवल अपने स्थाई निवास के गांव (जो परिवार पहचान पत्र में दर्ज हो) के संबंध में शिकायत दर्ज कर सकेगा। ग्रामीणों द्वारा दिया गया सुझाव और मांग सीधे सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, विधायक और सांसद को दिखाई देंगे। सभी जनप्रतिनिधियों को उनके अधिकार क्षेत्र के ही सुझाव डैशबोर्ड पर दिखाई देंगे, जिन्हें संबंधित जनप्रतिनिधि संस्तुति के साथ आगे बढ़ा सकेंगे।

# खुश रहना भी है तंदुरुस्त रहने का मूलमंत्र: कंगना शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### विशेष बातचीत में अभिनेत्री कंगना शर्मा ने सांझा की ये बातें

**फिट** रहना हर किसी के लिए जरूरी है। फिट रहने के लिए लोग अनेक साधन अपनाते हैं। सभी को यह पता होना चाहिए कि खुश रहना तंदुरुस्त रहने का मूल मंत्र है। खुश रहने से ही हम अच्छा वर्क आउट कर सकते हैं। कोरोना काल में फिटनेस व तंदुरुस्ती को बरकरार रखना चुनौती था, लेकिन खान-पान व अन्य कार्यों की बदौलत उन्होंने अपनी फिटनेस को सही रखा। कंगना शर्मा ब्यूटी विद ब्रेन नाम से भी फेमस हैं।

फिटनेस पर ही विशेष बातचीत में अभिनेत्री कंगना शर्मा ने कहा कि वह खुद को फिट रखने के लिए अच्छी डाइट लेती हैं। नियमित वर्क आउट उनकी दिनचर्या में शामिल है और दिन की शुरुआत वर्क आउट से ही होती है। स्वयं को फिट रखने को एक प्रॉपर डाइट चार्ट का पालन जरूरी है। इसके अलावा वह खुद को जितना ज्यादा खुश रख सकती हैं, रखती हैं।

उनकी तंदुरुस्ती और फिट होने का यही मूलमंत्र भी है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से स्नातक कर चुकीं कंगना शर्मा के परिवार की पृष्ठभूमि आर्मी की है। इसलिए वे भी आर्मी में जाना चाहती थीं। तीन साल का एनसीसी कोर्स भी उन्होंने किया। किसी कारणवश वह सेना में नहीं जा पाईं। अभिनय में भी उनकी रुचि थी। इसलिए दिल्ली में उन्होंने मॉडलिंग शुरू की।

शुरुआती दिनों में कुछ प्रिंट शूट किए और टीवी विज्ञापनों में काम किया। 2014 में मिस मैक्सिम प्रतियोगिता में भाग लिया और उप-विजेता बनीं। इसके बाद वह म्यूजिक, वीडियो में भी काम करने लगीं। 2016 में कंगना शर्मा बॉलीवुड फिल्म ग्रेट ग्रैंड मस्ती से अभिनय की शुरुआत की। उन्होंने स्टार प्लस के टीवी धारावाहिक मीरा मित्तल में अभिनय कर अपनी अलग पहचान बनाई। 2020 में कंगना जी-5 की वेब श्रृंखला द कसीनो में दिखाई दीं।



कंगना शर्मा।

# आपके क्षेत्र में ही मिलेगी प्रॉपर्टी टैक्स संबंधी सुविधा

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा के दिशा-निर्देश पर नगर निगम द्वारा नागरिकों को उनके आसपास के क्षेत्रों में विशेष कैंप लगाकर प्रॉपर्टी टैक्स से संबंधित सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। इसी कड़ी में मंगलवार एक फरवरी को दो स्थानों पर विशेष कैंप लगाए जाएंगे। नगर निगम के प्रवक्ता ने बताया कि निगमायुक्त के निर्देशों की पालना में जोनल टैक्स अधिकारी समीर श्रीवास्तव की टीम द्वारा मंगलवार को सेक्टर-50 स्थित निर्वाणा कंट्री के आरडब्ल्यूए कार्यालय तथा सोहना रोड स्थित स्पेज आईटी पार्क के मैंटेनेंस ऑफिस में विशेष कैंप लगाए जाएंगे। इन विशेष कैंपों में आप न केवल अपने प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान कर पाएंगे, बल्कि प्रॉपर्टी टैक्स से संबंधित अगर आपकी कोई शिकायत है, तो उसका भी मौके पर ही समाधान होगा।

# श्रीदुर्गा रामलीला मैदान में लगा वैक्सीनेशन कैंप

### श्रीश्याम परिवार फाउंडेशन ने स्वास्थ्य विभाग से मिल लगाया 23वां शिविर

### 21वां नि:शुल्क वैक्सीनेशन कैंप संकट मोचन धाम पर लगाया था

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**सोमवार** को यहां जैकबपुरा स्थित श्री दुर्गा रामलीला ग्राउंड, जैकमपुरा में कोरोनारोधी वैक्सीनेशन शिविर लगाया गया। यह शिविर श्रीश्याम परिवार फाउंडेशन ने स्वास्थ्य विभाग, गुरुग्राम के सहयोग से लगाया। संस्था का यह 23वां शिविर था। इस अवसर पर श्रीश्याम परिवार फाउंडेशन के अध्यक्ष पुनीत अग्रवाल, विजय गर्ग, लवली सलूजा, कमल सलूजा, हिमांशु शर्मा, आशीष सिंगला,



जैकबपुरा में वैक्सीनेशन शिविर में वैक्सीन लगाती स्वास्थ्यकर्मी।

अनुज, प्रिंस मंगला, दिनेश कुमार व सुमन आदि मौजूद रहे। संस्था के उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल व संरक्षक नवीन गुप्ता ने बताया इससे पहले 21 जनवरी को 21वां नि:शुल्क वैक्सीनेशन कैंप संकट मोचन धाम रामलीला ग्राउंड, सदर बाजार, गुरुग्राम व 22वां नि:शुल्क वैक्सीनेशन कैंप 24 जनवरी को गऊशाला, नजदीक बस स्टैंड पर लगाया गया था। फाउंडेशन आगे भी इसी तरह से स्वास्थ्य विभाग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन करता रहेगा। फाउंडेशन के रोशनपुरा टीम के अध्यक्ष सर्वेश शर्मा व जैकमपुरा टीम के अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि शिविर में लोगों को वैक्सीन लगाने के साथ कोरोना के प्रति जागरूक भी किया गया।

# सोहना क्षेत्र में अपराधिक मामलों में आई कमी

### 2021 जनवरी की अपेक्षा इस साल दर्ज मुकदमों की संख्या हुई कम

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**साल** के पहले माह जनवरी में सिटी थाना सोहना में भोंडसी व सदर थाना सोहना की अपेक्षा सबसे अधिक अपराधिक मामले दर्ज हुए हैं। सिटी थाना में लगभग 53 तथा भोंडसी में 40 के करीब मामले दर्ज हुए है।

कोरोना की तीसरी लहर ओमिक्रोन के दौरान लगाई गई पाबंदियों के चलते वर्ष का पहला महीना जनवरी अपराधिक मामलों में सोहना का सिटी थाना खंड के दो अन्य पुलिस थानों की अपेक्षा पहले नंबर पर रहा। भोंडसी व सदर थाना सोहना में ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण चोरी की वारदातें कम होती हैं। जबकि शहरी क्षेत्र में बाइक, स्कूटी और चोरी की अन्य वारदातें अन्य अपराधों की अपेक्षा सबसे अधिक घटित होती हैं।

करीब 40 हजार की आबादी वाले सोहना शहर में बीतें एक माह में बाइक चोरी की वारदातें बीतें वर्ष 2021 के महिनों के हिसाब से कम हुई है। दुकान व मकानों में चोरी की वारदातें भी 20 से 30 फीसदी कम रही हैं। सिटी थाना में बीते जनवरी माह में करीब 53 मामले दर्ज हुए है। जिनमें अदालत द्वारा भगौड़ा घोषित किए गए आरोपियों के खिलाफ दर्ज मामले भी शामिल हैं।

#### भोंडसी थाना में दर्ज मामले 40 के करीब

**भोंडसी** थाना क्षेत्र में जनवरी माह के अंदर करीब 40 मामले दर्ज हुए हैं। जिनमें भोंडसी मारुति कुंज क्षेत्र में ताला बंद मकानों में चोरी होना तथा बिना बताएं घरों से लापता हुई किशोरी और विवाहित महिलाओं के मामले सबसे ज्यादा रहे हैं। तीसरे नंबर पर पुलिस द्वारा शराब के नशा में सरेआम शोर मचाने व राहगिरों के रास्ते में बाधा बनने वालों पर दर्ज हुए मामले भी शामिल हैं।

#### सदर सोहना में 30 के करीब

**जनवरी** माह में सोहना सदर थाना में करीब 30 मामले दर्ज हुए हैं। जिनमें चोरी के मामले सबसे ज्यादा रहे हैं। इसके अलावा आपसी लड़ाई-झगड़े दूसरे नंबर पर रहे हैं। महिलाओं से संबंधित अपराधिक मामले नाममात्र रहे हैं।

# दो रातों में बाइक समेत लाखों का माल हुआ पार

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**शहर** में बढ़ती चोरी की वारदातों से शहरवासियों में खलबली का माहौल है। बीती दो रातों में बाइक समेत 4 लाख रुपये के गहने और तीन लाख 65 हजार रुपये की नकदी चोरों ने पार कर दी। पुलिस ने मिली शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज कर लिया। वारदातों का खुलाशा करने के लिए जांच भी शुरू कर दी है। शहर में बाइक चोरों से लेकर नगदी, जेवरात और शादी विवाह में चोरों का आंतक बढ़ने लगा है।

बीतें दो रातों में शहर के तीन स्थानों पर हुई चोरी की वारदातों में करीब 4 लाख रुपये के जेवरात, तीन लाख 65 हजार रुपये की नकदी तथा एक बाइक शामिल है। ये सभी चोरियां शाम आठ से 10 बजे के बीच में हुई हैं। शनिवार को शहर के चुंगी नंबर एक पर राघव वाटिका में हो रही शादी में 15 वर्षीय एक चोर फरीदाबाद निवासी ओमप्रकाश का तीन लाख के कैश व जेवरातों से भरा बैग लेकर चला गया। दूसरी वारदात शनिवार की रात को ही वार्ड-21 की सैनी कॉलोनी में ताला बंद मकान में हुई। मकान से करीब एक लाख रुपये के जेवरात 65 हजार रुपये की नकदी चोरी हो गई। तीसरी वारदात शहर के वार्ड-15 के खातीवाड़ा मोहल्ले में हुई। यहां से चोर घर के बाहर खड़ी बाइक को ले गये।

#### शादी समारोह पर चोरों की नजर

**शादी** कार्यक्रमों में चोरों का आंतक बढ़ने लगा है। करीब डेढ़ माह पहले भी बालूदा मार्ग पर बनी वाटिका में शादी के कार्यक्रम में गाड़ी के अंदर से बैग चोरी हो गया था। इसके बाद एक चोर एक कार को भी ले गया था। महिलाओं के पर्स चोरी होना तो आम बात सी हो गई है। शहर के अंदर बीतें एक सप्ताह में चार बाइकें चोरी हुई हैं। प्रभारी सिटी थाना उमेश कुमार ने बताया है कि चोरी की वारदातों का खुलाशा करने के लिए तीन टीमों का गठन किया है। गठित की गई टीमें आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों समेत अन्य तरीकों से जांच करने में जुटी हैं।

# गुरुग्राम विवि का अमेरिका की सैलर एकेडमी से हुआ करार




एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद फाइलों का आदान-प्रदान करते दोनों संस्थानों के अधिकारी।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**गुरुग्राम** विश्वविद्यालय ने अमेरिकन नॉन-प्रॉफिट मेकिंग फाउंडेशन सैलर एकेडमी के साथ एक समझौता किया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अगुवाई में गुरुग्राम विवि के कुलसचिव डॉ. शशि भूषण भारती और सैलर एकेडमी के कार्यकारी निदेशक जेफरी डेविडसन द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

इस करार के तहत दोनों संस्थान मिलकर युवाओं को प्रशिक्षण देंगे। एमओयू का उद्देश्य गुरुग्राम विवि के छात्रों को डिग्री प्रोग्राम के साथ-साथ इंडस्ट्री से जुड़ी मुफ्त स्किल ट्रेनिंग देना है। इससे उन्हें रोजगार पाने में मदद मिल सकेगी। इस अनुबंध के अनुसार सैलर संस्था द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को ऑनलाइन डिस्टेंस कोर्सेज नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। उनमें उत्तीर्ण होने पर प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। छात्रों के लिए कंप्यूटर बेस्ड कोर्स, प्रबंधन कम्युनिकेशन, स्पोकन इंग्लिश, कम्युनिकेशन, व्यावसायिक विकास, टाइम मैनेजमेंट, प्रोफेशनल स्किल, डेवलपमेंट कोर्स, डिसीजन मेकिंग इंटरव्यू की तैयारी के ग्रुप डिस्कशन से जुड़े कोर्स सहित करीब 50 से 60 सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किये जाएंगे।

### गुरुग्राम विवि के छात्र कर सकेंगे फ्री ऑनलाइन डिस्टेंस कोर्स

भारत की सबसे बड़ी क्रिएटर इकोसिस्टम गुड क्रिएटर कंपनी ने

# मिसमालिनी द्वारा क्यूरेट किए गए 'गुड क्रिएटर कंपनी एक्स डब्बू रतनानी क्रिएटर कैलेंडर 2022' के लॉन्च की घोषणा की

### यह सेलिब्रिटी फोटोग्राफर द्वारा अपने वार्षिक बॉलीवुड स्टार-स्टड कैलेंडर के साथ इस साल जारी किया गया दूसरा कैलेंडर होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**गुड** क्रिएटर कंपनी एक्स डब्बू रतनानी क्रिएटर कैलेंडर 2022 मिसमालिनी द्वारा क्यूरेट किया गया। गुड क्रिएटर कंपनी भारत के सबसे बड़े क्रिएटर इकोसिस्टम ने पहली बार लांच किया। कैलेंडर में विविध क्षेत्रों के 12 टॉप कंटेंट क्रिएटर्स और विभिन्न क्षेत्रों के प्रभावी लोग शामिल हैं। इसे भारत के 12 टॉप डिजाइनरों द्वारा स्टाइल किया गया है जो आज के जमाने के कंटेट क्रिएटर्स की काबिलियत को बयां करते है। यूनिक कैलेंडर में नए जमाने की मशहूर सेलिब्रेटी के रूप में प्रभावशाली लोगों की विशेषता के द्वारा सेलिब्रिटी शब्द का और विस्तार करता है।

फैशन, ब्यूटी, फिटनेस, कॉमेडी, फूड और लाइफस्टाइल से लेकर गेमिंग और न्यूज आदि सेक्टर के प्रमुख प्रभावशाली लोगों को इसमें पेश किया गया। गुड क्रिएटर कंपनी एक्स डब्बू रतनानी क्रिएटर कैलेंडर 2022 मिसमालिनी द्वारा क्यूरेट किया गया निम्नलिखित प्रभावशाली लोगों को प्रदर्शित करता है, जिन्हें फैशन डिजाइनर्स ने स्टाइल किया है। द गुड क्रिएटर कंपनी एक्स डब्बू रतनानी क्रिएटर कैलेंडर 2022 मिसमालिनी द्वारा क्यूरेट किया गया। डब्बू रतनानी और मिस मालिनी (गुड क्रिएटर कंपनी के सह-संस्थापक भी) द्वारा बेहतर तरीके से बनाया गया है। इसमें उन प्रभावशाली लोगों को पेश किया जा सके जिन्होंने अपना खास स्थान बनाया है। डिजिटल क्षेत्र में यूटयूबर्स कैरी मिनाती, बेयॉनिक और प्राजक्ता कोली ने अपने गेमिंग और कॉमेडी वीडियो से सनसनी मचा दी है। इस बीच, मिस्टर फैसू और मृणाल पांचाल ने शॉर्ट-फॉर्म वीडियो कंटेंट की दुनिया में तूफान ला दिया है। मेल्विन लुइस जहां एक प्रसिद्ध डांसर और कोरियोग्राफर हैं, वहीं रणवीर अल्लाहबादिया, जिन्होंने एक फिटनेस यूट्यूबर के रूप में शुरुआत की थी, ने एक सोशल मीडिया एंटरप्रिन्योर के रूप में विविधता लाई है। वहीं, सुशांत दिव्गीकर एक साइकोलॉजिस्ट, मॉडल, सिंगर होने के साथ-साथ ड्रैग क्वीन आइकन भी हैं। मासूम मीनावाला एक प्रमुख फैशन ब्लॉगर और एंटरप्रेन्योर हैं। इसके अलावा, फेय डिसूजा डिजिटल पत्रकारिता के साथ दुनिया को टक्कर दे रहे हैं। मालिनी अग्रवाल भारत की पहली डिजिटल प्रभावकार थीं, और पूजा ढींगरा एक पेस्ट्री शेफ हैं जिन्होंने देश का पहला मैकरॉन स्टोर खोला। अपनी यूनिकनेस के अलावा इन सभी क्रिएटरों में एक बात समान है - वे न केवल अपने काम की गुणवत्ता में बल्कि इसके पीछे की मंशा में गुड क्रिएटर है।



गुड ग्लैम ग्रुप की सह-संस्थापक प्रियंका गिल ने कहा, हम मिसमालिनी द्वारा क्यूरेट किए गए गुड क्रिएटर कंपनी एक्स डब्बू रतनानी क्रिएटर कैलेंडर 2022 के लॉन्च की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। गुड ग्लैम ग्रुप में, हमने हमेशा कंटेंट-क्रिएटर-कॉमर्स स्ट्रैटेजी और कंटेंट क्रिएटर्स के प्रभाव को पेश करता है। यह अपनी तरह का पहला कैलेंडर इसमें आज और भविष्य के ब्रांड्स के क्रिएटर्स की पॉवर को दुनिया के सामने लाने में मदद करता है।

गुड क्रिएटर की सह-संस्थापक, मिसमालिनी एंटरटेनमेंट की संस्थापक और क्रिएटिव डायरेक्टर, मालिनी अग्रवाल ने कहा, हम गुड क्रिएटर कंपनी में डब्बू रतनानी के साथ इस साल के अभूतपूर्व कैलेंडर के लिए काम करने के लिए उत्साहित हैं। मिसमालिनी द्वारा क्यूरेट किया गया गुड क्रिएटर कंपनी एक्स डब्बू रतनानी क्रिएटर कैलेंडर 2022% विभिन्न क्रिएटर्स की क्रिएटिविटी को नए साल में नए तरीके से पेश करेगा।

# मदर चाइल्ड केयर यूनिट के लिए 103 करोड़ का बजट

## किया जा रहा स्थान सुनिश्चित, जल्द तैयार होगा 200 बिस्तरों का एमसीएच

कविता। फरीदाबाद

**200 बिस्तर** के बीके सिविल अस्पताल में करीब 50 से 60 बिस्तर जच्चा-बच्चा के लिए इस्तेमाल होते हैं। इस अस्पताल में प्रतिमाह करीब 500 से 600 डिलीवरी होती है।


ऑक्सीजन प्लांट के आसपास खाली जगह, जहां तैयार होगी एमसीएच यूनिट।

ऐसे में यहां एक बिस्तर पर एक से दो जच्चा-बच्चा को भर्ती किया जाता है। जिसे देखते हुए कई वर्षो से अस्पताल परिसर में ही अगल से 200 बिस्तरों की मदर चाइल्ड केयर यूनिट बनाए जाने की मांग की जा रही थी। कोरोना काल में स्वास्थ्य सेवाओं का महत्व समझ आने के बाद इसका बजट 103 करोड़ रुपये का पास होकर एनएचएम योजना के तहत जिला स्वास्थ्य विभाग के पास आ चुका है। जिसे देखते हुए अब पीडब्ल्यूडी को इसका काम सौंप दिया गया है। इस प्रोजेक्ट के तहत अब सिविल अस्पताल में मैपिंग का कार्य शुरू किया गया है। इस विषय में लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पहले इसके लिए बजट आ चुका है। फिलहाल डिजाइनिंग का काम शुरू कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक बीते कई वर्षो से एमसीएच (मदर चाईल्ड केयर यूनिट) बीके अस्पताल में बनाने की मांग चल रही थी। जिसके लिए बीके अस्पताल की रैम्प के पीछे की जगह निर्धारित की गई थी, लेकिन कोरोनाकाल में ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए वहां ऑक्सीजन प्लांट लगा दिया गया था। दो ऑक्सीजन प्लांट उक्त स्थान पर बन जाने से यहां दोबारा से मैपिंग का कार्य किया जा रहा है। जिस कारण बजट आने के एक हफ्ते बाद भी काम शुरू नहीं किया जा सका है।

### अस्पताल के पीछे होगा तैयार

**पीडब्ल्यूडी** के एक्सईएन प्रदीप सिंधू से पायनियर संवाददाता की बात हुई तो उन्होंने बताया कि एनएचएम प्रोजेक्ट के तहत 200 बिस्तरों की मदर चाइल्ड केयर यूनिट बनाने के लिए सरकार की तरफ से 103 करोड़ रुपये का बजट पास होकर जिले में आ चुका है। उन्होंने बताया कि इसके लिए जगह की मैपिंग दोबारा करनी पड़ रही है, क्योंकि रैम्प के पीछे इसे बनाने के लिए कहा गया था, लेकिन वहां ऑक्सीजन प्लांट है। ऐसे में दोबारा से डिजाइन और तैयारी की जा रही है। जल्द ही पूरे अस्पताल की तरह का स्थान निर्धारित होने पर इसका काम शुरू कर दिया जाएगा। अस्पताल के पीछे ही इसका निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एनआईसीयू, ऑपरेशन थियेटर सहित अन्य कई सुविधाएं इस यूनिट में उपलब्ध होंगी।

# मामूली विवाद में दोस्तों ने पीट-पीट कर की युवक की हत्या

## सुबह अर्धनग्न हालत में सड़क पर पड़ा था मृत युवक का शव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**ग्रेटर** फरीदाबाद के बुढैना गांव में बीती रात कुछ लोगों ने एक युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी। घटना से पहले मृतक घर से खाना लेने के लिए निकलना था। ढाबे से खाना पैक करवा कर लौटते समय उसे कुछ अन्य युवक मिल गए। जिसके साथ मृतक ने खाना पीना खाया था। जिसके बाद मृतक का किसी बात को लेकर उन युवकों के साथ झगड़ा हो गया। यह सारी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

सुबह सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो युवक का अर्धनग्न शव पड़ा हुआ था। परिजनों का आरोप है कि उन्हीं युवकों ने हत्या की


शोकाकुल बैठे मृत युवक के परिजन। इनसेट में मृत दलीप का फाइल फोटो।

वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

जानकारी के मुताबिक बुढैना गांव में तेजराम नामक व्यक्ति अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनके परिवार में चार बेटे हैं। तीसरे नंबर का 25 वर्षीय बेटा दलीप रंग रोगन का काम करता था। बताया गया है कि अन्य दिनों की तरह बीती शाम भी वह काम से घर लौट आया था। रात को वह ढाबे से खाना लाने की बात कह कर घर से निकला था। लेकिन इसके बाद वह लौट कर नहीं आया। सुबह करीब साढ़े पांच बजे किसी व्यक्ति ने घर पहुंच कर तेजराम को सूचना दी कि उनका बेटा गांव के बाहर सड़क पर घायल हालत में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही तेजराम अपने अन्य बेटों और परिजनों के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां उन्होंने देखा कि दलीप घायल अवस्था में मौके पर पड़ा हुआ है। उसे तुरंत एक निजी क्लीनिक पर ले जाया गया। जहां जांच के बाद डाक्टरों ने दलीप को मृत घोषित कर दिया।

परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया। मृतक दलीप के भाई राजेंद्र ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटैज से पता चला कि दलीप ने दो लोगों का खाना पैक करवा कर लौट रहा था। रास्ते में उसे कुछ अन्य युवक मिल गए। जिनके साथ बैठकर दलीप ने खाना पीना खाया था। उसी दौरान किसी बात को लेकर दलीप का उन लोगों से झगड़ा हो गया। फुटेज में वह युवक दलीप के साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं। सुबह जब वह मौके पर गए तो दलीप का अर्धनग्न शव पड़ा हुआ था। वह आरोपी युवकों को पहचानते नहीं हैं। पुलिस मामले की छीनबीन कर आरोपियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# ठेका कर्मचारियों ने विधायकों को मांगों का ज्ञापन सौंपा



हरियाणा भंडारण निगम के चेयरमैन एवं विधायक नयन पाल रावत को ज्ञापन सौंपते स्वास्थ्यकर्मी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**स्वास्थ्य** ठेका कर्मचारी यूनियन द्वारा कई सालों से ठेके पर लगे हुए कर्मचारियों को बिना किसी कारण के नौकरी से निकाले जाने के निर्देशों को वापस लेने की मांगों को लेकर विधायकों को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने पृथला विधायक नयनपाल रावत और बड़खल विधायिका सीमा त्रिखा को मांगों का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उन्होंने बताया है कि स्वास्थ्य विभाग में दस हजार से ज्यादा कर्मचारी सुपरवाइजर, सिक्योरिटी गार्ड, चतुर्थ श्रेणी, कम्प्युटर ऑपरेटर, इलेक्ट्रीशियन हेल्पर, प्लंबर, कारपेंटर, सफाई कर्मचारी, चौकीदार, टेक्नीशियन हेल्पर, सीवर मेन, धोबी, माली, लिफ्ट मेन आदि पदों पर कई सालों में ठेके पर लगे हुए हैं।

अनुबंध पर लगे इन कर्मचारियों अपनी जान जोखिम में डालकर कोरोना की पहली, दूसरी और तीसरी लहर में सराहनीय कार्य किया है। इसके लिए कोरोना योद्धा बताते हुए हौंसला अफजाई में तालियां व थालियां बजवाई गई। लेकिन इसके बावजूद पांच सौं से अधिक ठेका कर्मचारियों को बिना किसी कारण के नौकरी से निकाल दिया गया।

# निम्न आय वर्ग के परिवारों को मुख्य धारा में लाना योजना का लक्ष्य:सीएम

## हरियाणा के तीन लाख से अधिक लाभार्थियों को पांच करोड़ 33 लाख के करीब का दिया गया प्रीमियम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सीएम** ने मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना के तहत लाभार्थियों को सम्बोधित किया। जिसके के तहत लाभार्थियों को किस्त जारी की गई। प्रदेश में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 1,82,000, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 1,78,000, मानधन योजना के तहत 30000 लाभार्थियों को सौगात मिली। जिसमें हरियाणा के तीन लाख से अधिक लाभार्थियों को पांच करोड़ 33 लाख के करीब का प्रीमियम दिया गया।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मार्च तक सभी 43 लाख लोगों को रजिस्टर करने का लक्ष्य निर्धारित किया


सीएम मनोहरलाल की वीडियो कांफ्रेसिंग में भाग लेते एडीसी सतबीर मान और अधिकारी।

गया है। उन्होंने कहा कि निम्न आय वर्ग के परिवार को कैसे मुख्य धारा में लाया जाए ये यही सरकार का लक्ष्य है। एक लाख तक वार्षिक आय वाले परिवारों को आगे बढ़ाने के लिए अंत्योदय मेले लगाए गए हैं। अलग-अलग विभागों की 54 स्कीम के तहत उनकी आय बढ़ाने के लिए काम किया है।

सीएम ने मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना के संबंध में की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये यह जानकारी दी। इस योजना के दायरे में आने वाला प्रत्येक परिवार 6000 रुपये प्रति वर्ष के लाभ के लिए पात्र होगा। फरीदाबाद जिला के प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत लाभार्थियों के खाते में प्रीमियम राशि रीइंबर्स हुई।

सीएम के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान ने जिला के अधिकारियों की बैठक ली। इस योजना के अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ने के निर्देश दिए। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त ने लाभार्थियों को प्रतिपूर्ति पत्र भी सौंपे। एडीसी ने कहा कि सरकार की यह एक अनूठी पहल है जो हर वर्ग के भविष्य को सुरक्षित करने तथा सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का काम कर रही है। इस योजना के संबंध में जानकारी लेने के लिए कोई भी नागरिक टोल फ्री नंबर 18001801111 पर संपर्क कर सकता है।

# भाजपा छोड़ आप में जता रहे भरोसा

## एनआईटी विधानसभा अध्यक्ष बदला,

## जल्द बदलेगा बल्लभ गढ़ विस अध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आम** आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना ने सोमवार को जिला कार्यालय पर एनआईटी विधानसभा से राजकुमार यादव, मनोज सिन्हा एवं आशुतोष झा को पार्टी में शामिल कराया। तीनों को टोपी एवं पटका पहनाकर विधिवत रूप से घोषणा की गई। इसके अलावा आम आदमी पार्टी कि समपूर्ण टीम ने मिलकर राकेश प्रसाद को एनआईटी विधानसभा अध्यक्ष भी मनोनीत किया।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि आम आदमी पार्टी के एनआईटी विधानसभा अध्यक्ष के बाद बल्लभगढ़ विधानसभा अध्यक्ष को भी शीघ्र बदला जाएगा और पार्टी हित में मजबूत व्यक्ति को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। आम आदमी पार्टी में लगातार लोग शामिल हो रहे हैं,



आप के कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में राज कुमार यादव, मनोज सिन्हा और आशुतोष झा का पार्टी में शामिल होने पर स्वागत करते अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना।

जिससे पार्टी को मजबूती मिल रही है। सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा एवं कांग्रेस को छोड़कर लोग अरविंद केजरीवाल जी की नीतियों में भरोसा एवं विश्वास जाता रहे हैं। आज प्रदेश की जनता भलीभांति समझ चुकी है कि उनके हित कहां सुरक्षित हैं। भाजपा में केवल पूंजीपतियों एवं उद्योगपतियों के हित सुरक्षित है। इसका जीता जागता उदाहरण हम अरावली वन क्षेत्र में प्रशासन की कार्यवाही के रूप में देख चुके हैं। भड़ाना ने कहा कि पार्टी के बढ़ते आधार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि फरीदाबाद के एक-एक वार्ड से कई-कई उम्मीदवार अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं, जोकि पार्टी के लिए अच्छी बात है। पार्टी में टिकट को लेकर कंपटीशन होना अच्छी बात है, इससे पार्टी की मजबूती का पता चलता है। आज बीजेपी सरकार से लोगों का मोहभंग हो चुका है। राज्यसभा सांसद एवं सह प्रभारी डॉ सुशील गुप्ता ने जो कार्य पार्टी को मजबूत करने के लिए किए हैं, आज उनका ही परिणाम है कि लोगों का रुझान लगातार आम आदमी पार्टी में बढ़ रहा है। दिल्ली में केजरीवाल के कुशल नेतृत्व एवं पार्टी की नीतियों पर आस्था जताते हुए आम आदमी पार्टी में लगातार युवा, महिलाएं एवं अन्य लोग शामिल हो रहे हैं।

# सरकार के खिलाफ जमकर गरजे बिजली कर्मी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बिजली** निगम फरीदाबाद सर्किल की चारों डिवीजनों पर प्रदेश सरकार की शोषणकारी एवं कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ कर्मचारियों ने हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसईबी वर्करज यूनियन के बैनरतले प्रदेश कमेटी के आव्हान पर आगामी 22 फरवरी 2022 की राज्यव्यापी हड़ताल को लेकर निगम के डिविजन कार्यालयों पर दो घन्टे जमकर नारेबाजी की।

इस विरोध प्रदर्शन की कड़ी में केंद्रीय कमेटी के नेता सतीश छाबड़ी सहित सर्कल सचिव सन्तराम लाम्बा की अगुआई में फरीदाबाद की चारों डिविजन पर जिसमे ओल्ड फरीदाबाद डिवीजन से प्रधान लेखराज चौधरी व सचिव जयभगवान अंतिल, एनआईटी फरीदाबाद से प्रधान विनोद शर्मा व सचिव बृजपाल तंवर, बल्लभगढ़ से प्रधान कर्मवीर यादव व सचिव मदनगोपाल एवम ग्रेटर फरीदाबाद से प्रधान सुनील कुमार व सचिव वीरसिंह रावत के नेतृत्व में चारों डिवीजनों पर कर्मचारियों ने हड़ताल को लेकर बिगुल फूंकते और आक्रोश दिखाते हुए जोरदार प्रदर्शन


बिजली निगम के डिविजन कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

कर मैनेजमेंट व प्रदेश सरकार के खिलाफ नारे लगाए।

कर्मचारियों के इस विरोध प्रदर्शन पर प्रदेश महासचिव श्री सुनील खटाना ने पहुंचकर संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों ने इस महकमे को घाटे से मुनाफे में उभारा है। कर्मचारीययों ने अपनी जान को जोखिम में डाल निर्बाध बिजली की आपूर्ति कराते हुए प्रदेश में लगे लॉकडाउन को सफल बनाया व इस वैश्विक महामारी की चपेट में था तो ऐसे समय मे भी बिजली कंपनियों की होने वाली राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में कर्मचारियों ने हरियाणा बिजली निगम को देश मे दूसरे स्थान पर लाकर प्रदेश का नाम रोशन किया। लेकिन बड़े दुर्भाग्य से कहना पड़ रहा है कि हब देश मे लॉकडाउन था तब हमारी सरकार कर्मचारियों के लिये तोहफे के तौर पर ऑनलाइन ट्रान्सफर पॉलिसी को लाकर कर्मचारियों को कोसों दूर करने का काम किया। इतना ही नही कम संसाधनों के साथ साथ मैन पावर की कमी से जूझते राइट टू सर्विस एक्ट को लागू कर कर्मचारियों को प्रताड़ित करने का काम किया।

इतना ही नही प्रदेश में हजारों कच्चे कर्मचारी जो एक लम्बे समय से जो पक्का होने की राह देख रहे थे सरकार ने उन कच्चे कर्मियों को पक्का करना तो दूर की बात सरकार ने कौशल रोजगार निगम बनाकर कई वर्षों से लगे कच्चे कर्मचारियों के वेतन को भी कम करने व इससे स्थाई भर्ती पर पूर्ण विराम लगाने काम सरकार कर रही है। श्रमिकों के 26 कानूनों को तोड़ मरोड़ कर पूंजीपतियों को 04 कानूनों में तब्दील करने का काम किया व ना तो कोरोना काल मे जान गंवाने वाले बिजली कर्मियों के आश्रितों को 50 लाख रुपये मुआवजा मिला और ना ही वर्तमान में कार्यरत कर्मचारी को कोरोना वारियर्स का दर्जा प्राप्त हुआ बल्कि सरकार ने इस कोरोना महामारी की आड़ में कर्मचारियों का 18 महीने के डी.ए तक को रोके बैठी है।

बिजली बिल संशोधन के नाम पर विभागों का निजीकरण करने पर आमादा है। हमारी मुख्य मांगों में एनपीएस प्रणाली को बंद कर पुरानी पेन्शन बहाली कराना, कच्चे कर्मचारियों को जब तक पक्का नही किया जाता तब तक माननीय सर्वोच्चय न्यायालय के आदेशानुसार समान काम समान वेतनमान देना, कर्मचारियों के लिये पूर्णत: कैशलेस मेडिकल चिकित्सा सुविधा बिना सशर्त लागू करना, एक्सग्रेसिया पॉलिसी लागू करना, फ्री यूनिट्स लागू करना, जोखिम भत्ता देना, क्लेरिकल कर्मियों को वर्दी देना, समुचित टी एन्ड पी सहित संसाधन देना आदि माँगे हैं जिनपर निगम और सरकार चुप्पी साध रहे हैं। इस प्रदर्शन के बाद मांगों के संघर्ष पर जारी आंदोलन में आगामी 08 फरवरी 2022 को प्रदेश के सभी सर्कल कार्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन किए जायेंगे।

# बजट में गरीब को मिलें अधिक स्वास्थ्य सुविधाएं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एक** फरवरी को केंद्र सरकार आम बजट पेश करने जा रही है। इस बजट से जहां आम लोगों को काफी उम्मीदें हैं। वहीं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोग भी आम बजट से काफी आस लगाए बैठे है। डॉक्टर वर्ग ने स्वास्थ्य सेवाओं में गरीब लोगों को अधिक सुविधाएं देने की मांग की है। डॉक्टरों का कहना है कि आयुष्मान योजना के तहत गरीब लोगों को पांच लाख रुपये से बढ़ाकर सात लाख रुपये की राशि की जानी चाहिए। इससे लोगों को राहत मिलेगी।

वहीं, सरकारी अस्पतालों में दवाई और ऑपरेशन की सुविधा में इजाफा करना चाहिए। नीलम चौक स्थित फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल के न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के डायरेक्टर डॉ. रोहित गुप्ता ने बताया कि यदि देश में स्वास्थ्य सुविधाएं अच्छी होंगी तो आम जनता को और अधिक सुविधाएं मिल सकेगी। इसलिए सरकार को एक फरवरी को पेश किए जाने वाले बजट में मेडिकल में


डॉ. रोहित गुप्ता।

अधिक से अधिक छूट देने का प्रावधान किया जाना चाहिए। यदि छूट का प्रावधान होगा तो लोगों को इलाज कराने में अधिक परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी।

डॉ. रोहित गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित लोगों से आम बजट को लेकर भी काफी उम्मीदें है। निजी अस्पतालों में भी सरकार को आयुष्मान योजना के तहत बजट को बढ़ाने का प्रावधान किया जाना चाहिए। यदि इस योजना के तहत बजट में जितनी अधिक बढ़ोतरी होगी तो उतना आसानी से ही गरीब लोग इलाज करवा सकेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## वैश्य समाज ने मंत्री का किया स्वागत, जताया आभार


सेक्टर-15 स्थित सामुदायिक भवन में वैश्य समन्वय समिति द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में कैबिनेट मंत्री डॉ कमल गुप्ता के साथ समाज के लोग।

**फरीदाबाद।** सेक्टर-15 स्थित सामुदायिक भवन में वैश्य समन्वय समिति की तरफ से अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। जहां पर वैश्य अग्रवाल समाज के गणमान्य लोगों ने कैबिनेट मंत्री का जोरशोर से अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक नरेंद्र गुप्ता ने की। मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि हिसार में मंजूर हुए महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट परिसर में विश्व स्तरीय मेडिसिटी बनाई जाएगी। वैश्विक स्तर की मेडिसिटी करीब 200 एकड़ में तैयार होगी। इस अवसर पर अग्रवाल धर्मशाला सोसायटी के प्रधान संत गोपाल गुप्ता, वैश्य समन्वय समिति के संयोजक जेपी गुप्ता, अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश संगठन मंत्री केदार नाथ अग्रवाल, पंकज गर्ग, अनिल चांदीवाला, केके मित्तल, विनोद गर्ग, गोपाल गर्ग, अरुण बजाज, महाराज अग्रसैन विवाह समिति के बिरम गोयल, प्रह्लाद गोयल, कन्हैया गोयल, के के मित्तल, मनोहर सिंघल, रमेश अग्रवाल, शामलिया गुप्ता, इंद्र पाल, राजन गुप्ता व कैलाश गर्ग आदि समाज के लोग मौजू रहे।

## कोरोना से एक मौत, 219 पॉजिटिव मिले, 947 स्वस्थ्य हुए

**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। सोमवार को कोरोना वायरस के 219 मामले पॉजिटिव आए हैं। अच्छी बात यह है कि 947 लोग ठीक हो गए। वहीं सोमवार को जिला में रिकवरी रेट भी 96.51 प्रतिशत पर पहुंच गया है। जिले में एक मौत होने से मृतकों की संख्या का आंकड़ा 736 पर पहुंच गया। वहीं जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 3591 है। जिसमें होम आइसोलेशन पर जिला में 3492 लोगों को रखा गया हैं। वहीं कोरोना पॉजिटिव के 99 केस अस्पताल में भर्ती हैं। जिसमें आईसीयू में गंभीर बीमारियों से ग्रस्त 23, ऑक्सीजन पर 16 और वैंटीलेटर पर 5 मरीजों को रखा गया है। जिला में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए टेस्टिंग और वैक्सीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। जिला में पिछले 24 घंटे में 3896 लोगों के टेस्ट किए गए। जबकि अब तक जिला फरीदाबाद में 1440884 लोगों ने अब तक टेस्ट करवाया गया। इनमें से 123928 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए। जबकि 1313476 लोग नेगेटिव मिले। वहीं जिले में सरकारी प्रयोगशालाओं में लिए गए सैम्पलों में 2861 और निजी में 619 सैम्पलों की जांच रिपोर्ट आनी शेष है।


कोरोना योद्धा अब्दुल से जांच करवाती प्राची।

## मकान कब्जाने वाले कातिया गैंग के दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 की टीम ने अवैध रुप से संजय कॉलोनी पड़ोसी के मकान पर कब्जा करने के मामले में दो आरोपियों को सेक्टर-65 से गिरफ्तार किया हैं। गिरफ्तार आरोपी रामबीर उर्फ योगेश और रामकुमार उर्फ लाल आदित्य उर्फ कातिया की गैंग में पिछले 6-7 साल से काम कर रहे हैं। गिरफ्तार आरोपी रामबीर उर्फ योगेश बल्लभगढ़ के जीवन नगर और आरोपी रामकुमार उर्फ लाल बल्लभगढ़ के आदर्श नगर में रहते हैं। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि हरफला गाँव के त्रिलोकचंद, जो वर्तमान में संजय कॉलोनी बल्लभगढ़ में रहते हैं। इनके मकान के पास ही आरोपी आदित्य उर्फ कातिया कंस्ट्रक्शन का काम करता है। कातिया मकान को हड़पने की नीयत से शिकायतकर्ता को कई बार परेशान कर चुका है। आरोपी का कहना है की मकान के स्थान पर उसका शोरुम रहेगा। आरोपी ने शिकायतकर्ता को मकान बेचकर खाली करने का दवाब बनाता है।

## फरीदाबाद पुलिस के चार कर्मी हुए सेवानिवृत्त

**फरीदाबाद।** पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस आयुक्त कार्यालय के प्रांगण में फरीदाबाद पुलिस विभाग के सेवानिवृत्ति पाने वाले निरीक्षक जगमाल, निरीक्षक विनोद कुमार, सहायक उप निरीक्षक हरभजन एवं ग्रुप-डी कर्मचारी जिले सिंह की सेवानिवृत्ति विदाई पार्टी आयोजित की गई किया गई। विकास कुमार अरोड़ा आईपीएस पुलिस आयुक्त द्वारा स्मृति चिन्ह देकर उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी गई। जवान निरीक्षक जगमाल को अपने 38 साल की लम्बी सेवा के उपरान्त पुलिस विभाग में वर्ष 2016 से फरीदाबाद में इंचार्ज संजय कालोनी, धौज, सैनिक कॉलोनी व अन्य जगह सराहनीय कार्य किया है। वही निरीक्षक विनोद कुमार पुलिस विभाग में 39 वर्ष 6 माह की लम्बी सेवा के उपरान्त पुलिस विभाग में सेवानिवृत्त हैं। जिन्होने वर्ष 2016 में फरीदाबाद में इंचार्ज चौकी सेक्टर-15, अग्रसेन, क्राइम ब्रांच सेक्टर-48, क्रंट्रोल रुम व अन्य जगह सराहनीय कार्य किया है। सहायक उप निरीक्षक हरभजन ने पुलिस विभाग में 34 वर्ष की लम्बी सेवा के उपरान्त फरीदाबाद पुलिस में कार्य किया है। ग्रुप-डी कर्मचारी जिले सिंह ने पुलिस विभाग में 29 वर्ष की लम्बी सेवा के उपरान्त पुलिस विभाग में सेवा निवृत्त हैं। उन्होंने अपनी सेवा थाना भूपानी में सराहनीय कार्य करते हुए दी। इस विदाई आयोजन के दौरान सेवानिवृत्त हुए जवान के परिजनों के साथ-साथ डीसीपी बल्लभगढ़, डीसीपी ट्रैफिक, एसीपी सिटी बल्लभगढ़, एसीपी मुख्यालय, एसीपी मुजेसर, वेलफेयर इंस्पेक्टर नवीन वेलफेयर सब इंस्पेक्टर महेश व सम्पूर्ण आयुक्त मुख्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। इस मौका पर पुलिस आयुक्त ने कहां कि सेवानिवृत्त होने के बाद भी पुलिस अफसर अपना कर्तव्य निर्वहन करते हुए समाज की बुराइयों को दूर कर सकता है पुलिस विभाग में रहते हुए अफसरों के अधीन कार्य करना पड़ता है जबकि सेवानिवृत्त होने के बाद स्वतंत्र रूप से कार्य कर सकता है और समाज में फैली बुराइयों को जागृति लाकर दूर कर सकता है। पुलिस अफसर सदैव ड्यूटी पर होता है। वह कभी भी रिटायर नहीं होता जो कि उसने ट्रेनिंग के दौरान पुलिस विभाग से शिक्षा प्राप्त की है वह सदा उसके साथ रहती हैं।

## विश्वासघात दिवस मनाकर लगाए सरकार विरोधी नारे


सेक्टर 12 लघु सचिवालय के बाहर नारेबाजी कर ज्ञापन देने जाते किसान।

**फरीदाबाद।** संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष फरीदाबाद मास्टर महावीर सिंह दयालपुर के नेतृत्व में जिला उपायुक्त कार्यालय पर विश्वासघात दिवस मनाया। जिसमें सरकार विरोधी नारे लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त की अनुपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट फरीदाबाद को सौंपा। किसानों ने केंद्र सरकार पर मांगे न मानने का आरोप लगाया। किसान संघर्ष समिति नहरपार फरीदाबाद के महासचिव सत्यपाल नरवत ने कहा की 9 दिसंबर 2021 को कृषि एवं कल्याण मंत्रालय के सचिव संजय अग्रवाल द्वारा भेजे गए पत्र के अनुसार जिन मुद्दों पर सहमति बनी थी।

## मद्य निषेध

### बिहार सरकार का प्रयास

**बिहार** सरकार पूरे प्रयास कर रही है कि उसका मद्यनिषेध कानून कारगर हो, लेकिन उसकी अव्यावहारिकता की आलोचना लगातार बढ़ रही है। इस दृष्टिकोण से उसने अवैध शराब उपभोग करने वालों को पकड़ने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किए हैं। उसने अब प्रधानाचार्यों, सरकारी स्कूलों के अध्यापकों तथा 'उनसे संबद्ध सभी लोगों' को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में अवैध शराब उपभोक्ताओं व सप्लायरों का पता लगाएं। इन सेवाओं के बदले उनकी पहचान सुरक्षित रखी जाएगी। उनकी सेवाओं के बदले उनकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। सरकार समझती है कि काला-बाजारिये और अपराधी तत्व कार्रवाइयों में बाधा डालने के प्रयास सहन नहीं करेंगे। सरकार ने ऐसे समय शिक्षकों को आगे आने का आह्वान किया है जब वह न्यायपालिका द्वारा अपनी मद्यनिषेध नीति की आलोचना के प्रति रक्षात्मक है। अदालतों में लगभग 3.5 लाख मामले लंबित हैं और लगभग चार लाख लोगों को अक्टूबर तक गिरफ्तार किया गया है। 20,000 से अधिक जमानत की प्रार्थनायें लंबित हैं और जेलें भरी पड़ी हैं। सरकार की योजना जमानती अपराधों और मामूली मामलों में मौके पर जुर्माना कर अदालतों को भारी बोझ से बचाना है। उस पर जहरीली या मिलावटी शराब पीने से अक्सर लोगों के मरने के कारण भी दबाव है। हालांकि, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गैरजिम्मेदाराना तरीके से अवैध शराब पीने पर लगाम लगा कर महिलाओं को पारिवारिक दबाव से मुक्त करने का आदर्श प्रयास किया है, लेकिन यह विवादास्पद कार्रवाई बन गई है।



विपक्ष आरोप लगा रहा है कि वे एक अव्यावहारिक कानून थोप रहे हैं। अच्छा होगा कि सरकार पहले यह विश्लेषण करे कि बिहार में 1979 में मद्यनिषेध के पहले प्रयास विफल क्यों हुए थे।

क्या मद्यनिषेध का लक्ष्य लोगों की शराब तक पहुंच रोकना है ताकि नशाखोरी समाप्त हो? इसके लिए अधिक टैक्स लाभदायक हो सकते हैं। अथवा क्या वह परिवारों को व्यथित किए बिना लोगों को जिम्मेदारी से मदिरापान के लिए मजबूर करना चाहती है? इनमें से एक कानून व्यवस्था का दृष्टिकोण है, जबकि दूसरे का संबंध सामाजिक दृष्टिकोण से है। वर्तमान स्थिति यह है कि लाखों लोग कानूनी पचड़ों में फंस गए हैं। इनमें से अधिकांश कानूनी फीस का बोझ उठाने में सक्षम नहीं हैं। बहुत से लोगों का रोजगार समाप्त हो गया है। लेकिन शराब के स्मगलरों पर लगाम नहीं लग सकी है। लोग चोरी से नकली शराब बना कर उसे बेचते हैं अथवा वे बिहार की सीमा पार कर अपनी प्यास बुझाते हैं। इससे पुलिस बल व एक्साइज बल पर भारी दबाव है। अब लाखों शिक्षकों को भी इस काम में शामिल किया जा रहा है। यदि प्रशिक्षित पुलिस बल स्मगलिंग का पता लगाने में सक्षम नहीं हैं तो शिक्षकों से सफलता की उम्मीद कैसे की जा सकती है? कुछ समय पहले उनसे खुलेआम कानून तोड़ने वालों की जासूसी के लिए कहा गया था। यह दृष्टिकोण अपरिहार्य रूप से एक अंधी गली में ले जाता है। आखिर सवाल उठता है कि क्या 2016 में लागू नीति से स्थिति में सुधार हुआ है? भ्रष्टाचार और स्मगलिंग के मामले क्यों बढ़ रहे हैं? यथार्थ में राज्य की जनता को शराब पीना बंद कर देना चाहिए था क्योंकि यह उपलब्ध नहीं थी तथा बहुत से लोग इसे खरीदने का जोखिम उठाना न पसंद करते। लेकिन यह देखना दिलचस्प है कि कानून द्वारा लाए हृदय परिवर्तन के कारण कितने लोगों ने शराब से तोबा कर ली है। मदिरापान अपराध नहीं है, लेकिन अत्यधिक मदिरापान के कारण समस्यायें पैदा हो सकती हैं। ऐसे में शराब के शिकार लोगों को सुधारने के प्रयास में क्या जिम्मेदारी के साथ मदिरापान करने वालों को दंड देना उचित है? यह भी सवाल है कि यदि मद्यनिषेध सबके लिए है तो बिहार में सेना कैंटीनों को इससे अलग क्यों रखा गया है। मुद्दे लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

# रोजगार सृजन की अनिवार्यता

## वित्तमंत्री को देश के विकास और वादा किए गए 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था को प्राथमिकता देनी होगी और भारतीय निजी क्षेत्र को गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजित करने के लिए शामिल करना और प्रेरित करना होगा।



**शिवाजी सरकार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



लोगों को बड़ी उम्मीद है। दो साल पहले 20 सितंबर, 2019 को, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यूस्टन कार्यक्रम से 40 घंटे से भी कम समय पहले, सरकार ने बड़े पैमाने पर कॉर्पोरेट कर की दर में कटौती की घोषणा की, आधार दर को 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत और इससे 15 प्रतिशत कर दिया। नई निर्माण कंपनियों के लिए 25 प्रतिशत। उस समय तक व्यक्तिगत और कर की दरें एक साथ थीं।

अब लोग चाहते हैं कि सिंक्रनाइज़ेशन फिर से स्थापित हो जाए। व्यक्तिगत आयकर की दरें 42 प्रतिशत और 30 जमा 3 प्रतिशत पर बहुत अधिक बनी हुई हैं। यह एक आयकर दाता को उसकी बहुत सी आय से लूटता है। आकांक्षा यह है कि मांग पैदा करने में मदद के लिए इसे घटाकर 20 से 22 प्रतिशत, संभवतः लगभग 17 प्रतिशत किया जाए। आकांक्षा कोविड -19 अनिश्चितता के कठिन तीन वर्षों, नौकरी छूटने, आय में संकुचन और 14.6 प्रतिशत की गंभीर मुद्रास्फीति के कारण है। वित्त मंत्री के पास सीमित वित्त की समस्याएं हैं, न कि वांछित विकास या बल्कि असमान विकास के बजाय एक उच्च प्रक्षेपवक्र जो रोजगार पैदा कर सकता है, मांग में वृद्धि कर सकता है, उत्पादन को बढ़ावा दे सकता है और मांग का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। वित्त मंत्री को आरबीआई को ब्याज दरें बढ़ाने के लिए कह कर बचत को प्रोत्साहित करने के बारे में भी सोचना चाहिए। यदि वह ऐसा करती है, तो यह निरंतर विकास पैटर्न को वापस लाएगा और भारतीय परिवारों को संकट से बाहर निकालने में मदद करेगा।

अगर ऐसा होता है, तो सरकार को 80 करोड़ लोगों या 61.54 प्रतिशत आबादी को मुफ्त भोजन, खाद्य तेल और अन्य दान का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। यह एक परोपकारी दृष्टिकोण है, लेकिन इससे बचा जा सकता था यदि परिवारों के पास संकट का सामना करने के लिए आर्थिक ताकत होती।

वित्त मंत्री को अब विभिन्न नीति निर्माणों के माध्यम से परिवारों को सशक्त बनाने का प्रयास करना चाहिए। यह देश को अगले चार से पांच वर्षों में इन खर्चों को कम करने में मदद कर सकता है जिससे देश को कई परियोजनाओं में निवेश करने और मांग पैदा करने में मदद मिल सकती है। बजट में कई मेट्रो, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, स्वास्थ्य सेवा, रेलवे और बंदरगाहों में निवेश किया जाएगा। यह क्रिप्टो मुद्राओं को विनियमित करने का मुद्दा भी उठा सकता है। पिछले साल, नया नेशनल बैंक फॉर फाइनेंसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट (एनएबीएफआईडी), जिसका पूंजी आधार 20,000 करोड़ और ऋण देने का लक्ष्य तीन साल के क्षितिज पर 5 लाख करोड़ रुपये की स्थापना की गई थी। पांच साल में इसने 111 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा है। एनएबीएफआईडी के अध्यक्ष केवी कामथ का कहना है कि 2022-23 में हाई-स्पीड रेलवे, हवाई अड्डों, बंदरगाहों, राजमार्गों, राष्ट्रीय इंफ्रा पाइपलाइन के लिए नदी को जोड़ने जैसी बड़ी परियोजनाओं को शुरू करने के लिए 2022-23 में 80 लाख करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। इंफ्रा महत्वपूर्ण और जोखिम भरा दोनों है। राजमार्ग निवेश 35 फीसदी तक बढ़ सकता है। आसियान उच्च इन्फ्रा निवेश के साथ चरमरा गया था। इसका लक्ष्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की परिसंपत्तियों की और बिक्री करके इसे पूरा करना है।

इसमें कृषि पर विशेष बल देना होगा। खरीद बढ़ रही है लेकिन फिर भी किसानों को संतुष्ट करने में असमर्थ है। बजट में कर्ज की सीमा बढ़ाकर 18 लाख रुपये करने का प्रस्ताव है। विभिन्न इन्फ्रा फंडिंग, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, छोटे व्यवसाय बैंकों पर बहुत अधिक निर्भर होंगे, जो निश्चित रूप से इतने सहज नहीं हैं। आरबीआई के मुताबिक बैंकों का 8.35 लाख करोड़ रुपये का एनपीए है। यहां तक कि युवाओं को उद्यमिता के लिए बैंकों से कर्ज लेने की अनुमति देने की भी योजना है। अच्छा लगता है। लेकिन मुद्रा ऋण का रिकॉर्ड उतना उज्ज्वल नहीं है। मुद्रा ऋणों के लिए अशोध्य ऋण सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए बढ़ गया है, और, 2018-19 (वित्त वर्ष-19) के अंत में, अग्रिमों का 9.3 प्रतिशत है। वर्ष 2021 में गुजरात में गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में परिवर्तित होने वाले मुद्रा ऋण खातों की संख्या में 71 प्रतिशत का उछाल आया है।

बजट में सोशल टाइम बम को निष्क्रिय करने के लिए नौकरियों और बदलती जीवनशैली पर फिर से ध्यान देना है। हाल की दो घटनाएं आसन्न संकट की भयावहता का संकेत देती हैं। एक है भारत में अपनी प्रतिकूल आर्थिक वास्तविकताओं से बचने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश करते हुए चार लोगों के एक गुजराती परिवार की ठंड से मौत। दूसरा हाल ही में बिहार और यूपी में रेलवे की नौकरियों को लेकर विरोध प्रदर्शनों का दौर है जहां लाखों लोगों ने लगभग 40,000 रिक्तियों के लिए आवेदन किया था। यह एक गंभीर अनुस्मारक है कि बेरोजगारी का विशाल आकार। दिसंबर 2021 में बेरोजगारी दर चार महीने के उच्च स्तर 7.9 प्रतिशत हो गई। यह पिछले साल नवंबर में 7 प्रतिशत और दिसंबर 2020 में 9.1 प्रतिशत थी। लेकिन इससे पहले 2019 और उससे पहले भी नौकरियां सिकुड़ रही थीं। विश्व बैंक का कहना है कि 15-24 साल की आबादी के लिए भारत में कुल बेरोजगारी दर सबसे अधिक 21.01 प्रतिशत है।

ऐसे देश में नौकरियों को प्राथमिकता देनी होगी जहां संख्या हर दिन कई गुना बढ़ जाती है। वित्त वर्ष-19 लॉकडाउन तात्कालिक कारण है। इस आलोचना के लिए किसी सरकार को दोष देना बुद्धिमानी नहीं है। एक राष्ट्र के रूप में कहीं न कहीं राजनीतिक दल अनभिज्ञ पाए जाते हैं। नीति आयोग को अपने पूर्ववर्ती योजना आयोग की तरह यह सुझाव देने का काम सौंपा गया है कि वह सिर पर कील ठोकने में उपयुक्त नहीं है। गुजराती परिवार स्पष्ट रूप से एक शिक्षक की नौकरी और अन्य कामों से संपन्न था। यह अमेरिका में अवैध प्रवेश के लिए एजेंटों के माध्यम से उनके सपनों की यात्रा के लिए 2.5 लाख का भुगतान कर सकता है। एल डोराडो की ओर भागते हुए कई गुजरातियों और पंजाबियों की तरह उन्हें जिस चीज ने उकसाया, वह आकांक्षात्मक जीवनशैली हो सकती है। 2007 में, सांसद बाबूभाई कटारा को एक पंजाबी महिला और उसके बेटे को अमेरिका में 30 लाख रुपये की तस्करी करते हुए पकड़ा गया था। उनकी पार्टी ने उन्हें सस्पेंड कर दिया।

बिहार और यूपी की समस्या किस वजह से पैदा हुई, वह है नौकरियों की कमी। एक बार निजी क्षेत्र की नौकरियों को अच्छी तरह से भुगतान माना जाता था। सातवें वेतन आयोग ने इसे बदल दिया। अब वर्षों से आईटी सहित कॉर्पोरेट, अपेक्षित संख्या में रोजगार सृजित नहीं कर रहे हैं। और नौकरियों से कम वेतन मिलता है और असुरक्षित रहते हैं। बिहार में करीब 13 फीसदी बेरोजगारी है। मई-अगस्त 2021 में यूपी में 5.41 फीसदी बेरोजगारी थी, जो मार्च 2017 में 3.75 फीसदी थी। नौकरी की रणनीति बदलनी होगी। एक दिलचस्प पहलू यह है कि पीएसयू संचालन में नरेंद्र मोदी सरकार के कम हस्तक्षेप के कारण, यहां तक कि कठिन कोविड समय में भी, बेहतर वेतन संरचना के बावजूद 171 पीएसयू को अच्छा मुनाफा होता रहा। यह इंगित करता है कि संकट की अवधि के दौरान भी उचित वेतन का भुगतान किया जा सकता है और लाभ प्राप्त किया जा सकता है। लेकिन इसके लिए पीएसयू की विनिवेश नीति की समीक्षा करने की भी जरूरत है। 2007-08 लेहमैन मंदी के बाद से दुनिया ने अनैतिक प्रथाओं के लिए वैश्विक निजी क्षेत्र की विफलता को देखा है।

वित्त मंत्री एक नया पत्ता खोल सकती हैं। भारत मिश्रित अर्थव्यवस्था के साथ विकसित हुआ है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में एक प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था शुरू करने की क्षमता है जिससे निजी क्षेत्र घृणा करता है। कोई भी राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था भीतर प्रतिस्पर्धा के बिना आगे नहीं बढ़ सकती। एकाधिकार वाले निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में इनब्रीडिंग का कारण खराब प्रदर्शन होगा। उसे ग्रामीण कृषि और गैर-कृषि रोजगार सृजित करने में मदद करने के लिए पर्याप्त रूप से नवीन होना चाहिए जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को व्यवहार्य और ग्रामीण प्रवास को रोकने के लिए जीवन शैली को आकर्षक बनाते हैं।

निजी क्षेत्र में भी कम रोजगार और कम वेतन देने की प्रवृत्ति होती है। यदि नौकरियों को प्राथमिकता देनी है तो इस नीति को छोड़ना होगा। यदि प्रोत्साहित किया जाए तो पीएसयू अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। वित्त मंत्री को देश के विकास और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का वादा करने के संदर्भ में सोचना होगा। नए परिदृश्य में, उन्हें गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजित करने और उन्हें अपने अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाने के लिए भारतीय निजी क्षेत्र को शामिल करना और प्रेरित करना है।

# गांवों का गणतंत्र बने भारत

**कुमार चेलप्पन**
(लेखक दि पायनियर के वरिष्ठ पत्रकार हैं)



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का यह कथन अत्यधिक लोकप्रिय है कि 'भारत की आत्मा उसके गांवों में रहती है।' यदि आज भी ऐसे लोग हैं जिनमें कोई लालच नहीं है, कोई ईर्ष्या नहीं है और उनमें दूसरों को ठगने की भावना नहीं है तो ऐसे लोग केवल गांवों में ही मिल सकते हैं। ग्रामीणों को किसी से शिकायत या किसी के प्रति दुर्भावना नहीं है। आधुनिकता के शिकंजों से मुक्त सरल ग्रामीण जीवन वास्तव में सुंदर है। उनके दिन शुरू करने का आदर्श तरीका गांव के चौराहे की दूकान से आने वाली चाय और उसके साथ होने वाली चर्चा है। ग्राम पंचायत की बैठकें दैनिक चाय पर चर्चा का विस्तार हैं। ऐसे में कोई 'व्यवस्था स्थापित करने' या कार्यवाहियों में बाधा डालने पर शकधर व कौल के प्राविधानों का स्थान नहीं है। पंचायत सदस्य अपने सत्र बिल्कुल अलग शैली में आयोजित करते हैं। वहां न विधेयक फाड़े जाते हैं और न सदन की कार्यवाही बाधित करने के प्रयास होते हैं। इस लेखक की नजर में 1970 के दशक में केरल में अंगामाली की पंचायत बैठक में वादविवाद हुआ था। एक वृद्ध सदस्य ओसेफ ने हस्तक्षेप करने वाले अपने साथी को टोकते हुए कहा था, 'तुम्हें बोलने की जरूरत नहीं है।' इसका विरोध करते हुए सारा विपक्ष उठ खड़ा हुआ और उसने शिकायत की कि ओसेफ को 'तुम' शब्द का प्रयोग नहीं करना चाहिए था। इसके जवाब में ओसेफ ने कहा, 'यह हास्यास्पद है क्योंकि अपनी प्रार्थना में मैं कहता हूं, हे ईश्वर मैं तुमसे प्रेम करता हूं।' इस पर विरोधी खामोश हो गए।

लेकिन इन पुराने सद्गुणों के बावजूद ग्रामीणों और गांवों को लगातार राज्यों की राजधानियों व राष्ट्रीय राजधानी में बैठे उच्च पदस्थ लोग अनदेखा करते हैं। ग्रामीण अपनी शक्तियों से अनभिज्ञ हैं जिनका वे प्रयोग कर सकते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने ग्रामीण सशक्तीकरण का मिशन शुरू किया था। आज हम जो त्रि-स्तरीय स्थानीय स्वशासी सरकारी व्यवस्था देखते हैं, वह उनके सपनों का परिणाम है, हालांकि वे इनको पूरा होता नहीं देख सके। हालांकि, स्थानीय निकायों में सत्ता का विकेन्द्रीकरण किया गया है, पर ग्रामीण अभी इन कानूनों का महत्व नहीं समझ सके हैं। केरल को छोड़कर अन्य राज्यों जैसे तमिलनाडु व कर्नाटक से शिकायतें मिलती हैं कि उच्च जातीय लोग अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों तथा महिला पंचायत सदस्यों का उत्पीड़न करते हैं। चुनाव प्रणाली ने इन श्रेणियों के लोगों के लिए 50 प्रतिशत स्थान सुरक्षित किए हैं, पर इससे समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीण अब भी ग्राम सभाओं के बारे में ठीक से नहीं जानते हैं जो अपने वार्डों को नुकसान पहुंचाने वाले सरकारी निर्णयों को उलटने की क्षमता रखती हैं। केरल वित्त आयोग के अध्यक्ष एस.एम. विजयानन्द का मानना है कि पंचायत राज काननों को फौरन बदला जाना चाहिए ताकि स्थानीय स्वशासन व्यवस्था ज्यादा प्रभावी बन सके। उनका कहना है कि स्थानीय स्तर पर अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों व महिलाओं के 50 प्रतिशत आरक्षण में जल्दी से जल्दी सुधार किया जाना चाहिए।



इन संस्थाओं में इन श्रेणियों के लोगों से बातचीत से पता चलता है कि वे अपने वार्डों में बड़े काम करवाने के इच्छुक नहीं रहते हैं। इसका कारण यह है कि बाद के चुनावों में 'आरक्षित' वार्ड 'सामान्य' हो जाते हैं और वहां से उनके चुने जाने की संभावनायें बहुत कम होती हैं। विजयानन्द के अनुसार, 'बड़ी पहल के लिए किसी सदस्य को न्यूनतम दो कार्यकाल का समय मिलना चाहिए।' उन्होंने सीजी3-कनेक्टिंग गवर्नड, गवर्निंग एंड गवर्नेंस पर आयोजित एक सेमिनार में यह बात कही जिसमें वरिष्ठ वकील, जज तथा पंचायत राज सदस्य भाग ले रहे थे। देश में सत्ता के विकेन्द्रीकरण व्यवस्था के पीछे एक प्रख्यात व्यक्तित्व वाले वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विजयानन्द ने कहा कि सत्तारूढ़ लोग जन-विरोधी नीतियां इसलिए लाने की हिम्मत करते हैं क्योंकि ग्राम सभायें और वार्ड समितियां अपने काम में विफल हो गई हैं, जबकि ये 'गणतंत्र की मूल इकाइयां' हैं। विजयानन्द के अनुसार, 'राजीव गांधी ने जनता को सत्ता सौंपने की कल्पना की थी। उन्होंने कल्पना की थी कि संस्थाओं के रूप में ग्राम सभायें व वार्ड समितियां विधायिकाओं व संसद जितनी ही महत्वपूर्ण हैं। यदि ये ग्राम सभायें व समितियां सफल नहीं होती हैं तो विकेन्द्रीकरण की अवधारणा भी विफल हो जाएगी।'

उनको लगता है कि यदि स्थानीय स्वशासी सरकारें अपनी शक्तियों व स्वतंत्रताओं का प्रभावी प्रयोग करतीं तो केरल को उन आपदाओं व भूस्खलनों का सामना न करना पड़ता जिनका सामना वह 2018 से कर रहा है। प्राकृतिक विभीषिकाओं का कारण माधव गाडगिल समिति की सिफारिशें न लागू करना है। इस समिति का गठन पश्चिमी घाटों की पवित्रता बनाए रखने के लिए किया गया था जिसे दक्षिण भारत का जल भंडार कहा जाता है। व्यापक निर्वनीकरण तथा खनन के कारण पश्चिमी घाटों के वर्षा वन लगभग नष्ट हो गए हैं। विजयानन्द के अनुसार, 'यदि स्थानीय संस्थायें इस पर आपत्ति करतीं तो प्रशासन उनकी अनदेखी करने में सफल नहीं हो सकता था।' सीजी3 की अवधारणा बनाने वाले सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील कैलाशानंद पिल्ले ने बताया कि स्कूलों और छात्रों तक विधि जागरूकता फैलाने के लिए लीगल अवेयरनेस एंड मोटीवेशन प्रोग्राम-लैम्प चलाया जा रहा है। इसका केरल में कायामकुलम से लेकर नेपाल तक में स्वागत हुआ है। पिल्ले ने बताया, 'हालांकि, पंचायत सदस्यों की कार्यशाला पूरी कर ली गई है, पर हम सीजी-3 के अगले चरण की शुरुआत कर रहे हैं। जनता के मुद्दों को आगे ले जाने के लिए शहरी स्थानीय निकायों के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।' उनके अनुसार यह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को आदर्श श्रद्धांजलि होगी।

## आप की बात

### क्या हिन्दू होना दुखदायी हो गया?

**इन** दिनों देश में जो बेवजह की बहस चल रही है वह हिंदू एवं हिंदुत्ववादी होना है जबकि आज यह देश हिंदुत्ववादी बहुसंख्यक संख्या वाले हिंदुओं का देश कहलाता है। तब देश की एक बड़ी पार्टी हिंदू हिंदुत्व की बात करके देश को बेवजह की बहस में डालकर गुमराह कर रही है इससे देश के बहुसंख्यक हिंदू समाज की भावनाएं तो अवश्य आहत हो रही है। यह क्यों हर कोई नेता भूल जाता है कि इस तरह की बहस से देश का विश्व में अपमान होता है ।आश्चर्य तो इस बात का है कि बहुसंख्यक हिंदू समाज के ही लोग इस तरह की बेवजह की बहस में पढ़कर बेवजह की बातों को बढ़ावा देते हैं केवल वोट की खातिर हिंदू से हिंदू की इस तरह लड़ाई लड़ाना दुखदाई एवं शर्मनाक है। पिछले सात-आठ साल से अगर इस देश में एक हिंदूवादी पार्टी सत्ता में जनता के वोट की वजह से बैठ गई है तो आज ऐसा क्या हो गया ।जब कि इस पार्टी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका सहयोग की बात कही है तो फिर इसमें जातिवाद को प्रोत्साहन देना का कैसे हो गया। आज हिंदू - हिंदुत्व चिल्ला चिल्ला कर इस सरकार को जिस तरह से बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है हम उसे उचित नहीं समझते हैं।

- **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### गर्व की बात

**प्रधानमंत्री** राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं से आन लाइन बात करते हुये कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बनाई जा रही वर्तमान योजनाओं के केंद्र में युवा होते है। उन्हें गर्व होता है ।जब युवा नई खोजे कर रहे है और देश को आगे ले जा रहे है। दुनिया की सभी बड़ी कम्पनियों में सीईओ के पद पर भारतीय बैठे हुए है और स्टार्ट अप की दुनियां में भी युवा परचम लहरा रहे है ।सभी बाल पुरस्कार विजेताओं से मोदी ने वोकल फार लोकल अभियान का समर्थन करने का आवाहन करते हुये कहा कि वह अपने घर मे उपयोग किये जाने वाले उत्पादों की सूची बनाये जो विदेशों में बनते है ।साथ ही नेता जी सुभाषचंद्र बोस से प्रेरणा लेने को कहा। जो सबसे पहले देश और कर्तव्य को मानते थे। देश के युवा विदेशों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे है। क्योंकि विकसित देशों में प्रतिभा का सम्मान होता है। वही भारत देश मे प्रतिभा का सम्मान और न उन्हें आगे बढ़ने के ज्यादा अवसर मिलते है। आज देश में डिजिटल इंडिया और ई गर्वनेंस की बात होती है। लोगो को सी एम से डीएम तक ईमेल का जवाब नहीं मिलता ।बैंकों में लोग पैसे लेने के लिये कई दिनों तक दौड़ते रहते हैं।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### गलती का एहसास

**एसबीआई** ने चौतरफा विरोध के बीच आखिर अपना वह सर्कुलर वापस ले लिया जिसके मुताबिक तीन महीने या उससे ज्यादा की प्रेग्नेंट महिलाओं को ड्यूटी जॉइन करने के अयोग्य करार दिया गया था। यह अच्छी बात है कि एसबीआई नेतृत्व को समय रहते अपनी गलती का अहसास हो गया और उसने अपने कदम वापस लेने में कोई हिचक नहीं दिखाई। पिछले 31 दिसंबर को जारी इस सर्कुलर में कहा गया था कि अगर प्रेग्नेंसी तीन महीने से ज्यादा की है तो कैंडिडेट को टेंपरेरी अनफिट माना जाएगा और उसे बच्चे की डिलिवरी के चार महीने बाद जॉइन करने की इजाजत होगी। है कि क्या ताजा सर्कुलर को स्थगित करने मात्र से इस बहस को समाप्त मान लेना चाहिए? तीन महीने प्रेग्नेंसी को अयोग्यता का पैमाना न मानने की घोषणा के बाद वह पुरानी व्यवस्था लागू हो गई है, जिसके मुताबिक छह महीने की प्रेग्नेंसी को अयोग्यता का पैमाना माना जाता है। सवाल यह है कि क्या प्रेग्नेंसी कोई बीमारी या अपराध है? अगर नहीं तो उसे किसी कर्मचारी को अनफिट करार देने का आधार कैसे बनाया जा सकता है?

- **सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**एनसीसी** में मुझे जो प्रशिक्षण मिला और वहां मैंने जो कुछ सीखा, उससे मुझे अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में काफी ताकत मिली है।

- **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**युद्ध** तब तक नहीं होगा जब तक यह रूसी संघ पर निर्भर करता है।

- **सर्गेई लावरोव**
रूस के विदेश मंत्री



**मुझे** विश्वास है कि टाटा समूह के तहत एयर इंडिया अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना खोया स्थान फिर से हासिल कर लेगी।

- **ज्योतिरादित्य सिंधिया**
केंद्रीय मंत्री





# पश्चिम की हारी 27 सीटों पर नंबर वन आने की जुगत

- विकास कार्यों के जरिए जनता को अपने पाले में करने का जतन

**अभिषेक रंजन।** लखनऊ

**यूपी में** कुछ ही दिन बाद पहले चरण के लिए मतदान होने वाला है। पश्चिम उप्र में पड़ने वाली पहले और दूसरे चरण की सीटों पर बीजेपी ने 2017 में क्लीन स्वीप किया था। 2017 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी को सत्ता दिलाने में पश्चिमी यूपी की मुख्य भूमिका थी क्योंकि यहां विधानसभा की 136 में से 109 सीटें बीजेपी ने जीती थीं। पश्चिमी यूपी में लोकसभा की 27 सीटें हैं। 2014 में बीजेपी ने 27 में से 24 सीटें जीती थीं। इसी तरह 2019 के लोकसभा चुनावों में भी बीजेपी यहां 19 सीटें जीतने में कामयाब रही थी।

बीजेपी का फोकस पूरे पश्चिम के साथ-साथ इन हारी हुई 27 सीटों पर विशेष रूप से है। इन सीटों पर विजय अभियान बीजेपी ने डेढ़ साल पहले से शुरू कर दिया और बीते दिसंबर तक आते-आते भाजपा ने अपने इस अभियान को फुल मोड में चलाया था। भाजपा ने इन सभी सीटों पर एक एमएलसी, सांसद और क्षेत्रीय मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी थी। इन क्षेत्रों में एमएलसी और सांसदों ने अपने-अपने कोटे से विकास कार्य कराए। क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर बीजेपी ने यहां की जनता की नाराजगी को काफी हद तक कम करने का प्रयास किया। साथ ही केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के जरिए सभी वर्गों को लाभान्वित करने का भी काम किया। भाजपा ने भी इस क्षेत्र की सीटों पर टिकट बटवारे में अधिक छेड़छाड़ नहीं की है। वह इसलिए क्योंकि अधिकांश सीटों पर बीजेपी के प्रत्याशी दूसरे नंबर पर थे। पश्चिमी यूपी में नौ सीटें ऐसी हैं जहां मुस्लिम प्रत्याशी आसानी से जीत सकता है। सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाली सीट रामपुर है। जहां 50 प्रतिशत से ज्यादा मुसलमान हैं। बीजेपी को यह डर है कि अगर अखिलेश और जयंत के गठबंधन से मुसलमान और जाट वोट एक तरफ हो गए और उनके साथ यादव और दूसरी जातियां भी मिल गईं तो फिर बीजेपी के लिए कुछ नहीं बचेगा इसीलिए बीजेपी पश्चिमी यूपी में पूरा फोकस किए हुए हैं। मुस्लिम बाहुल्य वोट वाली ऐसी दो दर्जन से अधिक सीटें हैं जहां सपा, बसपा और एमआईएम ने मुस्लिम प्रत्याशी उतारे हैं जबकि बीजेपी ने किसी भी सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी नहीं लड़ाया है। जाहिर है कि ऐसी सीटें जहां बीजेपी नंबर दो पर थी वहां सपा, बसपा, एमआईएम के बीच मुस्लिम वोट के बंटवारे से बीजेपी की सीट निकल सकती है।



असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एमआईएम इस बार विधानसभा चुनाव में अकेले चुनाव मैदान में है। उसने प्रदेश की 100 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है। इस पार्टी ने 2017 का चुनाव 38 सीटों पर लड़ा था लेकिन 37 सीटों पर उसकी जमानत जब्त हो गई थी। एमआईएम को इस चुनाव में 0.24 फीसदी वोट मिले थे। एमआईएम ने पहले ओम प्रकाश राजभर की पार्टी से समझौता किया था लेकिन बाद में राजभर ने समाजवादी पार्टी से समझौता कर लिया। इसके बाद एमआईएम यूपी की राजनीति में अकेले पड़ गई।

**जातिगत व क्षेत्रीय मुद्दों के साथ राष्ट्रवाद का भी तड़का:** यूपी की 16 जिलों की 27 विधानसभा की हारी सीटों पर खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का फोकस है। 2017 में जिस-जिस जिले में बीजेपी सीट हारी आचार संहिता लागू होने से पहले सरकार व संगठन के विभिन्न अभियानाओं व कार्यक्रम के जरिए सीएम ने वहां दस्तक दी है। जनसभा कर सरकारी योजनाओं की सौगात दी और 2022 में साथ देने पर विकास की गंगा बहाने का वादा भी किया।

पश्चिम में जिन सीटों पर हार-जीत का अंतर डेढ़ हजार या इससे अधिक था उस पर बीजेपी ने जो टिकट दिए वह बहुत ही सोच-विचार के बाद दिए। सपा, बसपा कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत के पीछे की वजह को खोजा गया और किसी जाति विशेष का उम्मीदवार खड़ा किए जाने के कारण हार मिली हो तो उसके समकक्ष इस बार विपक्षी दलों के मजबूत वोट बैंक से उम्मीदवारों को खड़ा करने की भी रणनीति अपनाकर इन सीटों पर टिकट दिए गए। बीते एक साल तक भाजपा के जमीनी स्तर के कार्यकर्ता इसके लिए विशेष योजना पर काम कर रहे थे। सर्वे रिपोर्ट में इस बात को भी ध्यान में रखकर टिकट दिया गया। शामली की कैराना विधानसभा सीट पश्चिमी उत्तर प्रदेश की प्रमुख सीटों में एक है। यहां पर भाजपा द्वारा 2017 चुनाव से पहले पलायन का मुद्दा खूब उछाला गया था। यह मुद्दा पश्चिमी भाजपा के लिए तुरुप का इक्का साबित हुआ है और भाजपा सत्ता में आ गयी लेकिन कैराना सीट उसके हाथों से फिसल गई। इस बार भी यह सीट खास रहेगी। गृहमंत्री अमित शाह ने यहीं से चुनाव अभियान की शुरुआत की है। यहां से 2017 के चुनावों में भाजपा दूसरे नम्बर पर थी और 21162 वोटों से पीछे रह गई थी। इस सीट से मृगांका सिंह को पूरी मजबूती के साथ भाजपा ने मैदान में उतारा है। इसी तरह से मेरठ में सपा के रफीक अंसारी के खिलाफ चुनाव लड़े बीजेपी के डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेई 28769 वोटों से पिछड़ गये थे। वहां से इस बार भाजपा ने कमल दत्त शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। सहारनपुर में 2017 में भाजपा के प्रत्याशी दूसरे स्थान पर रहे थे और अंतिम राउंड की मतगणना में 4636 वोटों से सपा प्रत्याशी ने जीत हासिल की थी। इस बार वहां से भाजपा ने राजीव गुम्बर पर अपना दांव लगाया है। इसी प्रकार नजीबाबाद में जहां भाजपा के राजीव कुमार अग्रवाल मात्र 2002 वोटों से पीछे रहे गये थे वहां से इस बार भाजपा ने कुंवर भारतेन्दु सिंह को आजमाया है। बागपत में एक सीट पर बीजेपी हारी और आरएलडी जीती हालांकि बाद में जीता विधायक बीजेपी में शामिल हो गया था। सहारनपुर में सात में तीन बीजेपी हारी, एक सपा और दो कांग्रेस जीती थी। शामली में विधानसभा की कुल तीन सीटें हैं इसमें दो भाजपा जबकि एक सपा के पास है। मुजफ्फरनगर में विधानसभा की पांच सीटें हैं और 2017 में सभी भाजपा ने जीत ली थीं। हापुड़ में विधानसभा की तीन सीटें हैं इनमें से दो पर भाजपा जबकि एक पर बसपा की जीत हुई थी, धौलाना बसपा, गढ़मुक्तेश्वर और हापुड़ भाजपा, गाजियाबाद में विधानसभा की कुल 5 सीटें हैं। सभी 2017 में भाजपा ने जीतीं थीं। इसी तरह बुलंदशहर, आगरा, नोएडा और अलीगढ़ की सभी सीटें भाजपा ने जीत ली थी। मथुरा की पांच सीटों में से चार पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी जबकि मांट सीट बसपा ने जीती थी। बीजेपी के पश्चिम यूपी के प्रवक्ता गजेंद्र शर्मा ने कहा कि जिन 27 सीटों पर हार मिली थी इस बार भाजपा उन सभी पर चौंकाएगी। मेरठ, बागपत, बड़ौत, शामली से लेकर हर जिले में भाजपा ने स्थानीय मुद्दे के साथ-साथ मतदाता से जुड़े हितों पर काफी ध्यान दिया है। इसके अलावा मेरठ, सहारनपुर मंडल में भाजपा ने विशेष तैयारी की है। अलीगढ़, मथुरा और आगरा को लेकर भाजपा ने बूथ स्तर के नेताओं के सहारे घर-घर की घंटी बजानी शुरू कर दी है।

## सहानुभूति लहर से गढ़ को बचाने की तैयारी में जयंत

**सतीश सिंह।** लखनऊ



**विधानसभा** चुनाव को लेकर बढ़ रही सियासी हलचल के बीच जयंत चौधरी के सामने विरासत में मिली सियासत को संभालना काफी चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। खासकर तब जब भाजपा अपनी जीत को दोहराने को लेकर बेताब है। ऐसे में भाजपा का चक्रव्यूह तोड़ने के लिए छोटे चौधरी सहानुभूति की नैया पर सवार होकर पार्टी को खोई जमीन वापस दिलाने का जी तोड़ प्रयास कर रहे हैं। एक दिन पूर्व सियासत की हलचल के बीच निकली जयंत की चिट्ठी के मायने जाट वोटरों को अपने पाले में करना है। हालांकि पश्चिमी यूपी में जातीय गोलबंदी के साथ ध्रुवीकरण की भी कोशिशें जारी है। यही वजह है कि इस बार पश्चिमी यूपी में नाहिद हसन लगातार चर्चा का विषय बने हुए हैं। भाजपा लगातार अपराध व दंगाई काल की याद वोटरों को दिला रही है। वहीं जाट-मुस्लिम वोटर जो मुजफ्फरनगर दंगे के बाद बिखर गए थे इस बार उनको अपने पक्ष में लाने के लिए अखिलेश व जयंत लगातार पश्चिम यूपी में ध्यान दे रहे हैं। यहां तक कि जाट वोटरों के बीच जयंत की बड़ी भूमिका साबित करने के लिए अखिलेश ने अपने कई प्रत्याशी रालोद के सिम्बल पर उतारे हैं। जिससे जाट मतदाता का वोट हासिल किया जा सके। वहीं भाजपा के कद्दावर नेता भी लगातार पश्चिमी यूपी पर नजर केंद्रित किये हुए हैं। चाहे वह गृहमंत्री अमित शाह हो या रक्षामंत्री राजनाथ सिंह या मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। यह नेता लगातार वोटरों के बीच जाकर अपनी बात को रखते हुए पुरानी बातें याद दिला रहे हैं।

**पिता के जाने के बाद जयंत को जाट वोटरों पर है यकीन:** चौधरी अजित सिंह के जाने के बाद पहले विधानसभा चुनाव का सामना कर रहे जयंत चौधरी को यकीन है कि इस बार जाट व मुस्लिम दोनों का वोट उन्हें मिलेगा। चौधरी साहब जाटों के बड़े नेता थे। ऐसे में मुजफ्फरनगर दंगे बाद बिखरे वोटरों के किसान आंदोलन के बाद साथ आने की उम्मीद पार्टी जता रही है। जिसका सीधा फायदा उन्हें मिलेगा। हालांकि सपा रालोद के इस उम्मीद को तोड़ने के लिए भाजपा लगातार जाट नेताओं के साथ सम्पर्क में है और लगातार बैठकें कर रही है।

**अखिलेश को भी जयंत पर भरोसा:** राष्ट्रीय लोकदल की राजनीति अभी तक किंगमेकर की भूमिका तक ही सीमित रही है। यह बात दीगर है कि 2014 का चुनाव हो या फिर 2017 या 2019, भाजपा की लहर के आगे पार्टी कोई चमत्कार नहीं कर सकी। लेकिन चौधरी अजित सिंह के बाद पार्टी की बागडोर संभाल रहे जयंत चौधरी पर अखिलेश यादव को भरोसा है। पार्टी की अवसरवादी छवि से बाहर निकलने के लिए जयंत लगातार प्रयास में है। 2017 के चुनाव में घर की जीती हुई सीट उम्मीदवार के भाजपा में चले जाने के बाद पार्टी विधायक विहीन हो गई थी। ऐसे जयंत के प्रयास से वर्ष 2018 के उपचुनाव में सपा से सांसद रही तबस्सुम हसन को अखिलेश यादव ने नूरपुर से रालोद के सिम्बल पर लड़ाया था। उपचुनाव में भाजपा को अपनी ही सीट पर हार का सामना करना पड़ा। तबसे लेकर आज तक चाहे हाथरस कांड में लाठीचार्ज का मामला हो या फिर किसान आंदोलन में जयंत की उपस्थिति को देखते हुए अखिलेश यादव ने पंचायत चुनाव भी साथ लड़ा और अब विधानसभा भी।

**सभी की नजर में जाट मतदाता:** पश्चिमी यूपी में जाट मतदाताओं की भूमिका को देखते हुए सभी दलों ने खुलकर जाट प्रत्याशियों को उम्मीदवार बनाया है। सपा-रालोद गठबंधन ने 16 जाट प्रत्याशी उतरे हैं तो भाजपा ने 17 उतारे हैं। वहीं कांग्रेस ने छह तो बसपा ने चार उम्मीदवारों पर दांव लगाया है।

## ये तेरा बागी-ये मेरा बागी के खेल ने बनाया चुनाव रोचक

**सतीश सिंह।** लखनऊ

**उत्तरप्रदेश** विधानसभा की अधिसूचना जारी होने के बाद कई असंतुष्ट विधायक व नेताओं ने हर बार की तरह पाला बदल लिया है। पहले चरण के चुनाव में कम ही समय बचा है फिर भी पाला बदलने का क्रम जारी है। हमाम में सभी नंगे की तर्ज पर कोई दल यह नहीं कह सकता है कि हमने दूसरे दलों के असन्तुष्ट या बागी नेताओं को टिकट नहीं दिया है। वैसे सियासत में यह प्रथा काफी पुरानी है जिससे राजनीतिक दलों का मोह छूट नही रहा है। हर दल जातीय समीकरण सेट करने के चक्कर मे असंतुष्ट नेताओं पर दांव लगाए हुए हैं।

बागी या असंतुष्ट विधायकों की टिकट देने की दौड़ में समाजवादी पार्टी, भाजपा, बसपा, कांग्रेस सभी शामिल हैं। जिन नेताओं को दलों ने किनारे लगाया उनका सहारा दूसरे दल बन गए। ऐसे में कई स्थानों पर मुकाबला रोचक बनता जा रहा है और सभी एक दूसरे की बखिया उधेड़ने में जुट गए हैं। टिकट देने के मामले में सपा पहले नम्बर पर है। इसके बाद बसपा, भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य दल शामिल हैं।

**सपा ने इन्हें दिया टिकट:** बागियों को टिकट देने के मामले में सपा अव्वल है।भाजपा से सपा में जाने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य को पार्टी ने पडरौना से टिकट मिलने की उम्मीद है। भगवती प्रसाद सागर को बिल्हौर से टिकट मिला है। रोशनलाल वर्मा निगोही सीट से भाजपा के खिलाफ ताल ठोंक रहे हैं। डॉ धर्म सिंह सैनी नकुड़ सीट से तो दारा सिंह घोसी से लड़ रहे हैं। इसी तरह शिकोहाबाद से डॉ मुकेश वर्मा लड़ रहे हैं। तिंदवारी विधानसभा से बृजेश कुमार प्रजापति तो रालोद के सिम्बल पर जेवर सीट से अवतार सिंह भडाना मैदान में हैं। इसी तरह बसपा से सपा में शामिल हुए राम अचल राजभर लालजी वर्मा, इंद्रजीत सरोज, विनय शंकर तिवारी भी मैदान में हैं। इनके अलावा असलम चौधरी, हरगोविंद भार्गव जैसे कई अन्य भी हैं जो मैदान में ताल ठोक रहे हैं।



**बसपा ने इन्हें दिया टिकट:** फिरोजाबाद सदर से सपा से टिकट मांग रही शाजिया हसन को बसपा ने टिकट दिया है। साजिया पूर्व सपा विधायक अजीम की पत्नी हैं। भोजपुर सीट से पूर्व सांसद रामबख्श वर्मा के बेटे आलोक वर्मा बसपा से मैदान में हैं। एटा के पूर्व विधायक अजय यादव बसपा से मैदान में उतर गए हैं। महोबा से सपा सरकार में मंत्री रहे सिद्ध गोपाल साहू के भाई संजय साहू टिकट न मिलने पर बसपा से उम्मीदवार हैं। कुंदरकी विधायक हाजी रिजवान बसपा से लड़ रहे हैं। श्रीनगर सुरक्षित से सपा की मीरा बानो मैदान में हैं। संडीला से अब्दुल मन्नान मैदान में हैं। कांग्रेस छोड़कर बसपा में नोमान मसूद गंगोह सीट से और सपा छोड़कर बसपा में शामिल हुई रुचिवीरा को पार्टी ने बिजनौर से उतारा है। सपा के गढ़ कहे जाने वाले इटावा सीट पर पूर्व प्रत्याशी और प्रो रामगोपाल यादव के करीबी माने जाने वाले कुलदीप गुप्ता साइकिल से उतरकर हाथी पर सवार हो गए हैं। सपा सरकार में मंत्री रहे मूलचंद चौहान का टिकट अखिलेश यादव ने काटकर नूरपुर से विधायक नईमुल हसन को प्रत्याशी बना दिया है। इसी कारण से मूलचंद चौहान ने सपा छोड़कर बसपा का दामन थाम लिया और उन्हें धामपुर सीट से उम्मीदवार बनाया गया है।

**भाजपा ने इन्हें दिया टिकट:** फिरोजाबाद में सिरसागंज से सपा से विधायक रहे हरिओम यादव को पार्टी ने मैदान में उतारा है। सपा से टिकट कटने के बाद शिकोहाबाद से भाजपा के टिकट पर पूर्व विधायक ओमप्रकाश मैदान में हैं। विधूना से टिकट कटने पर भाजपा में शामिल हुए प्रमोद गुप्ता मैदान में हैं। सपा के टिकट पर हमीरपुर से 2017 और 2019 का चुनाव लड़ने वाले मनोज प्रजापति इस बार भाजपा से मैदान में हैं। रायबरेली से कांग्रेस की विधायक रही अदिति सिंह इस बार भाजपा से मैदान में हैं। इसी तरह 2017 में सपा के टिकट पर लखनऊ कैंट से प्रत्याशी रहीं अपर्णा यादव भी इस बार भाजपा में हैं।

**कांग्रेस से इन्हें मिला टिकट:** मुरादाबाद देहात सीट से सपा ने अपने विधायक हाजी इकराम कुरैशी का टिकट काटकर बसपा से आए नासिर कुरैशी को टिकट दे दिया है। ऐसे में हाजी इकराम सपा छोड़कर कांग्रेस से चुनावी मैदान में उतर गए हैं।

## सपा के गढ़ पर सत्तारूढ़ भाजपा की निगाहें



**शिव विजय सिंह।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के गढ़ मैनपुरी पर सत्ता रूढ़ भाजपा की निगाह लग चुकी है। देखा जाए तो भाजपा ने 2017 के विधानसभा चुनाव में मैनपुरी जनपद की चार विधानसभा सीटों में से एक सीट भोगांव पर जीत का परचम लहरा कर सीधे-सीधे समाजवादी को ललकारा था। यही नहीं भाजपा यहां जिला पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव जीतकर विधानसभा चुनाव 2022 का रिहर्सल भी कर चुकी है। शायद यही वजह रही कि सपा मुखिया अखिलेश यादव को अपना गढ़ बचाने के लिए स्वयं ही मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट पर चुनावी समर में उतारना पड़ा है। अभी फिलहाल भाजपा ने सपा मुखिया अखिलेश यादव के सामने करहल सीट से प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है जबकि बहुजन समाजवादी पार्टी ने कुलदीप नारायन को मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में उतार दिया है। सपा मुखिया अखिलेश यादव पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं वह भी अपने सबसे सुरक्षित गढ़ मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से। यह सीट काफी लंबे समय से समाजवादी पार्टी के पास है। बस 2002 के विधानसभा चुनाव में इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार के रूप में सोबरन सिंह यादव ने चुनाव जीता था लेकिन बाद में वह भी समाजवादी पार्टी के पाले में चले गए। इसके बाद 2007, 2012 व 2017 में सपा के टिकट पर सोबरन सिंह यादव लगातार यहां से चुनाव जीतते चले आ रहे हैं। इसलिए यह तो साफ हो गया है कि करहल विधानसभा सीट सपा मुखिया अखिलेश यादव के लिए जीत की दृष्टि से काफी सुरक्षित है। फिर भी सपा मुखिया अखिलेश यादव के सामने मैनपुरी में बड़ा चैलेंज है। यदि हम 2017 के विधानसभा चुनाव पर नजर डालें तो देखने को मिलेगा कि मैनपुरी की चार विधानसभा सीटों में से तीन सीटों पर समाजवादी पार्टी का कब्जा था जबकि एक सीट भोगांव भाजपा के खाते में गई थी। शेष बची तीन सीटों-करहल,किशनी और मैनपुरी पर भाजपा दूसरे नंबर पर थी। कुल मिलाकर भाजपा ने 2017 के विधानसभा चुनाव में मैनपुरी में सेंधमारी तो करी थी। इस लिहाज से सपा मुखिया अखिलेश यादव के सामने अपनी करहल सीट जीतने के साथ ही भोगांव सीट फिर से हासिल करने की बड़ी चुनौती है। यादव बाहुल्य मैनपुरी जिले में जीत का एक ही फार्मूला है और वह है जातीय गोलबंदी। यादवों के साथ अन्य पिछड़ी जातियों को मिलाकर सपा जीत का परचम फहराती आ रही है। भाजपा ने सपा के इस दुर्ग को भेदने के लिए सरकार बनने के बाद से ही ताकत झोंकी है । जिले के एकमात्र भाजपा विधायक रामनरेश अग्निहोत्री को कैबिनेट मंत्री बनाने के साथ भोगांव शिकोहाबाद मार्ग को फोरलेन करने और सैनिक स्कूल का संचालन शुरू कराया। हालांकि इस स्कूल की स्वीकृति सपा सरकार में ही मिली थी। 2017 के चुनाव में भाजपा हर बूथ तक नहीं पहुंच सकी थी। इस बार प्रत्येक बूथ स्तर तक संगठन मजबूत किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव जीतकर पार्टी तैयारियों का रिहर्सल भी कर चुकी है।

## हारी लड़ाई लड़ रही है कांग्रेस

- चुनाव दर चुनाव प्रदेश में सिमटती चली गई देश की सबसे पुरानी पार्टी
- पिछले चुनाव में दहाई का आंकड़ा भी नहीं छुपाई, जीते थे मात्र सात विधायक

**विवेक श्रीवास्तव।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** में कांग्रेस का वनवास खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। सर्वाधिक समय तक सत्ता पर काबिज रहने वाली कांग्रेस पार्टी देश के सबसे बड़े सूबे में चुनाव दर चुनाव सिमटती ही चली गई। हर चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन पहले से और ज्यादा खराब होता चला गया। न सिर्फपार्टी की सीटें घटती गईं बल्कि उसका वोट प्रतिशत भी लगातार नीचे आता चला गया। कांग्रेस पार्टी की हालत आज किसी से छिपी नहीं है। सत्ता से अपना वनवास खत्म करने के लिए कांग्रेस ने चुनावों में हाथी से लेकर साइकिल तक की सवारी की लेकिन कोई भी हथकंडा काम नहीं आया। मौजूदा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस महासचिव और यूपी की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रदेश की सभी 403 सीटों पर चुनाव लडने् की घोषणा की है। कांग्रेस अभी तक 322 प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। इनमें 40 फीसदी के हिसाब से 130 महिलाओं को टिकट दिया गया है। दो दशक बाद यह पहला मौका होगा जब कांग्रेस सभी सीटों पर चुनाव लडने् जा रही है। जीत-हार तो अलग की बात है लेकिन कांग्रेस के इस कदम को साहस भरा अवश्य कहा जाएगा। प्रदेश की सभी सीटों पर कांग्रेस बीस साल बाद लड़ने जा रही है। वैसे तो 1985 के चुनाव में आखिरी बार पार्टी ने सूबे की सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे लेकिन साल 2002 के चुनाव में उसने कुल 403 सीटों में 402 पर चुनाव लड़ा था। साल 1985 में हुआ यूपी विधानसभा का चुनाव वो आखिरी चुनाव था जब कांग्रेस पार्टी ने यूपी में सरकार बनाई थी। तब पार्टी ने कुल 425 सीटें लड़ी थीं। उत्तराखंड के साथ होने के कारण साल 2000 से पहले



यूपी में 425 सीटें हुआ करती थीं। इनमें से कांग्रेस को 269 सीटें मिली थीं यानी पूर्ण बहुमत से कहीं ज्यादा लेकिन पार्टी में कई गुट बन गए थे। नारायण दत्त तिवारी कांग्रेस के आखिरी मुख्यमंत्री रहे। तब से लेकर अब तक पार्टी का ग्राफ गिरता ही चला गया।

आंकड़ों पर नजर डालें तो 1989 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की स्थिति ठीक थी। हांलाकि उस दौरान सबसे बड़ी पार्टी के रूप में जनता दल सामने आई थी। इस चुनाव में कांग्रेस ने 406 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे और उसे 94 सीटों और 28.01 प्रतिशत मत हासिल हुए थे। इसके बाद 1991 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 419 सीटों पर प्रत्याशी उतारे और 46 पर जीत हासिल की। उसे इस बार 17.30 प्रतिशत मत मिले। 1993 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 421 सीटों पर चुनाव लड़ी और 28 पर ही जीत दर्ज कर पायी। इस चुनाव में कांग्रेस को 15.30 प्रतिशत मत हासिल हुए। 1996 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस ने बहुजन समाज पार्टी के साथ गठबंधन करके लड़ा। उसके हिस्से में 126 सीटें आईं जिस पर प्रत्याशी उतारे। गठबंधन का यह फायदा हुआ कि पिछले चुनाव के मुकाबदले उसकी पांच सीटें बढ़ गईं और उसे 33 सीटों पर जीत हासिल हुई। इस चुनाव में कांग्रेस को 8.35 प्रतिशत मत हासिल हुए। 2002 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 402 सीटों पर चुनाव लड़ा और 25 पर जीत दर्ज कराई। कांग्रेस को 9.04 प्रतिशत मत हासिल हुआ। 2007 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 393 सीटों पर चुनाव लड़ी और 22 जीती। उसे 8.6 प्रतिशत मत हासिल हुए। 2012 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 355 सीटों पर प्रत्याशी उतारे और 28 पर जीत दर्ज कराई। कांग्रेस को 11.6 प्रतिशत मत हासिल हुए। 2017 का विधानसभाचुनाव कांग्रेस ने सपा के साथ मिलकर लड़ा लेकिन उसकी ऐतिहासिक पराजय हुई। कांग्रेस न सिर्फ सात सीटों तक सिमटकर रह गई बल्कि उसे 6.3 प्रतिशत मत ही हासिल हुए। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार कांग्रेस के लिए हालात और भी खराब हैं। पार्टी के पास न तो मजबूत संगठन है और न ही कोई आधार वोट बैंक बचा है। लगातार पार्टी के स्थापित नेता भी उसका साथ छोड़ते चले जा रहे हैं। जनवरी माह में ही करीब एक दर्जन नेता कांग्रेस छोड़कर दूसरे दलों में जा चुके हैं। कांग्रेस के नेताओं को ही नहीं लग रहा है कि पार्टी चुनाव जीत सकेगी। ऐसे में बीच लड़ाई में मैदान छोडने् वालों की संख्या पर लगाम कसती नहीं दिख रही। जाहिर है इस लिहाज से देखें तो कांग्रेस उत्तर प्रदेश में एक हारी हुई लड़ाई लड़ रही है।

### विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की स्थिति

साल 1989 में 94 सीटें
साल 1991 में 46 सीटें
साल 1996 में 33 सीटें
साल 2002 में 25 सीटें
साल 2007 में 22 सीटें
साल 2012 में 28 सीटें
साल 2017 में 07 सीटें

# मेरी सरकार के किए कामों का श्रेय लेना चाह रहे हैं चन्नी : अमरिंदर



भाषा। पटियाला

**पंजाब** लोक कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह ने सोमवार को मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के कल्याणकारी कार्यों के दावों को खारिज करते हुए दावा किया कि सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार उन कार्यों का श्रेय ले रही है जो राज्य में उनके मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए किए गए थे। पिछले साल प्रदेश के मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने के बाद अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस छोड़ दी थी। बाद में उन्होंने पंजाब लोक कांग्रेस नाम से नया दल बनाया और राज्य में 20 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) से गठबंधन है। पटियाला शहरी विधानसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद यहां अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सिंह ने दावा किया कि यह उनकी सरकार थी जिसने बेअदबी और मादक द्रव्यों के मामलों में कड़ी कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि चन्नी अपनी व्यक्तिगत उपलब्धि के रूप में जो कुछ भी दावा कर रहे हैं, वह मेरी सरकार द्वारा पूरा किया गया, जिसमें नौकरियों का सृजन, सामाजिक कल्याण योजनाएं, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और किसानों की कर्जमाफी शामिल है। अमरिंदर सिंह ने एक बयान में कहा कि यहां तक कि बेअदबी और मादक द्रव्यों के मामले में भी, यह उनकी सरकार थी जिसने कड़े कदम उठाए थे।सिंह ने कहा कि उनकी सरकार ने सीबीआई से बेअदबी के मामलों को वापस पाने के लिए उच्चतम न्यायालय तक कड़ी लड़ाई लड़ी।

## प्रकाश सिंह बादल, पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किए

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के संरक्षक प्रकाश सिंह बादल ने सोमवार को लांबी सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और इस तरह वह चुनाव लड़ने वाले देश के सबसे उम्रदराज उम्मीदवार बन गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने भी राज्य में होने वाले चुनाव के लिए पटियाला शहरी विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। अधिकारियों ने बताया कि पांच बार मुख्यमंत्री रहे 94 वर्षीय बादल ने मुक्तसर जिले के मलोट के निर्वाचन अधिकारी के समक्ष कागजी कार्रवाई पूरी की। इसके साथ, उन्होंने केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वी. एस. अच्युतानंदन के सबसे उम्रदराज उम्मीदवार होने के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता अच्युतानंदन 92 वर्ष के थे, जब उन्होंने 2016 में विधानसभा चुनाव लड़ा था। उधर कैप्टन अमरिंदर सिंह के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पंजाब चुनाव प्रभारी गजेंद्र सिंह शेखावत भी थे।

# स्वेच्छा से शादी या लिव-इन में साथ रहना चाहें तो कोई मॉरल पुलिसिंग नहीं कर सकता

भाषा। जबलपुर

**मध्य** प्रदेश उच्च न्यायालय ने कहा कि यदि दो व्यस्क शादी या लिव–इन–रिलेशनशिप के जरिए साथ रहना चाहते हैं तो किसी को भी मॉरल पुलिसिंग की अनुमति नहीं दी जा सकती है। न्यायमूर्ति नंदिता दुबे की एकल पीठ ने 28 जनवरी को जबलपुर निवासी गुलजार खान की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का निपटारा करते हुए यह टिप्पणी की। याचिका में खान ने कहा था कि उसने महाराष्ट्र में आरती साहू (19) से शादी की थी और साहू ने स्वेच्छा से इस्लाम धर्म अपना लिया है।

# कर्नाटक के मंत्री और शिवकुमार के बीच बैठक के बाद अटकलों का दौर

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक** में भाजपा सरकार में मंत्री आनंद सिंह और प्रदेश कांग्रेस प्रमुख डी के शिवकुमार के बीच सोमवार को यहां कांग्रेस नेता के आवास पर हुई मुलाकात के बाद अटकलों का दौर शुरू हो गया है। यह घटनाक्रम विपक्षी कांग्रेस के कुछ नेताओं द्वारा हाल में किए गए इन दावों को बीच हुआ है कि मंत्रियों सहित सत्तारूढ़ दल के कुछ नेता उनके संपर्क में हैं।

## न्यायालय ने मजीठिया की 23 फरवरी तक गिरफ्तारी पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पंजाब पुलिस को शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को मादक पदार्थ के एक मामले मे 23 फरवरी तक गिरफ्तार नही करने का निर्देश दिया ताकि वह राज्य मे चुनाव प्रक्रिया मे हिस्सा ले सकें। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना तथा न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने इसके साथ ही मजीठिया को 20 फरवरी को पंजाब विधानसभा चुनाव होने के बाद एक निचली अदालत में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया।

## नाइजीरियाई नागरिक के पास से एक करोड़ से अधिक का मादक पदार्थ बरामद

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे मे पुलिस ने एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया और उसके पास से 1.12 करोड़ रुपए का मादक पदार्थ बरामद किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के पास से एक कार, छह मोबाइल फोन और वजन करने की एक इलेक्ट्रॉनिक मशीन बरामद की। बरामद किए गए सामान का कुल मूल्य 5,38,360 आंका गया है। अधिकारी ने कहा कि इसके अलावा एक नाइजीरियाई पासपोर्ट भी बरामद किया गया। पुलिस उपायुक्त (अपराध) लक्ष्मीकांत पाटिल ने यहां संवाददाताओ से कहा कि गोपनीय सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए पुलिस ने पिछले बृहस्पतिवार जाल बिछाया और घोड़बंदर रोड पर एक होटल के गेट के पास से डिक्सन चिडीबेरे इजे (30) को गिरफ्तार किया।

## मणिपुर में भाजपा विधायक और दो अन्य नेता कांग्रेस में शामिल

**इंफाल।** भाजपा विधायक पी शरतचंद्र मणिपुर विधानसभा चुनाव मे टिकट हासिल करने मे विफल रहने के एक दिन बाद सोमवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। उनके साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेताओं-एन बीरेन और एन जॉयकुमार ने भी कांग्रेस का दामन थाम लिया। मोइरंग सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले शरतचंद्र ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर पुराने लोगो के बजाय नए लोगों को तवज्जो देने का आरोप लगाया। वह स्पष्ट रूप से एम पृथ्वीराज की ओर इशारा कर रहे थे, जो पिछले साल कांग्रेस से भाजपा में आए थे और उन्हे मोइरंग से भाजपा ने टिकट दिया है। पृथ्वीराज पिछले चुनाव मे शरतचंद्र से 400 से भी कम मतो से हार गए थे। पूर्व मंत्री बीरेन और जॉयकुमार ने भी टिकट न मिलने के बाद भाजपा का दामन छोड़ दिया। कांग्रेस के चुनाव प्रभारी भक्त चरण दास ने इन तीनो का स्वागत किया।

## भाजपा तमिलनाडु में शहरी निकाय चुनाव अकेले लड़ेगी

**चेन्नई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई ने सोमवार को घोषणा की कि वह शहरी निकाय चुनाव अकेले लड़ेगी और कहा कि राज्य में अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम के साथ उसका गठबंधन बरकरार रहेगा। भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने कहा कि स्थानीय स्तर पर कई व्यावहारिक कठिनाइयो को देखते हुए निकाय चुनावो के लिए अन्नाद्रमुक के साथ सीट साझा करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के लिए स्थानीय निकाय चुनाव एक अवसर है और भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को नगर निकाय चुनाव लड़ने के वास्ते टिकट देकर उनकी आकांक्षाओं को पूरा करना चाहती है। उन्होने विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा बड़ी संख्या मे सीटो पर विजई होगी।


**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत यह सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में प्रतिभूति के प्रवर्तन के विषय में जारी की जा रही है। उक्त कर्जदार/रों ने उनके द्वारा प्रतिभूत लेनदार से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित सूचना भेजी गई थी, जो बिना सुपुर्दगी वापस प्राप्त की जा चुकी है और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/ सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजीव रंजन कुमार, अस्मिता कुमारी, एच नंबर टी/573/1, भू तल, गली नंबर 2, बलजीत नगर, निकट गुरूद्वारा, नई दिल्ली/ खाता नंबर : 26600001246 एवं खाता नंबर : क्यूजैडडीईएल00004998562 | प्लॉट नंबर बी–29, द्वितीय तल, फ्रंट साइड सुभाष पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली | 25–10–2021 रू. 12,16,561/– | 28–09–2021 |
| 2. | कानंद कुमार वार्के, सारिका कानंद वार्के, ई 16, फ्लैट नंबर 103, प्रथम तल, कृष्णा अपार्टमेंट, गली नंबर 9, पूरन नगर, निकट देशवाल स्कूल, नागपुर, महाराष्ट्र/ खाता नंबर : 26600000741 एवं खाता नंबर : क्यूजैडडीईएल00004999615 | सम्पत्ति सं. ई 16, प्राइवेट नंबर 103, उत्तर पश्चिमी भाग, पूरन नगर, केएच नंबर 69/22/1 एवं 19/2, पालम, दिल्ली | 25–10–2021 रू. 6,97,967/– | 28–09–2021 |
| 3. | अरूण कुमार झा, बबीता झा, ए 581/4, भू तल, शास्त्री नगर, ए ब्लॉक गुरूद्वारा, नई दिल्ली/ खाता नंबर : 96000001622 एवं खाता नंबर : क्यूजैडडीईएल00005004690 | सम्पत्ति सं. ए 581, प्रथम तल, छत का अधिकार नहीं, ए ब्लॉक, शास्त्री नगर, दिल्ली/ | 25–10–2021 रू. 13,71,019/– | 28–09–2021 |
| 4. | चाको जॉन वर्गीज, अन्नामा वर्गीज, टी–23, प्रथम तल, शुक्र बाजार, उत्तम नगर, नई दिल्ली/ खाता नंबर : 26600000778 एवं खाता नंबर : क्यूजैडडीईएल00005018662 | प्लॉट नंबर डी–28, एसएफ, फ्रंट (एलएचएस) केएच नंबर 962, ग्राम नवादा, ओम विहार, उत्तम नगर, दिल्ली | 25–10–2021 रू. 12,98,324/– | 28–09–2021 |
| 5. | गिरीश आनंद, तृप्ता आनंद, ई 26, शर्मा कालोनी, फेज–2, बुध विहार, दिल्ली/ खाता नंबर : 25400000492 एवं खाता नंबर : क्यूजैडडीईएल00005024722 | सम्पत्ति सं. 132, भू तल, प्लॉट नंबर 15, सेक्टर–24, रोहिणी | 25–10–2021 रू. 6,28,449/– | 28–09–2021 |
| 6. | पिंकी जेम्स, निजू थॉमस, बी 18, ब्लॉक बी, राम नगर, ओम विहार, नई दिल्ली/ खाता नंबर : 26600000699 एवं खाता नंबर : क्यूजैडडीईएल00005026254 | प्लॉट नंबर 58 एवं 59, फ्लैट नंबर 103, प्रथम तल, बैक साइड आरएचएस मटियाला एक्सटेंशन, उत्तम नगर | 25–10–2021 रू. 26,15,222/– | 28–09–2021 |
| 7. | हेमंत स्वैन, शीमा रानी स्वैन, मकान नंबर 2एच/96, एनआईटी, निकट लखानी धरमशाला, फरीदाबाद, हरियाणा/ खाता नंबर : 12900001179 एवं खाता नंबर : क्यूजैडएफडीबी00005012550 | मकान नंबर 2ई/151, फ्रंट पोर्शन, एनआईटी, फरीदाबाद, हरियाणा | 25–10–2021 रू. 25,89,389/– | 28–09–2021 |
| 8. | ओम पाल सिंह, सोरानी, एच नंबर 478, गली नंबर 10, भू तल, जवाहर कालोनी, एनआईटी, फरीदाबाद, हरियाणा/ खाता नंबर : 12900001136 एवं खाता नंबर : क्यूजैडएफडीबी00005036000 | एच नंबर 2970, गली नंबर 7, प्लॉट नंबर ई/148, खसरा नंबर 49/213/2, जवाहर कालोनी 2, एनआईटी, फरीदाबाद, हरियाणा | 25–10–2021 रू. 25,93,423/– | 28–09–2021 |
| 9. | देवेन्द्र प्रसाद पुरोहित, अनामिका पुरोहित,एच नंबर 1647, गली नंबर 4, महावीर ब्लॉक, भोलानाथ नगर, शाहदरा/ खाता नंबर : 27900001489 एवं खाता नंबर : क्यूजैडजीएनओ00005024921 | प्लॉट नंबर 194/6–ए–3–एक्स, द्वितीय तल, केएच नंबर 1448/624, गली नंबर 14, भोलानाथ नगर, ग्राम चंद्रावली, निकट मणिराम मंदिर, दिल्ली | 25–10–2021 रू. 10,11,460/– | 28–09–2021 |
| 10. | श्रवण कुमार, रंजना, ए–754, द्वितीय तल, शास्त्री नगर, नई दिल्ली/ खाता नंबर : 19600043355 एवं खाता नंबर : क्यूजैडजीआरएन00005038969 | प्लॉट नंबर 14 ई, यूजीएफ संजय नगर, केएच 217, 223/3 मिन, 442/217, ग्राम सघोरा कलां, दिल्ली | 25–10–2021 रू. 20,57,191.59/– | 28–09–2021 |
| 11. | रमेश मिश्रा, रेखा मिश्रा, एच नंबर 486/2, भोलानाथ नगर, शाहदरा, बाबरपुर, नई दिल्ली/ खाता नंबर : 19600043334 एवं खाता नंबर : क्यूजैडजीआरएन00005064382 | सम्पत्ति सं. 194/6–ए–3–एक्स, प्रथम तल, केएच नंबर 1448/624, गली नंबर 14, भोलानाथ नगर, शाहदरा, दिल्ली | 25–10–2021 रू. 11,02,010/– | 28–09–2021 |
| 12. | पंकज गोयल, महावीर प्रसाद, एच नंबर 200, राजीव कालोनी, निकट पुरानी चुंगी, फरीदाबाद, हरियाणा/ खाता नंबर : 13000002270 एवं खाता नंबर : क्यूजैडजीयूआर00005024579 | एच नंबर 1526, गली नंबर 1 ए, खतौनी नंबर 74, केएच नंबर 1385 (0–8), न्यू बासेलवा कालोनी, फरीदाबाद, हरियाणा | 25–10–2021 रू. 21,20,106/– | 28–09–2021 |
| 13. | साहिल छाबड़ा, मोनिका छाबड़ा, डी 23, राधे पुरी, कृष्णा नगर, लाल मंदिर, दिल्ली/ खाता नंबर : 13000001994 एवं खाता नंबर : क्यूजैडजीयूआर00005042769 | प्लॉट नंबर 86–ए एवं 87–ए, द्वितीय तल, खसरा नंबर 16/27, ब्लॉक ई, साउथ अनारकली, ग्राम खुरेजी खास, शाहदरा, दिल्ली | 25–10–2021 रू. 18,87,312/– | 28–09–2021 |
| 14. | रमेश चंद, प्रेम वती, एच नंबर एफके 8, चतुर्थ तल, शास्त्री नगर, नई दिल्ली/ खाता नंबर : 24900001106 एवं खाता नंबर : क्यूजैडजेएनके00005004144 | प्लॉट नंबर 106, तृतीय तल, छत के अधिकार सहित, पाकेट–8, सेक्टर–23, रोहिणी, दिल्ली | 25–10–2021 रू. 17,97,586/– | 28–09–2021 |
| 15. | मैरी वुंग लाम नुआम निआंग, सैमुअल खामखानहौ फिआम्फू, एच नंबर 2166, द्वितीय तल, शोरा कोठी, क्लॉक टावर, सब्जी मंडी, मल्का गंज, दिल्ली/ खाता नंबर : 24900001519 एवं खाता नंबर : क्यूजैडजेएनके00005009807 | फ्लैट नंबर बी–5, प्रथम तल (रियर आरएचएस) छत का अधिकार नहीं, केएच नंबर 853/2 मिन (0–7), 853/3 मिन (0–13), विस्तारित लाल डोरा, प्राइवेट प्लॉट दिल्ली | 25–10–2021 रू. 22,06,502/– | 28–09–2021 |
| 16. | विकास कुमार, मदन पाल, एच नंबर डब्ल्यूजैड–1075 ए, नया, पुराना नंबर 307, प्लॉट नंबर 10, केएच 308, खेवट नंबर 44, केएच नंबर 145, शकूरबस्ती, सलीम पुर माजरा रानी बाग, नई दिल्ली/ खाता नंबर : 24900001114 एवं खाता नंबर : क्यूजैडजेएनके00005012838 | सम्पत्ति सं. डब्ल्यूजैड–1075, ए एवं बी, नया, पुराना नंबर 307, प्लॉट नंबर 10, केएच नंबर 308, खेवट नंबर 44, खाता नंबर 145, ग्राम सलेमपुर दिल्ली | 25–10–2021 रू. 20,40,315/– | 28–09–2021 |
| 17. | ज्योति सक्सेना, अवनीश कुमार, 157, बी सी 4, जी जनकपुरी, नई दिल्ली/ खाता नंबर : 24900000876 एवं खाता नंबर : क्यूजैडजेएनके00005014000 | सम्पत्ति सं. सी–5 ए/124, द्वितीय तल, छत का अधिकार नहीं, ब्लॉक–सी–5ए, निकट राम मंदिर, जनकपुरी, दिल्ली | 25–10–2021 रू. 39,53,150/– | 28–09–2021 |
| 18. | वर्मा अभय राजकुमार, मधु आर सोनी, सी 15/बी, मंसा राम पार्क, उत्तम नगर, नई दिल्ली/ खाता नंबर : 24900001339 एवं खाता नंबर : क्यूजैडजेएनके00005025153 | पी नंबर 108, टी एफ बैक साइड छत के अधिकार सहित, केएच नंबर 20/21/1, ग्राम मटियाला, गली नंबर 7, जैन कालोनी पार्ट 3, टी एक्स, दिल्ली | 25–10–2021 रू. 9,87,023/– | 28–09–2021 |
| 19. | सुरेन्द्र कुमार, श्रीकृष्ण, 200 टाइप, 2 क्वार्टर्स, लोधी रोड कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, सेंट्रल दिल्ली/ खाता नंबर : 28200000359 एवं खाता नंबर : क्यूजैडएलजेपी00005013283 | आरजैड–10–ई, प्लॉट नंबर 3, एफएफ (आरएचएस) गली नंबर 24–बी, केएच नंबर 592, खाता नंबर 66, ग्राम नासिरपुर, साध नगर, दिल्ली | 25–10–2021 रू. 10,41,028/– | 28–09–2021 |
| 20. | संदीप शर्मा, चेतना शर्मा, ए 35 ए, तृतीय यतल, विश्वास पार्क, उत्तम नगर, नई दिल्ली/ खाता नंबर : 13100001763 एवं खाता नंबर : क्यूजैडएनओडी00005008102 | प्लॉट नंबर 83–ए, प्रथम तल, फ्रंट साइड केएच नंबर 109/14, गली नंबर 19, भारत विहार, राजा पुरी, ग्राम पालम, उत्तम नगर, दिल्ली | 25–10–2021 रू. 8,41,762/– | 28–09–2021 |
| 21. | दीपक कुमार, सुषमा देवी, ओ 544, सेवा नगर, लोधी रोड, सेंट्रल दिल्ली/ खाता नंबर : 13100002058 एवं खाता नंबर : क्यूजैडएनओडी00005023545 | प्लॉट नंबर जी–49, तृतीय तल, छत के अधिकार सहित, बैक साइड, खसरा नंबर 428, ग्राम नवादा, ब्लॉक–जी, मोहन गार्डन, दिल्ली | 25–10–2021 रू. 22,32,051/– | 28–09–2021 |
| 22. | गौरी शंकर सिंह, सीमा देवी, जी नंबर 1, सी ब्लॉक, रोशन नगर, एजीआई 584, फरीदाबाद, हरियाणा/ खाता नंबर : 20000042652 एवं खाता नंबर : क्यूजैडएनओडी00005038939 | सम्पत्ति सं. आरजैड 236, प्रथम तल, फ्रंट आरएचएस, गली नंबर 19, केएच नंबर 529, तुगलकाबाद एक्स. दिल्ली | 25–10–2021 रू. 19,90,974/– | 28–09–2021 |
| 23. | काशिफ, आयशा परवीन, नंबर 2551/ए 6 ए, तृतीय तल, गुरू नानक नगर, न्यू रोशन नगर, नई दिल्ली/ खाता नंबर : 25500001725 एवं खाता नंबर : क्यूजैडपीटीयू00004999375 | सम्पत्ति सं. 2566, द्वितीय तल, खसरा नंबर 412, ग्राम खामपुर राया, मंदिर वाली गली शादीपुर | 25–10–2021 रू. 24,37,917/– | 28–09–2021 |
| 24. | कुलवंत सिंह, देविन्दर कौर, ए–106/107, आर्य नगर, नीलोठी एक्सटेंशन, नीलोठी, वेस्ट दिल्ली/ खाता नंबर : 19800041582 एवं खाता नंबर : क्यूजैडपीटीयू00005016647 | प्लॉट नंबर ए–12 ए एवं ए–12 बी, तृतीय तल, बैक साइड, ओम विहार, उत्तम नगर, दिल्ली | 25–10–2021 रू. 24,60,642/– | 28–09–2021 |
| 25 | महावीर सिंह, सोनू एस, नंबर 51 पी, सेक्टर–4, डीआईजैड एरिया, गोल मार्किट, सेंट्रल दिल्ली/ खाता नंबर : 25500001732 एवं खाता नंबर : क्यूजैडपीटीयू00005019440 | सम्पत्ति सं. 223 एवं 224, प्रथम तल, फ्रंट एलएच सुनीत ब्लॉक एफ, केएच नंबर 105/10, ग्राम पालम, विश्वास पार्क, उत्तम नगर, नई दिल्ली | 25–10–2021 रू. 6,73,104/– | 28–09–2021 |
| 26. | रवि भाटिया, ज्योति, डब्ल्यूजैड नंबर 431, तृतीय तल, गली नंबर 19, संत गढ़, नई दिल्ली/ खाता नंबर : 92000001945 एवं खाता नंबर : क्यूजैडजैडआरएच00005024740 | सम्पत्ति सं 431, तृतीय तल, फ्रंट राइट साइड यूनिट छत के अधिकार सहित, केएच नंबर 14/12, गली नंबर 19/20, तिलक नगर, नई दिल्ली | 25–10–2021 रू. 14,91,134/– | 28–09–2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 01 फरवरी, 2022 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रोहित कोछड़, सी–70, सेक्टर–41, नोएडा / खाता नंबर एलबीडीईएल00000363857 | बी–122, एफएफ – 112, लाजपत नगर, नई दिल्ली | 09–12–2021 रू. 2,97,899/– | 07/07/2021 |
| 2. | रोहित कोछड़, सी–70, सेक्टर–41, नोएडा / खाता नंबर एलबीडीईएल00000525688 | बी–122, एफएफ – 112, लाजपत नगर, नई दिल्ली | 09–12–2021 रू. 3,61,491/– | 07/07/2021 |
| 3. | प्रवीण कुमार शर्मा, रेखा शर्मा, 361, गौतम नगर, गाजियाबाद / खाता नंबर एलबीडीईएल00000701684 | मकान नंबर बी–426, पटेल नगर, सेक्टर–7, गाजियाबाद | 09–12–2021 रू. 1,88,895.24/– | 04/09/2021 |
| 4. | सुरेन्द्र कुमार, मदन लाल अग्रवाल, एच नंबर 613, डी : डी, फरीदाबाद / खाता नंबर एलबीडीईएल00001198455 | प्लॉट नंबर 613, सेक्टर–37, अर्बन एस्टेट फरीदाबाद | 18–12–2021 रू. 6,85,795.67/– | 09/09/2021 |
| 5. | सुभाष चंद शर्मा, अजय शर्मा, एल–206 ए, लाजपत नगर, डी : डी, साहिबाबाद, गाजियाबाद, / खाता नंबर एलबीडीईएल00001408206 | फ्लैट नंबर बी–6 (एसएफ रियर एलएचएस), प्लॉट नंबर डी–508, लाजपत नगर, सेक्टर–4, साहिबाबाद, गाजियाबाद | 18–12–2021 रू. 4,65,092.64/– | 09/09/2021 |
| 6. | सिल्की मल्होत्रा, तरूण मल्होत्रा, फ्लैट नंबर 759, एलआईजी फ्लैट्स, एसएफ, ब्लॉक जीएच, 5 एवं 7, पश्चिम विहार, दिल्ली / खाता नंबर एलबीडीईएल00001632170 | फ्लैट नंबर 759, एलआईजी फ्लैट्स, एसएफ, ब्लॉक जीएच, 5 एवं 7, पश्चिम विहार, दिल्ली | 09–12–2021 रू. 5,19,258/– | 09/09/2021 |
| 7. | सिल्की मल्होत्रा, तरूण मल्होत्रा, फ्लैट नंबर 759, एलआईजी फ्लैट्स, एसएफ, ब्लॉक जीएच, 5 एवं 7, पश्चिम विहार, दिल्ली /खाता नंबर एलबीडीईएल00001645545 | फ्लैट नंबर 759, एलआईजी फ्लैट्स, एसएफ, ब्लॉक जीएच, 5 एवं 7, पश्चिम विहार, दिल्ली | 09–12–2021 रू. 2,17,160/– | 09/09/2021 |
| 8. | संजय ब्राह्मी, आराधना ब्राह्मी, ए–42, गुजरावाला टाउन, पार्ट–1, प्रथम तल, दिल्ली / खाता नंबर एलबीडीईएल00001822909 | प्लॉट नंबर 370, बी द्वितीय तल, छत का अधिकार नहीं, ब्लॉक बी, भरौला, मंजलिस पार्क कालोनी, गली नंबर 4, दिल्ली | 09–12–2021 रू. 10,71,699.1/– | 31/08/2021 |
| 9. | संजय ब्राह्मी, आराधना ब्राह्मी, ए–42, गुजरावाला टाउन, पार्ट–1, प्रथम तल, दिल्ली / खाता नंबर एलबीडीईएल00001828305 | प्लॉट नंबर 370, बी द्वितीय तल, छत का अधिकार नहीं, ब्लॉक बी, भरौला, मंजलिस पार्क कालोनी, गली नंबर 4, दिल्ली | 09–12–2021 रू. 3,68,750.3/– | 31/08/2021 |
| 10. | किरण उद्योग, संजय कुमार जैन एवं विवेक कुमार जैन एवं अरविंद कुमार जैन एवं राजीव कुमार जैन, प्लॉट नंबर 7, ब्लॉक–27 बी, डी : डी, नई दिल्ली/ खाता नंबर एलबीडीईएल00002021880 | प्लॉट नंबर 7, ब्लॉक–27 बी, न्यू रोहतक रोड, नई दिल्ली | 06–12–2021 रू. 3,32,21,938/– | 09/09/2021 |
| 11. | सुनील कुमार, तरूणा डांगी, 12/10, तृतीय तल, डी : डी, दिल्ली/ खाता नंबर एलबीडीईएल00002041578 | फ्लैट नंबर 411 सी, 11वां तल, गोल्फ व्यू अपार्टमेंट्स, टावर – लग्जूरिया, सेक्टर–I, पाकेट–डी, सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ | 06–12–2021 रू. 1,07,56,540/– | 09/09/2021 |
| 12. | नीरज चद्ढा, भावना चद्ढा, एफ 39, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 45 ए, केएच नंबर 88/19, गली नंबर 5, विजय विहार–II, रोहिणी सेक्टर–4, ग्राम रिठाला, दिल्ली/ खाता नंबर एलबीडीईएल00002087250 | यूनिट नंबर 005, भू तल, ब्लॉक एफ, दिल्ली 99 निकट कोयल एन्क्लेव, आवास विकास के सामने, भोपुरा टीला मोड़ रोड, ग्राम बम्हेटा हाजीपुर, तहसील लोनी, गाजियाबाद | 09–12–2021 रू. 14,09,856/– | 09/08/2021 |
| 13. | नीरज चद्ढा, भावना चद्ढा, एफ 39, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 45 ए, केएच नंबर 88/19, गली नंबर 5, विजय विहार–II, रोहिणी सेक्टर–4, ग्राम रिठाला, दिल्ली/ खाता नंबर एलबीडीईएल00002116865 | यूनिट नंबर 005, भू तल, ब्लॉक एफ, दिल्ली 99 निकट कोयल एन्क्लेव, आवास विकास के सामने, भोपुरा टीला मोड़ रोड, ग्राम बम्हेटा हाजीपुर, तहसील लोनी, गाजियाबाद | 09–12–2021 रू. 1,26,585/– | 09/08/2021 |
| 14. | राखी गुप्ता, नकुल गुप्ता, शांति निवास 06, अंडर हिल रोड, डी : डी, दिल्ली/ खाता नंबर एलबीडीईएल00002341706 | फ्लैट नंबर 102, प्रथम तल, टीक दि ग्रीन्स सर्वे नंबर 33, 35/3, 35/4, 174, 224184/5 189 कार्पुर ग्राम बिदारगिर ग्राम कसबा अनेकाल तालुक बेंगलूरू | 18–12–2021 रू. 23,40,537/– | 01/07/2021 |
| 12. | अमन अरोड़ा, राम चंदर, कविता अरोड़ा, सी 5/87, सेक्टर-11, डी : डी, दिल्ली,/ खाता नंबर :- एलबीएनओडी00004882187 | सम्पत्ति सं. 177, ब्लॉक बी, पाकेट 6, सेक्टर-8, रोहिणी, दिल्ली | 18-12-2021 रू. 24,99,766.84/- | 09/09/2021 |
| 13. | देव सिंह, सुशांत नायर, फ्लैट नंबर ए-175, गली नंबर 10, चंदर विहार, मंडावली, फजलपुर, दिल्ली,/ खाता नंबर :- एलबीएनओडी00004913739 | फ्लैट नंबर एफ/2151, 20वां तल, ब्लॉक एफ, गौड़ सिद्धार्थम, प्लॉट नंबर 8/बी एस -01, सिद्धार्थ विहार योजना, सेक्टर-8, गाजियाबाद | 09-12-2021 रू. 26,40,041/- | 30/09/2021 |
| 14. | देव सिंह, सुशांत नायर, फ्लैट नंबर ए-175, गली नंबर 10, चंदर विहार, मंडावली, फजलपुर, दिल्ली,/ खाता नंबर :- एलबीएनओडी00004952971 | फ्लैट नंबर एफ/2151, 20वां तल, ब्लॉक एफ, गौड़ सिद्धार्थम, प्लॉट नंबर 8/बी एस -01, सिद्धार्थ विहार योजना, सेक्टर-8, गाजियाबाद | 09-12-2021 रू. 1,46,646/- | 30/09/2021 |
| 15. | प्रवीण कुमार शर्मा, रेखा शर्मा, 361, गौतम नगर, गाजियाबाद / खाता नंबर एलबीएनओडी00005269820 | मकान नंबर बी-426, पटेल नगर, सेक्टर-7, गाजियाबाद | 09-12-2021 रू. 3,58,867.77/- | 04/09/2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 01 फरवरी 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## नाबालिग के यौन शोषण के मामले में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को 15 माह की सजा

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** अमेरिका में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को 2019 में एक विमान में अपने पास बैठे एक नाबालिग लड़के का यौन शोषण करने के मामले में 15 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। अमेरिका के न्याय विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी किए गए बयान के अनुसार, जिला न्यायाधीश नैन्सी ई. ब्रासेल ने मिनियापोलिस के रहने वाले नीरज चोपड़ा को बोस्टन से मिनियापोलिस की उड़ान के दौरान विमान में एक लड़के का यौन शोषण करने के मामले में सजा सुनाई। तीन दिन चली सुनवाई के बाद पिछले साल जुलाई में चोपड़ा को दोषी ठहराया गया था। अदालत के दस्तावेज के अनुसार, चोपड़ा ने अप्रैल 2019 में बोस्टन से मिनियापोलिस जाने वाले जेट ब्लू विमान में पास की सीट पर बैठे 16 वर्षीय लड़के का यौन शोषण किया था।

## पश्चिमी जर्मनी में गश्त पर निकले दो पुलिस कर्मियों की गोली मारकर हत्या

**बर्लिन।** पश्चिमी जर्मनी में सोमवार को तड़के नियमित गश्त पर निकले दो पुलिस अधिकारियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कैसरस्लौउतेन पुलिस ने एक बयान में बताया कि घटना सोमवार को सुबह चार बजकर करीब 20 मिनट पर कुसेल के पास वाहनों की जांच के दौरान हुई। उन्होंने कहा कि हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस के पास उनके संबंध में कोई जानकारी नही है कि वे किस गाड़ी में आए थे या वे किस दिशा में भागे। पुलिस ने कुसल क्षेत्र में चालकों को किसी के लिए भी वाहन ना रोकने का आह्वान किया और आगाह किया कि कम से कम एक संदिग्ध के पास हथियार है।

## सीरिया ने दमिश्क के पास इजराइली मिसाइल हमले को नाकाम किया

**दमिश्क।** सीरिया की हवाई रक्षा प्रणाली ने राजधानी दमिश्क के पास एक क्षेत्र को निशाना बनाने वाली कुछ इजराइली मिसाइलों को गिरा दिया। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी ने सोमवार को यह सूचना दी।समाचार एजेंसी सना ने सैन्य स्रोतों का हवाला देते हुए कहा कि मिसाइलें पूर्वी लेबनान के आसमान की ओर से आईं और दमिश्क के नजदीकी क्षेत्रों में चौकियों को निशाना बनाया।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

**CHANGE OF NAME**

I Shaikh Aftabuddin S/o Shaikh Allauddin R/o D-118, 4th Floor, Abdul Fazal Enclave-1, Jamia Nagar, Okhla New Delhi-110025. My child Taushif Akhtar Father's name wrongly mentioed in school record is S. Aftabuddin. S. Aftabuddin and Shaikh Aftabuddin is the same person.

PD(9142)A

## उत्तर कोरिया ने अमेरिकी क्षेत्र तक मार करने में सक्षम मिसाइल के परीक्षण की पुष्टि की

भाषा। सियोल

**उत्तर कोरिया ने** सोमवार को पुष्टि की कि उसने मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है, जो अमेरिका के ग्वाम क्षेत्र तक मार करने में सक्षम है। हाल के वर्षों में यह उत्तर कोरिया का सबसे शक्तिशाली मिसाइल परीक्षण है। इस परीक्षण के बाद अमेरिका ने क्षेत्र में अपने सहयोगी देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जताई है। वहीं, उत्तर कोरिया इन परीक्षणों के जरिए परमाणु कूटनीति में गतिरोध के बीच बाइडन प्रशासन पर दबाव बना रहा है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया के हाल में हथियारों का परीक्षण तेज करने का मतलब है कि वह प्रतिबंधों में ढील चाहता है या वैध परमाणु संपन्न देश के तौर पर अंतरराष्ट्रीय मान्यता चाहता है। उन्होंने कहा कि अगर रविवार के परीक्षण को लेकर उत्तर कोरिया पर नए प्रतिबंध लगाए जाते हैं तो वह और बड़े परीक्षण कर सकता है। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि रविवार को हुए हवासोंग-12 मिसाइल के परीक्षण का उद्देश्य चुनिंदा रूप से बनाई और तैनात की जा रही इस मिसाइल का मूल्यांकन करना और इसकी सटीकता का सत्यापन करना था। उसने बताया कि मिसाइल पर लगे कैमरे ने अंतरिक्ष से पृथ्वी की एक तस्वीर कैद की और रक्षा विज्ञान अकादमी ने इस हथियार प्रणाली की सटीकता, सुरक्षा और प्रभावशीलता की पुष्टि की। उत्तर कोरिया ने बताया कि उसने मिसाइल को अपने पूर्वी तट की ओर दागा। उसने अतिरिक्त जानकारी नहीं दी।

● बाइडन प्रशासन पर दबाव बना रहा

## पुर्तगाल में सोशलिस्ट पार्टी की लगातार तीसरी बार आम चुनावों में जीत

भाषा। लिस्बन

पुर्तगाल की मध्य-वामपंथी सोशलिस्ट पार्टी ने रविवार को लगातार तीसरी बार आम चुनावों में जीत हासिल कर ली है। आधिकारिक नतीजों से यह जानकारी मिली है। वह ऐसे समय में सत्ता में लौट रही है जब देश कोविड-19 महामारी के बाद अर्थव्यवस्था के लिए यूरोपीय संघ सहायता के तहत अरबों यूरो निवेश करने की योजना बना रहा है। कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के मामलों में वृद्धि के बीच हुए चुनावों में करीब 10 लाख संक्रमित मतदाताओं को मत देने के लिए घरों से बाहर निकलने की अनुमति दी गई। सोशलिस्ट पार्टी ने संसद की 230 सीटों में से कम से कम 106 पर जीत हासिल की। अभी तक 98.5 प्रतिशत मतों की गणना हुई है जिसमें सोशलिस्ट पार्टी को 41 प्रतिशत मत मिले हैं जबकि उसके मुख्य विपक्षी दल मध्य-दक्षिणपंथी सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी को 28 प्रतिशत मत मिले हैं। उसने कम से कम 65 सीटों पर जीत दर्ज की है।

## यूएई ने यमन के हूती विद्रोहियों की दागी मिसाइल को बीच में ही रोका

भाषा। दुबई

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा सोमवार तड़के दागी गई बैलिस्टिक मिसाइल को बीच में ही रोक दिया और नष्ट कर दिया। यह मिसाइल ऐसे समय पर दागी गई, जब इज़राइल के राष्ट्रपति आइजक हरजोग देश की यात्रा पर हैं। यूएई पर हाल के हफ्तों में हुआ यह ऐसा तीसरा हमला है। यूएई की सरकारी एजेंसी डब्ल्यूएएम ने इसकी जानकारी देते हुए कहा, हमले से कोई नुकसान नहीं हुआ है, क्योंकि नष्ट की गई बैलिस्टिक मिसाइल के टुकड़े आबादी वाले क्षेत्रों के बाहर गिरे। देश की नागरिक हवाई यातायात नियंत्रण एजेंसी ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात में हवाई यात्रा पर तत्काल कोई प्रभाव नहीं पड़ा, जहां से अमीरात और एतिहाद के लंबी दूरी के विमान उड़ान भरते हैं। पहले ही, देश के शीर्ष अभियोजक ने धमकी दी है कि जो लोग इस तरह की घटना की तस्वीरें साझा करेंगे, उन्हें यूएई में आरोपों का सामना करना पड़ेगा। यमन के अल-जॉफ प्रांत में भी पिछले सप्ताह इसी तरह एक हमला किया गया था। अल-जॉफ, अबू धाबी के दक्षिण-पश्चिम में लगभग 1,350 किलोमीटर पर स्थित है। हूती सेना के प्रवक्ता ने ट्वीट किया कि विद्रोही आने वाले घंटों में एक हमले की घोषणा करेंगे। उन्होंने इस संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। हूती के समाचार चैनल में बताया कि हवाई हमलों ने यमन की विद्रोहियों के कब्जे वाली राजधानी सना को निशाना बनाना शुरू कर दिया है।

## कांगो तक पहुंचेगी रैपो मेरठ प्रशिक्षण की गूंज



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/मेरठ

लोक व्यवस्था अकादमी मेरठ में संचालित दंगा विरोधी भीड़ नियंत्रण एवं लोक व्यवस्था प्रबंधन प्रशिक्षण की गूंज कांगो तक संयुक्त राष्ट्र मिशन के तहत पहुंचेगी। लोक व्यवस्था अकादमी ;मेरठ में सीमा सुरक्षा बल के 87 अधिकारियोंध्कार्मिकों के एक सप्ताह के दंगा विरोधीध्भीड़ नियंत्रण प्रशिक्षण का शुभारंभ अखिलेश कुमार सिंहए पुलिस उप महानिरीक्षकए रैपो द्वारा किया गया। 31 जनवरी से 5 फरवरी तक यह प्रशिक्षण शिविर का संचलान किया जाएगा। कोर्स के दौरान इन जवानों को दंगा जैसी स्थितियों के दौरान भीड़ की मनोवैज्ञानिकताए हथकड़ी लगानाए अंतरराष्ट्रीय जेल प्रबन्धनए फुट टैक्टिसए ब्रेकिंग कॉन्टैक्टए फायर फायटिंग तकनीकए लेस लीथल वेपनध्मुनेशन हैण्डलिंगए नए विशेष उपकरणों से परिचयए विशेष वाहनों जैसे वज्रए वरूण एवं फायर टेंडर आदि से परिचयए दंगा विरोधी ड्रिल आदि के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। सीमा सुरक्षा बल के इन 87 अधिकारियोंध्कार्मिकों की टीम की अगुवाई मनोज कुमार यादवए कमांडेंट कर रहे हैं।

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that Mr.Suresh Jain and Mr. Praveen Kumar Jain (hereinafter referred to as the said Mortgagors/ Borrowers) are purchasing the First Floor, Second Floor and Third Floor, With Roof Rights, "Said Floor" Property bearing no. 21,area measuring 248.60 sq. mtrs., in Block A, situated in the layout plan of Vivek Vihar-II, Delhi(hereinafter referred to **"said property"**) from Mr. Bipin Jain and Mr. Anuj Jain who became owner of the said floor vide Relinquishment Deed dated 14.09.2021, Sub-Registrar-IV B Delhi, as Document No.7974, Book No. I, Volume No. 2802, Page No.9-13, on 14.09.2021 executed by 1. Mrs. Neera Jain, 2. Mrs. Shilpi Bansal and 3. Mr. Shitiz Bansal through attorney Mr. Ayush Jainand Now, Mr. Suresh Jain and Mr. Praveen Kumar Jain have agreed to create mortgage in respect of the said property in favour of our clients **IDFC FIRST Bank Limited**. Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and/or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents pertaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion of the 10 days shall not be binding upon the said property or my Client& in case anyone has any objection, the same may be raised within 10 days of this publication to **Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas**, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at (M): 9066707172/9818228636

**SUNLOC**

**सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय
38ई/252-ए, विजय टावर, शाहपुरजाट, नई दिल्ली-110049
ई-मेल : info@sunilhealthcare.com; वेबसाइट: www.sunilhealthcare.com
सीआईएन : एल24302डीएल1973पीएलसी189662

31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु पृथक्कृत एवं समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण (रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | नौ माह समाप्त | | वर्ष समाप्त | | तिमाही समाप्त | | नौ माह समाप्त | | वर्ष समाप्त | |
| | | 31 दिसम्बर 2021 | 30 सितम्बर 2021 | 31 दिसम्बर 2020 | 31 दिसम्बर 2021 | 31 दिसम्बर 2020 | 31 मार्च 2021 | 31 दिसम्बर 2021 | 30th सितम्बर 2021 | 31st दिसम्बर 2020 | 31st दिसम्बर 2021 | 31st दिसम्बर 2020 | 31st मार्च 2021 |
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 3,132.84 | 2,858.21 | 2,697.12 | 8,627.63 | 7,131.82 | 9,525.18 | 3,162.94 | 2,961.26 | 2,610.95 | 8,799.39 | 7,138.51 | 9,587.08 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 311.03 | 58.44 | 10.94 | 406.56 | 19.74 | 34.94 | 304.14 | 24.09 | (2.65) | 360.04 | (4.81) | (55.32) |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 311.03 | 58.44 | 10.94 | 406.56 | 19.74 | 34.94 | 304.14 | 24.09 | (2.65) | 360.04 | (4.81) | (55.32) |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 223.76 | 39.65 | 14.35 | 290.91 | 20.66 | 27.53 | 216.18 | 3.97 | 1.94 | 240.99 | (4.03) | (63.79) |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) शामिल है] | 223.76 | 39.65 | 14.35 | 290.91 | 20.66 | 29.51 | 216.70 | 5.97 | (42.23) | 237.27 | (48.71) | (88.08) |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/-प्रत्येक) | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 |
| 7 | संचय (पुनर्मूल्य संचय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 3,346.25 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों के बाद) (रू. 10/- प्रत्येक का) | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | (क) मूल (रू.) | 2.18 | 0.39 | 0.14 | 2.84 | 0.20 | 0.27 | 2.11 | 0.04 | 0.02 | 2.35 | (0.04) | (0.62) |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | 2.18 | 0.39 | 0.14 | 2.84 | 0.20 | 0.27 | 2.11 | 0.04 | 0.02 | 2.35 | (0.04) | (0.62) |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए समाप्त तिमाही/समाप्त नौ माह के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। तिमाही/नौ माह के वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com पर तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.sunilhealthcare.com) पर उपलब्ध है।
2. कोविड-19 वैश्विक महामारी ने वैश्विक अर्थव्यवस्था और व्यवसायिक माहौल में गंभीर अव्यवस्था पैदा कर दी है। इसके प्रभाव के संबंध में भारी अनिश्चितता है, जो इस समय समुचित निर्धारित नहीं किया जा सकता है। तथापि, कम्पनी ने 31-12-2021 तक इसकी आस्तियों और देयताओं पर कोविड-19 वैश्विक महामारी के साथ इन वित्तीय परिणामों के अनुमोदन की तिथि तक सभी घटनाओं तथा परिस्थितियों से उत्पन्न होने वाले संभावित प्रभाव का यथासंभव मूल्यांकन और विचार किया है। भावी आर्थिक हालात के वर्तमान संकेतकों के आधार पर, कम्पनी का अनुमान है कि इन आस्तियों की वहन लागत से उबर जाएगी तथा इसके दायित्वों के निर्वहन हेतु यथेष्ट तरलता उपलब्ध है। ये अनुमान अनिश्चितता के अधीन हैं तथा वैश्विक महामारी की गंभीरता और अवधि द्वारा प्रभावित हो सकते हैं। कम्पनी भावी आर्थिक हालात में महत्वपूर्ण परिवर्तनों पर लगातार नजर रख रही है।
3. चूंकि कम्पनी का व्यवसाय एकल प्राथमिक व्यवसाय खण्ड नामतः कैप्सूल की बिक्री के अंतर्गत आता है, अतः कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के साथ पठित तदधीन जारी प्रासंगिक नियमों के तहत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस-108) "प्रचालन खण्ड" के प्रकटीकरण की आवश्यकता लागू नहीं है।
3. पूर्व अवधियों के आंकड़े, जहां कहीं आवश्यक है, उन्हें चालू अवधि वर्गीकरण के अनुरूप बनाने के लिए, पुनर्समूहित/पुनर्व्यवस्थित किए गए हैं।
4. उपरोक्त परिणामों का पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा और अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 31 जनवरी, 2022 को सम्पन्न उनकी संबंधित बैठकों में किया गया था।

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 31-01-2022
अनिल खेतान
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00759951

# विक्रांत आपके द्वार

**जैसा कि अभिनेता ने कहानी नवभारत की के साथ टीवी की ओर अपने कदम वापस बढ़ाए हैं, वह सैमी सत्तार को बता रहे हैं कि उन्होंने उक्त कदम क्यों उठाया और शो को क्यों देखना चाहिए**




विक्रांत मैसी, यह नाम लगभग हमेशा विनम्रता, जमीनी तथा समस्त बेबाकी, बुलंदी के साथ थाती की विशिष्टता से जुड़ा होता है। जब से उन्होंने यादगार बालिका वधू में लोकप्रिय किरदार - श्याम मदन सिंह के रूप में - ध्यान आकर्षित किया, मैसी ने हर किरदार को - जिसमें भी वे शामिल थे, जोकि बहुरंगी किरदार थे, गहरे विश्वास के साथ निभाया। चाहे वह फिल्म लुटेरा में चोर, देवदास मुखर्जी हो या हाल ही में रिलीज फिल्म हसीन दिलरुबा (2021) में एक व्यभिचारी पति, रिशु हो, या फिर यहां तक कि मिर्जापुर (2018) में गिरोह का मास्टरमाइंड बबलू हो। यह अपने चरित्र में संपूर्ण विश्वास ही था जिसने उन्हें फिर एक साधारण लड़के के किरदार के साथ चमकने के लिए प्रेरित किया।

इसलिए, यह आश्चर्य की बात नहीं है कि एक टीवी मीडिया हाउस ने उन्हें कहानी नवभारत की शो के लिए एंकर की भूमिका निभाने के लिए चुना, जो देश के इतिहास को दर्शाता है। हम दुनिया के बारे में एक कॉल और चिट-चैट के जरिए जुड़ते हैं क्योंकि मैसी अपनी चिरपरिचित गर्मजोशी के साथ प्रतिक्रिया करता है। उन्होंने मुझे बताया कि हालांकि उन्हें कोविड का डर था, लेकिन शुक्र है कि परीक्षण नकारात्मक थे। फिर चर्चा उनके नवीनतम कार्य की ओर मुड़ जाती है। पेश है चर्चा के प्रमुख अंश :

**❖ आपने टीवी पर वापस आने का फैसला क्यों और कैसे किया ?**

इसमें कोई सोची समझी बात नहीं थी। टीम ने अपनी अवधारणा समझाई, जिस पर कि वे दो साल से शोध कर रहे थे। शो का बड़ा संदर्भ आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाना था। जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मैं तुरंत इसका हिस्सा बनना चाहता था। यह वास्तव में अटपटा लग सकता है, लेकिन मैं सच कह रहा हूं (मैं ईमानदार हूं), यह मुझे ईश्वर प्रदत्त अवसर लगा था। मैं हमेशा कुछ इस तरह के कार्यक्रम का हिस्सा बनना चाहता था ... एक ऐसा शो जो इतिहास, ज्ञान, आशा और हर चीज से घुलामिला हो। यह तैयार था और मुझे एक थाली में पेश कर दिया गया। मैंने महसूस किया कि किसी न किसी रूप में मैं अपना योगदान दे रहा हूं। मैं इसे अपने द्वारा चुनी गयी फिल्मों और शो के माध्यम से करना चाहता हूं।

दुर्भाग्य से, युवा पीढ़ी उपभोक्तावाद में डूबी हुई है। शोध से पता चलता है कि परिपक्व वयस्क अपने दिन का लगभग एक चौथाई हिस्सा मोबाइल पर बिताते हैं। इसलिए, मैं बिना कुछ देखे, सबसे ज्यादा समय तक रैक पर बने रहना चाहता था और इसे अच्छी तरह से प्रस्तुत करने और इसे इस तरह से बाहर लाने के लिए इसे कुछ ऐसे नए ढंग से करना चाहता था कि हम अपने इतिहास पर गर्व कर सकें। यह वास्तव में उस मनोदशा को समाहित करता है। इन आशा और गर्व से भरपूर है और इन कहानियों को साझा करने के लिए आजादी के 75 साल से बेहतर क्या अवसर हो सकता है।

**❖ क्या कोई विशेष घटना थी जिसने आपका ध्यान खींचा ?**

ऐसी बहुत सी चीजें थीं। यह 10-एपिसोड की श्रृंखला है और मैं वास्तव में किसी एक को इंगित नहीं कर सकता। हमारा इतिहास इतना विशाल है कि हमें कुछ चीजों को छानना पड़ा। हर चीज का अपना महत्व और स्थान होता है। युवा पीढ़ी में ऐसे बहुत से लोग हैं जिन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि एक युवा देश के रूप में हमने कितनी चुनौतियों का सामना किया और उन पर विजय प्राप्त की या हमारे सामने कितनी बाधाएं आईं। 50 के दशक में विज्ञान के प्रति हमारे दृष्टिकोण को लें... या यह तथ्य कि हमने पूरे मन और आत्मा से धर्मनिरपेक्षता का आचरण किया... या कि हमने हाशिए पर रहने वाली महिलाओं को शिक्षा और वोट देने का अधिकार दिया। हमने उस सब पर कैसे काबू पाया ? तमाम परीक्षणों और टकरावों के बावजूद किस तरह से हमने अपनी अर्थव्यवस्था को उदार बनाया। कैसे हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों में से हैं। उतार-चढ़ाव के बावजूद, हम सामना कर रहे हैं ... ये ऐसी चीजें हैं, जो मुझे दृढ़ता से महसूस होती हैं, हमें इसका संज्ञान लेने, इन पर गर्व महसूस करने और अपने लोगों के साथ इन्हें साझा करने की आवश्यकता है। जब हम इस ऐतिहासिक पड़ाव के करीब पहुंच रहे हैं, तो हम यह भी सोच सकते हैं कि आने वाले 75 साल क्या होंगे। हम भविष्य को कैसे सूचीबद्ध करेंगे... यह वर्तमान पर निर्भर करता है।

**❖ शो इतिहास के बारे में बात करता है ... हाल ही में, यह एक विवादास्पद मुद्दा बन गया है। आपने इससे कैसे निपटा ?**

इतिहास हमेशा से एक विवादास्पद मुद्दा रहा है। हमारी पीढ़ी इसे पहली बार देख रही है। लेकिन ये चीजें हमेशा मौजूद रही हैं। हालांकि, हम जिस इतिहास की बात कर रहे हैं वह किसी भी झुकाव, रंग, वंश या अनुरूपता से रहित है। हां, मैं मानता हूं कि सार्वजनिक चर्चा, खासकर सोशल मीडिया पर, राजनीतिकरण से प्रभावित है। हमने जान-बूझकर इससे बचने की कोशिश की। हमारे पास शिक्षाविद और इतिहासकार थे जिन्होंने शो में लगन से काम किया। भारतीयों के रूप में अपनी पहचान को समझने व गर्व करने और इन अत्यंत महत्वपूर्ण कहानियों को साझा करने का यह एक सचेत निर्णय था। बाकी दर्शकों पर निर्भर है। हमने पूरी लगन और ईमानदारी के साथ पकवान बनाया है।

**❖ एंकरिंग और अभिनय दो अलग-अलग विधाएं हैं। इनमें अंतर और समानता के बिंदु क्या हैं ?**

कल्पना के लिए अभिनय एक पूर्णतया अलग विधा है। यह एक विश्वास करने वाली दुनिया है जिसमें आप अपने दर्शकों को कहानी से जोड़ने और उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन जब मैं किसी शो की मेजबानी कर रहा होता हूं, तो मैं अपनी गोपनीयता साझा कर रहा होता हूं, दर्शकों के लिए अपने अनुभव साझा करने के लिए दरवाजे खोलता हूं। यह कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है और मैं इसका आनंद लेता हूं। लोग मुझे एक अभिनेता के रूप में देखते हैं और यहां मैं अपने दिल, विचारधारा, आशा और विश्वास का एक हिस्सा साझा कर रहा हूं। मुझे इस शो से जुड़ने पर गर्व है, जैसा कि मैंने कहा, हमने भारत की कहानी और इतिहास को उजागर करने की कोशिश की और उन लोगों को प्रेरित करने की उम्मीद है जो अपना बहुमूल्य समय निकाल कर इसे देखेंगे।

**❖ आपने टीवी, ओटीटी और फिल्मों में काम किया है। क्या आप प्रत्येक में भूमिकाओं को अलग तरह से देखते हैं ? और क्या प्रत्येक मंच अभिनेता के रूप में आपके विकास में मदद करता है ?**

मैंने खुद को कभी भी माध्यम तक सीमित नहीं रखा है। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि मैं एक कथावाचक हूं। मेरा यह भी मानना है कि मुझमें बदलते समय के अनुकूल होने की क्षमता है, जो सभी में होनी चाहिए। लेकिन मेरी प्रमुख सोच है कि मैं बाहर जाऊं और कहानियां सुनाऊं। जब तक मैं ऐसा करने में सक्षम हूं, मैं चैन से सो रहा हूं। जब मैं ऐसा नहीं कर पाता हूं, तो मुझे कुछ अलग किस्म की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

**❖ आपको कौन सी चीज किसी भूमिका या शो को करने के लिए प्रेरित करती है ?**

इसमें कई चीजें हैं। एक कलाकार के रूप में मेरे लिए जो चुनौतियां पेश करता है, वह है कहानी में मेरा विश्वास। मैं यह भी दृढ़ता से महसूस करता हूं कि, एक रचनात्मक स्वतंत्र कलाकार के रूप में, वर्तमान समय के साथ तालमेल बिठाना मेरी जिम्मेदारी है। और जब तक मैं इन पैमानों पर टिका रहता हूं, मैं इन कहानियों को लेता रहूंगा। मुझे लगता है कि यह चीजों का मेल है।

**❖ आपने कई तरह की भूमिकाएं की हैं - मिर्जापुर, हसीन दिलरुबा, लुटेरा ... किरदार को बनाने में वो क्या चीज है जो विश्वसनीय हो ? क्या यह लोगों को देखने या निर्देशक के साथ चर्चा करने से होता है ?**

क्या मैं आपकी बात को काट सकता हूँ ? इतने सारे प्रश्न, हम किसी और दिन के लिए रख सकते हैं। मैं इसके लिए हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं। हम मिलकर बैठेंगे और इस पर चर्चा करेंगे।

**❖ खैर, शो पर वापस आते हैं, क्या इसकी शूटिंग या सामग्री के विकास के दौरान कोई चुनौती पेश आई ?**

अभिनेता के रूप में, अधिक चुनौतियां नहीं थीं। मैं बहुत गर्व के साथ कह सकता हूं कि हमारे पास सांख्यिकीविदों, डेटा विश्लेषकों, इतिहासकारों, तकनीशियनों की एक शानदार टीम थी जिन्होंने इस शो को अच्छा बनाया। लेकिन ऐसी चुनौतियां थीं जिनसे हर टीम गुजरती है, चाहे वह फिक्शन हो या नॉन-फिक्शन। खासकर, जब आप इतिहास जैसे संवेदनशील विषय से निपट रहे हों। और जैसा कि आपने कहा, यह एक विवादास्पद मुद्दा है। आप वास्तव में बारूदी सुरंगें बिछा रहे हैं। तो, वे ऐसी चुनौतियां थीं, जिनका हमने सामना किया लेकिन आसानी से पार पाने में कामयाब रहे। कुछ ऐतिहासिक और तथ्यात्मक चुनौतियां पेश आई थीं।

**❖ क्या स्क्रिप्ट में काफी कुछ आगे-पीछे था ?**

ऐसा हर जगह होता है। यह एक पकवान पकाने जैसा है। बीच-बीच में आपको एहसास होता है, हल्दी थोड़ी कम पड़

गई है। थोड़ी हल्दी डाल दें। यह कथावाचन का हिस्सा है। जब तक आप कहानी कहने के विचार के प्रति सच्चे रहते हैं, बिना किसी भोग या अनुरूपता के, ऐसा होने की संभावना है। यह हर जगह होता है। पत्रकारिता में भी, जब आपने कोई लेख लिखा है और उसका रिवीजन कर रहे हैं... तो आप कुछ शब्दों को संपादित करते हैं, कुछ अन्य में जोड़ते हैं। यह हर जगह लागू होता है।

**❖ आगामी कौन से प्रोजेक्ट हैं जिनमें हम आपको देखेंगे ?**

लव हॉस्टल जल्द ही बनकर तैयार होगा। मैं फोरेंसिक का ऑफिशियल रीमेक कर रहा हूं। संतोष सिवान के साथ मुंबईकर भी हैं। मैं ब्लैकआउट के लिए फिल्म कर रहा हूं और प्रिय मित्र, पवन कृपलानी के साथ गैसलाइट शुरू करने का इंतजार कर रहा हूं।

# कंपनी के मूल्य को समझें

**व्यापार विश्लेषक रतन जोनेजा का मानना है कि एक सफल निवेश का सार कंपनी के मूल्य को समझना है। यह सभी से निवेश की दुनिया में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु मूल्य निर्माण के महत्व को सीखने का आग्रह करता है। खुशबू कीर्तिक की रिपोर्ट**

उद्यमी और उद्यम पूंजीपति, रतन जोनेजा का काम मुख्य रूप से कॉरपोरेट्स तथा विलय, विनिवेश और अधिग्रहण के लिए शेयरधारक मूल्य निर्माण के आवेदन पर केंद्रित है। वह को वैल्यू टेक्नोलाजीज प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और सीईओ भी हैं। को वैल्यू एक एप्लिकेशन है जिसका उद्देश्य संपत्ति पैदा करने के लिए निवेशकों व व्यवसायों को सशक्त बनाना है।

उनकी हालिया किताब, वैल्यू इट अप : सिम्पलीफाइंग द आर्ट ऑफ इंट्रिंसिक वैल्यूएशन, पाठक को आंतरिक मूल्यांकन के बारे में सीखने की यात्रा पर ले जाती है। वास्तविक जीवन में निवेश सफलता की कहानियों से, जो इस बात का उदाहरण देती हैं कि कैसे मूल्य प्रसिद्ध निवेशकों द्वारा बताए गए निवेश निर्णयों का प्रमुख निर्धारक हो सकता है। निवेश की दुनिया को समझने की एक सहायक सीढ़ी के रूप में पुस्तक का उपयोग किया जा सकता है। इसे निवेशकों, विश्लेषकों, शेयर बाजार के शोधकर्ताओं, व्यावसायिक छात्रों, या स्टॉक और निवेश के क्षेत्र में प्रवेश करने की योजना बनाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए डिजाइन किया गया है। यह पुस्तक 22 अध्यायों में विभाजित है, जहां प्रत्येक अध्याय को प्रसिद्ध निवेशक की जीवन कहानी द्वारा समर्थित उद्धरणों व अवधारणाओं के साथ सूत्रबद्ध ढंग से तैयार किया गया है।

पेश हैं लेखक के साथ किए विशेष साक्षात्कार के अंश :

कृपया हमें संक्षेप स्तर पर वैल्यू इट अप के बारे में बताएं : सरल ढंग से आंतरिक मूल्यांकन की कला के बारे में बताएं।

वैल्यू इट अप एक किताब है जो 'आर्ट ऑफ वैल्यूएशन' को सरल और स्पष्ट करती है। पुस्तक वास्तविक दुनिया के उदाहरणों और गणनाओं के साथ आंतरिक मूल्यांकन की अवधारणाओं को समझाने के लिए किसी भी स्टॉक के प्रमुख विकास प्रेरकों पर ध्यान केंद्रित करती है।

- पुस्तक के पीछे क्या प्रेरणा थी ?

मुख्य रूप से, अधिकांश निवेशक मूल्य की किसी भी अवधारणा को समझे बिना, कीमत व गति के आधार पर निवेश कर रहे हैं। विषय उतना



कठिन नहीं है जितना लोग समझते हैं। यह एक साधारण विषय है जिसे निवेश करते समय लोगों को समझने की जरूरत है।

मैं इस अवधारणा को बहुत सीधे और स्पष्ट तरीके से सामने लाना चाहता था, खासकर, क्योंकि जब दुनिया भर में निवेशकों की संख्या बढ़ रही है।

- आपकी पुस्तक व्यावसायिक मूल्यांकन सीखने का एक तेज-तर्रार कार्यक्रम है। हमें संक्षेप में बताएं कि यह उद्यमियों के इस युग को कैसे लाभ पहुंचाएगा ?

आज की स्टार्ट-अप दुनिया में, उद्यमिता सिर्फ पूंजी, पूंजी और पूंजी के बारे में है। महत्वपूर्ण पूंजी के बिना निर्माण और टिके रहना मुश्किल है। चाहे वह पुरानी अर्थव्यवस्था वाली कंपनी हो या नए जमाने की स्टार्ट-अप, एक उद्यमी को यह समझने की जरूरत है कि वह क्या बना रहा है।

सफल निवेश का सार यह समझना है कि क्या बाजार किसी चीज की अनदेखी कर रहा है और बाजार कैसा मूल्य दे रहा है, इस प्रकार, निवेश करने से पहले किसी कंपनी के मूल्य को समझना आवश्यक हो जाता है।

अंततोगत्वा, आप जितना सोचते हैं उससे अधिक मूल्यवान हो सकते हैं।

बहुत सारे उद्यमी आज सफल उद्यम होने के बाद भी बहुत ज्यादा इक्विटी को कम कर रहे हैं। इस प्रकार, यह निर्धारित करना बहुत महत्वपूर्ण है कि किसी कंपनी की यात्रा के दौरान कितनी पूंजी की आवश्यकता है और कंपनी के प्रत्येक चरण के अंत में मौजूदा संस्थापक / शेयरधारक क्या छोड़ेंगे।

मौजूदा कंपनियों के लिए, ऐसे कई निर्णय और मूल्य-निर्माण रणनीतियां हैं जिन्हें विविधता, विलयन व अधिग्रहण सार्वजनिक शेयर पुनर्खरीद, व्यवसाय मॉडल में बदलाव आदि के बतौर अपनाने की आवश्यकता है, और मूल्य को अधिकतम करने के लिए जहां मूल्यांकन प्रमुख निर्णय निर्माता है।

सौभाग्य से, वर्तमान पीढ़ी स्वस्थ निवेश के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने की कोशिश कर रही है। हालांकि, पूर्व ज्ञान की कमी के कारण, शुरू करने के लिए बहुत कुछ नहीं है।

आप एक महत्वाकांक्षी निवेशक (या एक शौकिया को भी) को शुरुआत करने के लिए क्या सुझाव देंगे ? क्या उन्हें किताबें पढ़नी चाहिए या सिर्फदिमाग से बाजार पर नजर रखनी चाहिए, या दोनों ?

दरअसल, दोनों ! प्रत्येक निवेशक को बहुत कुछ पढ़ने की जरूरत है। यहां तक कि वारेन बफे जैसे प्रसिद्ध निवेशक भी आज अपना अधिकांश समय पढ़ने और सीखने में व्यतीत करते हैं। पढ़ना जरूरी है, और उन्हें किताबें, समाचार, कंपनियां और वार्षिक रिपोर्ट एक साथ पढ़नी है और सभी को समान महत्व देना है।




उन्हें बाजार पर भी नजर रखने की जरूरत है, यह विश्लेषण करने के लिए कि बाजार क्या संकेत दे रहा है, या कहीं बाजार तर्कहीन व्यवहार तो नहीं कर रहा है।

- शेयर बाजार कब हानिकारक हो जाता है, यदि कभी हुआ ?

लंबी अवधि में शेयर बाजार नुकसानदेह नहीं रहने वाला है और यह आगे भी बढ़ता रहेगा। यह हानिकारक हो जाता है जब लोग कंपनी से, उसकी उपलब्धि-क्षमता से अधिक अपेक्षाएं पालने लगते हैं।

एक क्षेत्र में माहौल पैदा करना, उदाहरण के लिए, कंपनियों का मूल्यांकन, बगैर उनकी सार्थक कमाई के आधार पर करना , जो कि जब उम्मीदों पर खरा नहीं उतरती है, तो यह स्टॉक- कीमतों में गिरावट का कारण बन सकता है। हमने देखा है कि डॉट कॉम बबल के दौरान क्या हुआ था और आप इसे इस युग में कुछ नए जमाने की कंपनियों में देख सकते हैं।

जब बाजार उच्च विकास दर, मूल्य वृद्धि अवधि और मार्जिन में सुधार के लिए मूल्य निर्धारण शुरू करते हैं जो प्राप्त करने योग्य या टिकाऊ नहीं होते हैं, तो यह सब एक गिरावट का कारण बन सकता है।

बुल मार्केट में शेयर बाजार कहानियों को महत्व देने लगते हैं। जब कहानियां विफल होंगी, तो बाजार उन्हें सजा देगा।

आपकी राय में, स्कूल मानसिक स्वास्थ्य, कर या निवेश जैसी वास्तविक जीवन की चीजों के बारे में बात क्यों नहीं करते हैं ?

बहुत कम बिजनेस स्कूल व्यवसाय /निवेश मूल्यांकन को गहराई से कवर करते हैं। विषय की समझ को प्रोत्साहित करने और उसे पढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण समय और गहराई की आवश्यकता होती है। इसे बहुत संक्षेप में छुआ गया है और अधिक गहराई से समझाया नहीं गया है।

इसी तरह, करों के बारे में पढ़ाने में बहुत समय लगता है और स्कूल उन सभी को अपने पाठ्यक्रम में शामिल नहीं कर सकते हैं। और, इसलिए, विशिष्ट पाठ्यक्रम व पुस्तकें उन लोगों के लिए इन विषयों का ज्ञान बढ़ाने में अभिन्न भूमिका निभाती हैं जो वास्तव में उन्हें समझना चाहते हैं।

# इंडियन कंटेंट की तह में ताहिर

ताहिर राज भसीन के ये काली काली आंखें में अभिनय को भारतीय डिजिटल स्पेस में सर्वश्रेष्ठ अभिनय प्रस्तुतियों में से एक माना जा रहा है। ताहिर मनोज बाजपेयी और केके मेनन के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज ये काली काली आंखें में शानदार प्रदर्शन करने के बाद इस बहुमुखी अभिनेता का करियर बहुत बड़ी ऊंचाई पर है। भसीन



का कहना है कि वह इस बात से खुश हैं कि लोग वेब सीरीज में एक प्रमुख किरदार के रूप में उनकी प्रस्तुति को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में शामिल कर रहे हैं। उन्होंने खुलासा किया कि वह ओटीटी पर भारतीय सामग्री के एक बिग बिंगर हैं और उनके पसंदीदा किरदार द फैमिली मैन के लिए मनोज बाजपेयी और स्पेशल ऑप्स के लिए केके मेनन की प्रस्तुति रही हैं। भसीन कहते हैं, "द फैमिली मैन में मनोज बाजपेयी और स्पेशल ऑप्स में केके मेनन के शानदार अभिनय को देखकर मैं हैरान रह गया। वे दोनों मेरे पसंदीदा अभिनेताओं में से हैं जिन्होंने हमेशा स्क्रीन का सम्मान बढ़ाया है और अगर मेरे शो और प्रदर्शन को एक ओटीटी वेब श्रृंखला में एक प्रमुख किरदार के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का दर्जा दिया जा रहा है, तो मैं बहुत सम्मानित और विनम्र महसूस करता हूं।" ताहिर आगे कहते हैं, "एक अभिनेता के रूप में, मैं अपने आसपास के बेहतरीन काम से लगातार प्रेरित होता रहता हूं। मैं भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय शो का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं और मैं हमेशा उत्कृष्ट अभिनय प्रदर्शनों से उत्साहित हूं जो आज डिजिटल स्पेस में पेश हो रहा है। मैं भारतीय सामग्री के लिए एक बड़ा रूटर भी हूं क्योंकि हमने पिछले कुछ वर्षों में अद्भुत प्रामाणिक रूप से भारतीय शो का निर्माण किया है।"

भसीन की रंजिश ही सही और ये काली काली आंखें एक के बाद एक दो ओटीटी रिलीज हो चुकी हैं और ये परियोजनाएं भारत में डिजिटल स्पेस में अब तक की सर्वाधिक रेटिंग वाली सामग्री हैं। अभिनेता कहते हैं कि मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि मेरे शो अब तक के टॉप रेटेड शो में से हैं और मेरा इरादा सिर्फ ऐसी मंथनकारी सामग्री को चुनना होगा जो वास्तव में लीक से हटकर हो, दर्शकों का मनोरंजन करे और मुझे एक ऐसे अभिनेता के रूप में अपनी प्रतिभा दिखाने में सक्षम बनाए, जो कोई भी भूमिका निभा सकता है।

कप्तानी छोड़ने के बाद कोहली ने पहली बार तोड़ी चुप्पी

# लीडर के लिए कप्तान होना जरूरी नहीं

**● टीम के प्रमुख बल्लेबाज के तौर पर योगदान देना चाहते हैं विराट**

**भाषा** । नई दिल्ली



**महेंद्र** सिंह धोनी का उदाहरण देते हुए विराट कोहली ने कहा कि नेतृत्वकर्ता होने के लिए किसी को टीम का कप्तान होना जरूरी नहीं है और अब भारतीय टीम का कप्तान नहीं होने के कारण वह टीम के मुख्य बल्लेबाज के रूप में और अधिक योगदान दे सकते हैं। कोहली ने इस महीने की शुरुआत में क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया जब दक्षिण अफ्रीका में 1-2 से श्रृंखला गंवाने के बाद उन्होंने टेस्ट कप्तानी छोड़ दी। वह भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान हैं।

इससे पहले टी-20 विश्व कप के बाद कोहली ने इस प्रारूप में भारतीय टीम की कप्तानी छोड़ दी थी और बाद में उन्हें एकदिवसीय टीम के कप्तान के रूप में हटा दिया गया था। कोहली ने कहा कि सभी चीजों का एक कार्यकाल और समय होता है। बेशक आपको इसकी जानकारी होनी चाहिए। लोग कह सकते हैं कि इस आदमी ने यह क्या कर दिया लेकिन आपको पता है कि जब आप आगे बढ़ने तथा और अधिक उपलब्धियां हासिल करने के बारे में सोचते हो, आपको महसूस होता है कि आपने अपना काम कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब बल्लेबाज के रूप में शायद आप टीम के लिए अधिक योगदान दे सकते हो। आप टीम को अधिक जीत दिला सकते हो।

इसलिए इस पर गर्व कीजिए। नेतृत्वकर्ता होने के लिए आपको कप्तान होने की जरूरत नहीं है। यह सामान्य सी बात है। कोहली पहले धोनी की जगह टेस्ट में और फिर सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारतीय टीम के कप्तान बने। उन्होंने कहा कि जब महेंद्र सिंह धोनी टीम में था तो ऐसा नहीं था कि वह नेतृत्वकर्ता नहीं था। वह फिर भी वह व्यक्ति था जिसके पास हम सलाह के लिए लगातार जाया करते थे। इस पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि लेकिन उसे समझना था कि हां यह नैसर्गिक प्रगति है और मेरे जिम्मेदारी संभालने का स्वाभाविक समय और भारतीय क्रिकेट को उस स्तर पर आगे ले जाना जहां मैं चाहता हूं। जब तक मुझे लगता है कि मैंने यह काम अच्छी तरह किया है और मेरा कोई भौतिकवादी लक्ष्य नहीं है तो फिर इसका प्रभाव लंबा होता है।

कोहली ने आगे बढ़ने के समय पर भी बात की। रोहित शर्मा को उनकी जगह सीमित ओवरों के प्रारूप में भारतीय टीम की कप्तानी सौंपी गई है लेकिन बोर्ड ने पांच दिवसीय प्रारूप में उनके उत्तराधिकारी की घोषणा अभी नहीं की है।

उन्होंने कहा कि आगे बढ़ने का फैसला करना भी नेतृत्वक्षमता का हिस्सा है, समझना होगा कि इसका सही समय होता है। यह समझना होगा कि शायद माहौल को अलग दिशा की जरूरत है।

बेशक समान संस्कृति लेकिन अगले विचार जिससे लोग अलग तरह से प्रेरित हो और अलग तरीके से योगदान दें। कोहली ने कहा के व्यक्ति को सभी तरह की भूमिका और जिम्मेदारियों को अपनाना होता है। मैं महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में खिलाड़ी के रूप में खेला और लंबे समय तक टीम का कप्तान भी रहा, मेरी मानसिकता नहीं बदली।

## भारतीय क्रिकेट टीम एकदिवसीय सीरीज के लिए अहमदाबाद पहुंची

**अहमदाबाद**। भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य छह फरवरी से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए यहां पहुंच गए हैं। सभी खिलाड़ियों ने रविवार और सोमवार के बीच जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में प्रवेश किया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने बताया कि वे तीन दिन तक पृथकवास में रहेंगे। रोहित शर्मा इस श्रृंखला के दौरान पहली बार भारत की सीमित ओवरों की टीम के नियमित कप्तान के रूप में उतरेंगे। वह पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका नहीं जा पाए थे। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने शनिवार को अहमदाबाद के लिए अपनी रवानगी की तस्वीर पोस्ट की थी। वह विमान में शिखर धवन के साथ बैठे थे। स्पिनर कुलदीप यादव की टीम में वापसी हुई है जबकि लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को पहली बार टीम में जगह मिली है। कोविड-19 के जोखिम को देखते हुए बीसीसीआई ने तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और इतने ही टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के आयोजन स्थल की संख्या घटाकर दो कर दी है। तीनों टी-20 कोलकाता में खेले जाएंगे। इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 श्रृंखला जीतने के बाद वेस्टइंडीज की टीम भारत पहुंचेगी।



अहमदाबाद पहुंचने के बाद वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा ,विकेटकीपर ऋषभ पंत और सूर्यकुमार यादव

## कप्तानी की जिम्मेदारी के बिना कोहली के लिए रिकार्ड तोड़ना आसान होगा : पोंटिंग

**भाषा** । दुबई

**आस्ट्रेलिया** के सबसे सफल कप्तानों में से एक रिकी पोंटिंग ने कहा कि वह विराट कोहली के टेस्ट कप्तानी से हटने के फैसले से हैरान थे लेकिन उनका मानना है कि उन्होंने बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करने और कुछ रिकॉर्ड तोड़ने के उद्देश्य से यह फैसला किया होगा।

पोंटिंग ने कोहली के नेतृत्वकौशल की प्रशंसा की और कहा कि उनकी अगुवाई में भारत का विदेशों में रिकॉर्ड सुधरा और उसने पहले की तुलना में विदेशी धरती पर अधिक मैच जीते। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि कोहली के उत्तराधिकारी के रूप में रोहित शर्मा अच्छी तरह से भूमिका निभाएंगे। पोंटिंग ने द आईसीसी रिव्यू के पहले एपीसोड में कह कि हां, वास्तव में मुझे हैरानी हुई। मेरी आईपीएल (2021) के पहले चरण में उनसे इस बारे में बात हुई थी। उन्होंने कहा कि वह तब सीमित



ओवरों की कप्तानी छोड़ने की बात कर रहे थे और टेस्ट मैच की कप्तानी को लेकर उनमें कितना जुनून था। उन्हें यह काम पसंद था और वह इसका पूरा आनंद लेते थे। इसलिए जब मैंने सुना तो वास्तव में मुझे बहुत हैरानी हुई। पोंटिंग ने हालांकि अपने अनुभव के आधार पर कहा कि कोहली ने यह फैसला करने से पहले कई चीजों पर गौर किया होगा।

उन्होंने कहा कि विराट लगभग सात साल तक कप्तान रहे। दुनिया में अगर कोई देश है जिसकी कप्तानी करना सबसे मुश्किल काम है तो वह भारत है क्योंकि वहां खेल बेहद लोकप्रिय है और प्रत्येक भारतीय अपनी टीम को जीतते हुए देखना चाहता है। पोंटिंग ने कहा कि वह अभी 33 वर्ष का है और अभी कुछ और वर्ष तक खेलना जारी रखना चाहेगा। मुझे पूरा विश्वास है कि वह कुछ नए रिकॉर्ड बनाएगा जिनसे वह ज्यादा दूर नहीं है। उन्होंने कहा कि एक बल्लेबाज के तौर पर कप्तानी की अतिरिक्त जिम्मेदारी के बिना यह उसके लिए थोड़ा आसान हो सकता है। इस दिग्गज बल्लेबाज ने कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने यहां तक कहा कि उनकी कप्तानी में आस्ट्रेलिया ने जो प्रयास किए, कोहली की अगुवाई में भारत के प्रयास उससे भी बेहतर थे।

पोंटिंग ने कहा कि हमारी तुलना में भारत की उपलब्धियां अधिक चौंकाने वाली थी। जब मैंने कप्तानी संभाली तो मुझे एक ऐसी टीम मिली थी जो लंबे समय तक विश्व क्रिकेट पर हावी रही थी।

## गोलकीपर श्रीजेश को साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

**भाषा** । नई दिल्ली

**भारत** के अनुभवी हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने 2021 में शानदार प्रदर्शन के लिए सोमवार को प्रतिष्ठित विश्व खेल साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार जीता। वह यह पुरस्कार हासिल करने वाले सिर्फ सिर्फ दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं।

इससे पहले 2020 में भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल 2019 में शानदार प्रदर्शन के लिए यह पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी थी। श्रीजेश ने स्पेन के स्पोर्ट क्लाइंबर अल्बर्टो गिनेस लोपेज और इटली के वुशु खिलाड़ी माइकल गियोर्डानो को पछाड़कर यह पुरस्कार जीता। श्रीजेश ने बयान में कहा कि मैं यह पुरस्कार जीतकर काफी सम्मानित महसूस कर रहा हूं। सबसे पहले इस पुरस्कार के लिए मुझे



नामित करने पर एफआईएच को धन्यवाद। दूसरा दुनिया भर में भारतीय हॉकी प्रशंसकों को भी धन्यवाद जिन्होंने मुझे वोट दिया। भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान श्रीजेश तोक्यो ओलंपिक में एतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा भी थे।

उन्होंने एक लाख 27 हजार 647 वोट मिले। लोपेज और गियोर्डानो को क्रमश: 67 हजार 428 और 52 हजार 46 वोट मिले। श्रीजेश इस पुरस्कार के लिए नामित होने वाले एकमात्र भारतीय थे। उनके नाम की सिफारिश अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने की थी। अक्टूबर में एफआईएच स्टार्स पुरस्कार में श्रीजेश को 2021 के लिए साल का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया था।

श्रीजेश ने कहा कि नामित होकर मैंने अपना काम कर दिया लेकिन बाकी काम प्रशंसकों और हॉकी प्रेमियों ने किया। इसलिए यह पुरस्कार उन्हें जाता है और मुझे लगता है कि मेरे से अधिक वे इस पुरस्कार के हकदार हैं। उन्होंने कहा कि यह भारतीय हॉकी के लिए भी बड़ा लम्हा है क्योंकि हॉकी समुदाय से जुड़े लोगों, दुनिया भर के सभी हॉकी महासंघों ने मेरे लिए वोट किया इसलिए हॉकी परिवार का समर्थन पाकर काफी अच्छा लगा।

## भारत ने पदार्पण मैच में चीन को 7-1 से रौंदा

**महिला एफआईएच प्रो लीग**

**भाषा** । मस्कट

**सुशीला** चानू के दो गोल के अलावा अन्य खिलाड़ियों के शानदार सहयोग से भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग में शानदार पदार्पण करते हुए सोमवार को यहां दो चरणों के मुकाबले के पहले मैच में चीन को 7-1 गोलों से हरा दिया।

चानू ने 47वें और 52वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला, जबकि नवनीत कौर (पाचवें), नेहा (12वें), वंदना कटारिया (40वें), शर्मिला देवी (48वें) और गुरजीत कौर (50वें मिनट) ने एक-एक गोल कर भारत को बड़े अंतर से जीत दिलाई। चीन के लिए एकमात्र गोल जू डेंग ने 43वें मिनट में मैदान प्रयास से किया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग अंक तालिका में तीन अंकों और प्लस छह के गोल अंतर के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई।

मैच के पांचवें मिनट में नवनीत के गोल से भारतीय टीम ने शानदार शुरुआत की। टीम ने मैच में शुरुआत से ही अपनी पकड़ बना ली थी लेकिन 10वें मिनट में चीन ने उसकी रक्षापंक्ति में सेंध लगाकर मुकाबले का पहला पेनल्टी कार्नर हासिल किया। कप्तान सविता ने मुस्तैदी दिखाते हुए हालांकि इसे नाकाम कर दिया।

इसके दो मिनट के बाद नेहा के मैदानी गोल से भारतीय टीम की बढ़त दोगुनी हो गई। मैच के दूसरे क्वार्टर में भी भारतीय खिलाड़ियों ने दबदबा बनाए रखा लेकिन टीम इस बढ़त को और बढ़ाने में सफल नहीं रही। मध्यांतर के बाद छोर बदलते ही वंदना ने गोल कर भारतीय टीम को 3-0 से आगे कर दिया।

## श्रीलंका के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा को कोरोना

**कोलंबो**। श्रीलंका के नए तेज गेंदबाज नुवान तुषारा अगले सप्ताह से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले कोविड-19 जांच में पॉजिटिव आए हैं। श्रीलंका के क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को कहा कि यह 27 साल का खिलाड़ी 11 से 20 फरवरी तक खेली जाने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए 20 सदस्ईय टीम में शामिल था। टीम ट्रेनर दिलशान फोंसेका भी जांच में इस इस वायरस से संक्रमित मिले हैं।

श्रीलंका क्रिकेट से जारी बयान के मुताबिक टीम और सहयोगी स्टाफ के नियमित पीसीआर परीक्षण के दौरान दोनों पॉजिटिव पाए गए है। ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले टीम के सभी खिलाड़ी बायो-बबल (जैव-सुरक्षित) में है। उन्होंने कहा कि वे दोनों फिलहाल कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन कर रहे है और और पृथकवास में है। प्रोटोकॉल के पूरा होने पर 10 फरवरी को वे फिर से टीम में शामिल होंगे।

## रणजी ट्रॉफी लीग चरण 16 फरवरी से आयोजित होगी

**● संशोधित कार्यक्रम जारी**

**भाषा** । नई दिल्ली

**रणजी** ट्रॉफी का लीग चरण 16 फरवरी से पांच मार्च तक बीसीसीआई द्वारा तैयार संशोधित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया जाएगा। इससे भारत में लाल गेंद प्रारूप के घरेलू क्रिकेट की दो साल बाद वापसी होगी। पहले के कार्यक्रम के मुताबिक इसे 13 जनवरी से खेला जाना था। महामारी के कारण पिछले सत्र में टूर्नामेंट को रद्द कर दिया गया था। टूर्नामेंट में 38 टीम भाग लेंगी और इसके मैच सभवत: अहमदाबाद, कोलकाता, त्रिवेंद्रम, कटक, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद और राजकोट में खेले जाएंगे। इसके प्रारूप में हालांकि बदलाव किया गया है और इसमें चार टीम के आठ ग्रुप होंगे, जिसमें प्लेट समूह में छह टीम होंगी। जो टीमें अगले चरण में आगे बढ़ने में विफल रहती हैं, वे मूल प्रारूप में पांच की तुलना में इस बार केवल तीन मैच खेलेंगी, जिससे खिलाड़ियों की मैच फीस प्रभावित होगी।

मार्च 2020 में रणजी ट्रॉफी फाइनल के बाद से भारत में लाल गेंद प्रारूप से राष्ट्रीय स्तर का कोई भी घरेलू मुकाबला नहीं खेला गया है। पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी रद्द होने के कारण मुआवजा पाने वाले घरेलू क्रिकेटरों ने उस समय प्रसन्नता व्यक्त की थी जब बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बीते दिनों घोषणा की थी कि इस टूर्नामेंट का आयोजन दो चरणों में होगा। इसके नॉकआउट चरण के मैच जून में खेले जाएंगे।

अपने समृद्ध इतिहास में पहली बार रद्द हुई रणजी ट्रॉफी खिलाड़ियों, मैच अधिकारियों और मैदान कर्मियों की वित्तीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

## धीरज का बीसीसीआई के महाप्रबंधक पद से इस्तीफा

**भाषा** । नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के खेल विकास महाप्रबंधक धीरज मल्होत्रा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है और उनके आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स में लौटने की संभावना है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने इस खबर की पुष्टि की। इस अधिकारी ने बताया कि उन्होंने जनवरी के पहले सप्ताह में अपना इस्तीफा दे दिया है।

मल्होत्रा को बीसीसीआई ने पिछले साल फरवरी में भारत के पूर्व खिलाड़ी और चयनकर्ता सबा करीम की जगह नियुक्त किया था। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) के रूप में काम किया है और यह पता चला है कि वह एक बड़ी भूमिका में फ्रेंचाइजी में वापसी कर सकते हैं। मल्होत्रा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद में भी वरिष्ठ पदों पर रह चुके हैं।

## इंग्लैंड के खिलाफ इतिहास रचने उतरेगा अफगानिस्तान

**● अंडर-19 विश्व कप का पहला सेमीफाइनल आज**

**भाषा** । नॉर्थ साउंड (एंटीगा)

अफगानिस्तान की टीम अंडर-19 विश्व कप के लिए देर से पहुंची जिसके बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को उसके ग्रुप चरण के मुकाबलों का कार्यक्रम बदलना पड़ा लेकिन टीम ने सेमीफाइनल में पहुंचकर खेल की वैश्विक संचालन संस्था के कार्यक्रम में बदलाव के फैसले को साबित किया और अब टीम मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ इतिहास रचने के इरादे से उतरेगी।

अफगानिस्तान की टीम को अपने देश में कई मसलों का सामना करना पड़ा है जिसमें जंग भी शामिल है। अफगानिस्तान की टीम कभी अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में जगह नहीं बना पाई है और अगर सेमीफाइनल में इंग्लैंड को हरा देती है तो इतिहास रच देगी। वीजा से जुड़े मुद्दों के कारण टीम समय पर टूर्नामेंट के लिए नहीं पहुंच सकी। टीम का अंतिम चार तक का सफर भी हालांकि कम नाटकीय नहीं रहा।

क्वार्टर फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान की टीम सिर्फ 134 रन ही बना सकी थी। एंटीगा के कूलिज क्रिकेट ग्राउंड पर हालांकि टीम के गेंदबाजों ने जादू चलाते हुए श्रीलंका को 46 ओवर में 130 रन पर ढेर करके जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज की यात्रा के लिए जरूरी स्वीकृति हासिल करने के बाद अफगानिस्तान ने ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने तीनों मैच जीते। अफगानिस्तान की टीम ने सिर्फ दूसरी बार अंडर-19 विश्व कप के सुपर लीग सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

## मिस्र और सेनेगल सेमीफाइनल में

**अफ्रीकन कप**

**एपी** । याओंडे (**कैमरून**)

**मोहम्मद** सालाह के बराबरी के गोल से वापसी करने वाले मिस्र ने ट्रेज्गवेट के अतिरिक्त समय में किए गए गोल की बदौलत मोरक्को को 2-1 गोल से हराकर अफ्रीकन कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

सोफाइन बोफाल के सातवें मिनट में पेनल्टी पर किए गए गोल से मिस्र पिछड़ गया था। मोरक्को मध्यांतर तक 1-0 से आगे था लेकिन मिस्र के कप्तान सालाह ने 53वें मिनट में ट्रेज्गवेट के क्रास पर गोल करके स्कोर 1-1 गोल से बराबर कर दिया।मैच अतिरिक्त समय तक खिंच गया।

मिस्र को इस दौरान तीसरी पसंद के गोलकीपर मोहम्मद सोबी को लेकर खेलना पड़ा क्योंकि मोहम्मद अबोह गाबल चोटिल हो गए थे। गाबल को पहली पसंद के गोलकीपर मोहम्मद अल शेनावी के स्थान पर लिया गया था। लेकिन सोबी के मैदान पर उतरने के चार मिनट बाद सालाह के प्रयास से ट्रेज्गवेट ने निर्णायक गोल दाग दिया। मिस्र सेमीफाइनल में मेजबान कैमरून का सामना करेगा जबकि दूसरा सेमीफाइनल सेनेगल और बुर्किना फासो के बीच खेला जाएगा। सेनेगल ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में इक्वेटोरियल गिनी को 3-1 गोल से हराया।

### हार के बाद ट्यूनीशिया ने कोच को बर्खास्त किया

**ट्यूनिस**। ट्यूनीशिया फुटबॉल महासंघ ने अपनी टीम की अफ्रीकन कप के क्वार्टर फाइनल में हार के बाद मुख्य कोच मोंडेर केबीयर को बर्खास्त कर दिया। महासंघ ने कहा कि उनके स्थान पर सहायक कोच जालेज कादरी को मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। कादरी की देखरेख में ही ट्यूनीशिया मार्च में माली के खिलाफ विश्व कप के क्वालीफाईंग मैच खेलेगा। ट्यूनीशिया ने कैमरून में चल रहे अफ्रीकन कप के अंतिम 16 में नाईजीरिया को हराया था लेकिन शनिवार को क्वार्टर फाइनल में उसे बुर्किना फासो से 0-1 गोल से हार का सामना करना पड़ा था। ट्यूनीशिया ने तीसरे स्थान की टीम के रूप में नॉकआउट में जगह बनाई थी।

### एरिक्सन सात महीने बाद करेंगे मैदान पर वापसी

**लंदन**। यूरोपीय चैंपियनशिप के एक मैच के दौरान दिल का दौरा पड़ने के कारण सात महीने तक खेल से दूर रहे डेनमार्क के क्रिस्टियन एरिक्सन अब इंग्लिश प्रीमियर लीग क्लब ब्रेंटफोर्ड की तरफ से प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी करने के लिए तैयार हैं। एरिक्सन पिछले साल 12 जून को डेनमार्क और फिनलैंड के बीच कोपेनहेगेन में खेले जा रहे मैच के दौरान मैदान पर गिर गए थे।

## युकी भांबरी टाटा ओपन टेनिस के दूसरे दौर में

**पुणे**। भारत के युकी भांबरी ने सोमवार को यहां पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए टाटा ओपन महाराष्ट्र टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के पहले दौर में स्लोवाकिया के जोजेफ कोवालिक को हराया।

दक्षिण एशिया के एकमात्र एटीपी 250 प्रतियोगिता के मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश पाने वाले 29 साल के युकी ने पहले दौर के मुकाबले में 6-7 (10), 6-2, 7-5 से जीत दर्ज की।

कड़े मुकाबले के बाद पहला सेट गंवाने वाले दुनिया के पूर्व नंबर एक जूनियर खिलाड़ी युकी ने दूसरे सेट में अच्छी शुरुआत करते हुए 2-0 की बढ़त बनाई। उन्होंने चोट के कारण दो साल के ब्रेक के बाद हाल में अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर वापसी की है। युकी ने लय हासिल करने के बाद कोवालिक को कोई मौका नहीं दिया और दूसरा सेट जीतकर स्कोर 1-1 कर दिया। तीसरे और निर्णायक सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली लेकिन युकी ने धैर्य कायम रखा।

## जेसन होल्डर ने चार गेंदों पर लिए चार विकेट

**● वेस्टइंडीज ने आखिरी मैच में इंग्लैंड को 17 रन से हराकर टी-20 सीरीज 3-2 से जीती**

**एपी** । ब्रिजटाउन (बारबाडोस)

**तेज** गेंदबाज जैसन होल्डर ने आखिर ओवर में चार गेंदों पर चार विकेट चटकाए जिससे वेस्टइंडीज ने पांचवें और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को 17 रन से हराकर श्रृंखला 3-2 से अपने नाम की। वेस्टइंडीज ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 179 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 19.5 ओवर में 162 रन पर आउट हो गई।

इंग्लैंड का स्कोर 19 ओवर के बाद छह विकेट पर 160 रन था और उसे 20 रन की जरूरत थी। होल्डर ने अंतिम ओवर में पहले क्रिस जोर्डन (सात) को सीमा रेखा पर कैच कराया



और फिर सैम बिलिंग्स (28 गेंदों पर 41 रन) को आउट किया। इसके बाद उन्होंने अगली दो गेंदों पर आदिल राशिद और साकिब महमूद को पवेलियन भेजा। महमूद को बोल्ड करने के साथ ही होल्डर चार गेंदों पर चार विकेट लेने वाले विशेष क्लब में शामिल हो गए। उनसे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में लसिथ मलिंगा, राशिद खान और कर्टिस कैंपर ने यह कारनामा किया था।

होल्डर को पांच गेंद पर पांचवां विकेट लेने का मौका नहीं मिला, क्योंकि इंग्लैंड की पूरी टीम आउट हो चुकी थी। इस आलराउंडर ने 2.5 ओवर में 27 रन देकर पांच विकेट लिए। इंग्लैंड की तरफ से जेम्स विन्से ने 35 गेंदों पर सर्वाधिक 55 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से होल्डर से पहले बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन ने कमाल दिखाया और चार ओवर में 30 रन देकर चार विकेट लिए। इससे पहले वेस्टइंडीज को इंग्लैंड के स्पिनरों ने परेशान किया लेकिन कप्तान कीरोन पोलार्ड (25 गेंदों पर नाबाद 41) और रोवमैन पावेल (17 गेंदों पर नाबाद 35 के बीच पांचवें विकेट के लिए 74 रन की अटूट साझेदारी से वह चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में सफल रहा।

इन दोनों ने अंतिम चार ओवरों में 66 रन जोड़े। इंग्लैंड के तीनों स्पिनरों राशिद (चार ओवर में 17 रन देकर दो), लियाम लिविंगस्टोन (तीन ओवर में 17 रन देकर दो) और मोईन अली (तीन ओवर में 20 रन) ने 10 ओवर में केवल 54 रन दिए।

### वेस्टइंडीज की टी-20 टीम से हेटमायर बाहर

**सेंट जोंस**। आक्रामक बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर को फिटनेस से जुड़े मसलों के कारण भारत के खिलाफ होने वाली टी-20 श्रृंखला के लिए भी वेस्टइंडीज की टीम में नहीं चुना गया है।

वेस्टइंडीज ने भारत में 16 फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए कीरोन पोलार्ड की अगुवाई में उसी 16 सदस्यीय टीम का चयन किया है जिसने घरेलू धरती पर पांच मैचों की श्रृंखला में इंग्लैंड को हराया।

**टीम** : कीरोन पोलार्ड (कप्तान), निकोलस पूरन, फैबियन एलन, डैरेन ब्रावो, रोस्टन चेज, शेल्डन कॉटरेल, डोमिनिक ड्रेक्स, जैसन होल्डर, शाई होप, अकील हुसैन, ब्रैंडन किंग, रोवमैन पॉवेल, रोमारियो शेफर्ड, ओडियन स्मिथ, काइल मेयर्स, हेडन वॉल्श जूनियर।